सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 303



12 स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## 3,469
## माध्यमिक शिक्षकों का
# नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 19 मई, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : टाना भगत इंडोर स्टेडियम,
खेलगांव होटवार, रांची



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 297722 (IPRD) 23-24

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
19.05.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 303

12 स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

## न्यूज डायरी

### एक जून से बढ़ जायेंगी राज्य में बिजली की दरें

**रांची।** झारखंड में एक जून से बिजली की दरें बढ़ जायेगी। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बिजली टैरिफ पर जनसुनवाई सहित अन्य सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। मई के अंतिम सप्ताह में किसी भी दिन झारखंड विद्युत नियामक आयोग नया बिजली टैरिफ ऑर्डर जारी करने की संभावना है। यह बढ़ोतरी वर्तमान बिजली दर से 25 पैसे लेकर 75 पैसे प्रति यूनिट तक हो सकती है।

### छवि रंजन ने पत्नी-बच्ची से मिलने की मांगी इजाजत

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन ने पीएमएलए कोर्ट में एक याचिका दायर की है। छवि अपनी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मिलना चाहते हैं। इसकी अनुमति के लिए दाखिल याचिका पर अब सुनवाई 22 मई को होगी।

### वंदे भारत ट्रेन देश की गति-प्रगति का प्रतीक

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत रेल गाड़ी को देश की गति और प्रगति का प्रतीक बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह गाड़ी जब किसी स्टेशन से गुजरती है, तब वहां इस गाड़ी में आधुनिक एवं प्रगतिशील भारत दिखाई देता है।

### बंगाल में जल्द रिलीज होगी द केरल स्टोरी

**पश्चिम बंगाल।** राज्य में फिल्म 'द केरल स्टोरी' के रिलीज होने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने के पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है।

### इस साल कहीं कम कहीं अधिक बारिश

**नयी दिल्ली।** मौसम पूर्वानुमान एजेंसी साऊथ एशियन सीजनल क्लाइमेट आऊटलुक फोरम ने कहा कि भारत की 18.6 प्रतिशत आबादी को इस साल सामान्य से कम और 12.7 प्रतिशत आबादी को सामान्य से अधिक बारिश का सामना करना पड़ सकता है।

### खूंटी में डायन बताकर एक महिला की हत्या

**खूंटी।** खूंटी थानांतर्गत बारूडीह की वृद्धा कैरी मुंडू (70) की बुधवार को गांव में ही लाठी से पीटकर हत्या कर दी गयी। हत्या के नामजद आरोपी राजन मुंडू (30) को खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने गिरफ्तार कर लिया है।

### जैक जल्द जारी करेगा मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मैट्रिक और इंटर का परीक्षा परिणाम जल्द जारी करेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रिजल्ट 20 या 21 मई को जारी होने की संभावना है। 14 मार्च से तीन अप्रैल के बीच मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में आठ लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

### जातीय जनगणना में बिहार को राहत नहीं

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बिहार की जाति आधारित गणना का मामला पटना हाईकोर्ट पर छोड़ दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा कि हाइकोर्ट के फैसले का इंतजार करें। हाईकोर्ट 3 जुलाई को फैसला नहीं देगा तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को यहां दलील सुनेगा।

### गिरिडीह में ट्रेन से कट नाबालिग ने दी जान

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना के भंडारीडीह में 10वीं की छात्रा सुबी परवीन (16) ने गुरुवार को ट्रेन से कटकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलाईडीह निवासी सुबी ने गिरिडीह मधुपुर रेलखंड पर भंडारीडीह के समीप से कटकर अपनी जान दे दी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## डोरंडा में बड़ा पूजा महोत्सव शुरू



फोटो : समीर

## टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान भारत और फ्रांस के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है। फ्रांस की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने फ्रांस के राष्ट्रपति की ओर से मंगलवार शाम सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर एन चंद्रशेखरन को प्रदान किया।

टाटा समूह ने एक ट्वीट किया है कि हमारे अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन को फ्रांस की यूरोप और विदेश मामलों की मंत्री कैथरीन कोलोना ने शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनर से सम्मानित किया है। भारत और फ्रान्स के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें फ्रान्स का यह सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है। पुरस्कार देने के बाद कोलोना ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि टाटा समूह की कंपनियां फ्रेंको-इंडियन साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुझे फ्रांस के राष्ट्रपति की ओर से टाटा समूह के सीईओ को शेवेलियर डे ला लीजन डी हॉनरल का प्रतीक चिह्न प्रदान करने की खुशी है। प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के मित्र हैं।

भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने भी ट्विटर पर इसे लेकर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, प्रिय नटराजन चंद्रशेखरन, आप फ्रान्स के सच्चे मित्र हैं। (शेष पेज 11 पर)

कर्नाटक सस्पेंस खत्म : 20 को शपथ ग्रहण समारोह

## सिद्धारमैया सीएम व डीके डिप्टी सीएम पद संभालेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली, बेंगलुरू।** कर्नाटक में सियासी तस्वीर को साफ करते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को ऐलान किया कि कर्नाटक की सत्ता का ताज सिद्धारमैया के सिर पर सजेगा। वहीं प्रदेश पार्टी अध्यक्ष डीके शिवकुमार नयी सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री कौन होगा इस पर संशय खत्म हो गया है। बेंगलुरू में 20 मई को शपथ ग्रहण का आयोजन होगा। कई दिनों तक चली अनिश्चितता पर विराम लगाते हुए पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह घोषणा की। गतिरोध को खत्म करने में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सतत प्रयास के साथ ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिवकुमार उस समय नरम पड़े जब खरगे और विशेषकर सोनिया गांधी ने उन्हें पूरा सम्मान मिलने और सभी चिंताओं का निराकरण करने का विश्वास दिलाया।

**अड़ गये थे शिवकुमार :** कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, शिवकुमार मुख्यमंत्री पद को लेकर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि उन्होंने तीन वर्ष तक मेहनत की है और पार्टी को उनके अध्यक्ष रहते शानदार जीत मिली है, ऐसे में उन्हें सबसे महत्वपूर्ण पद मिलना चाहिए। (शेष पेज 11 पर)



### शनिवार को शपथ ग्रहण

कांग्रेस के कर्नाटक मामलों के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि 20 मई को बेंगलुरु में शपथग्रहण होगा। सिद्धारमैया और शिवकुमार के साथ कई और मंत्री भी शपथ लेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कि शपथ ग्रहण समारोह में समान विचारधारा वाले दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। सिद्धारमैया और शिवकुमार को कर्नाटक में कांग्रेस के लिए बड़ी 'पूंजी' बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों की जोड़ी का विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने यह भी कहा कि शिवकुमार उपमुख्यमंत्री होने के साथ अगले लोकसभा चुनाव तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर भी बने रहेंगे।

## मोदी ने रिजिजू, बघेल और मेघवाल के विभाग बदले

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में थोड़ा बदलाव किया है। विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू, इसी विभाग में राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल और संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन मेघवाल के विभागों में बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति भवन की गुरुवार को यहां जारी दो अलग-अलग विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मंत्रियों के बीच कुछ विभागों के पुनर्आवंटन का निर्देश दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का कार्यभार श्री रिजिजू को सौंपा गया है। वहीं मेघवाल को रिजिजू के स्थान पर उनके मौजूदा विभागों के अलावा विधि एवं न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा है। श्री बघेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया है। न्यायिक नियुक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के साथ लगातार टकराव का सामना करने वाले रिजिजू 7 जुलाई 2021 को कानून मंत्री बने थे। उस समय खेल मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री रिजिजू को भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के इस्तीफे के बाद यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी मिली थी। रिजिजू ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां करने की कॉलेजियम प्रणाली भारत के संविधान से अलग है।

## सीएम आज सौंपेंगे 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

- स्थानीय भाषा के शिक्षकों की भी हो रही नियुक्ति
- माध्यमिक शिक्षा के सशक्तीकरण में बढ़ते कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य भर में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शुभारंभ के बाद राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था में नयी कड़ी जोड़ने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को 3,469 माध्यमिक शिक्षकों को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्त होने वाले सभी शिक्षक राज्य भर के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित किये जायेंगे। स्कूलों में बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा देने के लिये स्थानीय भाषा के शिक्षकों को भी नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इनमें संताली, मुंडारी, कुड़ुख एवं अन्य भाषा शामिल हैं।

**रांची और पूर्वी सिंहभूम को सर्वाधिक शिक्षक :** जिलावार शिक्षकों की जरुरतों को देखते हुए सरकार उन्हें प्रस्थापित करने जा रही है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों यथा इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 779, संस्कृत में 398, भूगोल में 341, हिन्दी में 337, अर्थशास्त्र में 260, गणित एवं भौतिकी में 268, अंग्रेजी में 249, जीव एवं रसायन विज्ञान में 232, शारीरिक शिक्षा में 184, वाणिज्य में 118, संगीत में 97, उर्दू में 27, गृह विज्ञान में 50, संथाली में 42, बांग्ला में 29, कुड़ुख में 28, नागपुरी में 11, मुंडारी में 11, कुरमाली 04, उड़िया में 02, पंचपरगनिया में 01 तथा हो विषय में 01 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित होगा। जबकि रांची में सर्वाधिक 279, पूर्वी सिंहभूम में 263, धनबाद 240, सरायकेला-खरसावां में 230, गोड्डा में 228, पश्चिमी सिंहभूम में 200 समेत कुल 3, 469 शिक्षकों को राज्य भर के स्कूलों में पदास्थापित किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### दिल्ली में झारखंड के हक का मुद्दा उठायेंगे सीएम

27 को नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे



**रांची।** राष्ट्रीय नीति आयोग की 27 को दिल्ली में होने वाली बैठक में झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह शामिल होंगे। इसमें झारखंड सरकार का बकाया, कोयला रॉयल्टी सहित कई मुद्दों को फिर से गंभीरता से रखा जायेगा। सात महीने पहले हुई नीति आयोग के उपाध्यक्ष के साथ बैठक में भी झारखंड सरकार ने कई मुद्दों को उठाया था लेकिन इसको लेकर अभी तक कोई पहल केंद्र सरकार ने नहीं की है। इसलिए यह बैठक काफी अहम है। झारखंड सरकार की कई परियोजनाएं केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सरकार ने जल्द से जल्द इन परियोजनाओं पर सहमति की मांग की है, ताकि झारखंड के विकास की रफ्तार तेज हो सके। साथ ही केंद्र सरकार से बकाया चुकाने की मांग की जायेगी। जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 1880 करोड़ रुपये बकाया, कोयला कंपनियों द्वारा राज्य में 53 हजार एकड़ जमीन का इस्तेमाल के एवज में बतौर टैक्स आठ हजार करोड़ रुपये की मांग की जा सकती है।

## लैंड पर जॉब घोटाला : इडी के सामने पेश हुईं राबड़ी

**नयी दिल्ली, पटना।** रेलवे में फर्जी तरीके से नियुक्ति देने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के दफ्तर में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से गुरुवार को घंटों पूछताछ की गयी। वह सुबह 11 बजे ही ईडी दफ्तर पहुंच गयीं थी। जहां उनसे घोटाले से संबंधित सवालों का सामना करना पड़ा। इस मामले में सीबीआइ और ईडी ने इनके करीबियों पर पूरी तरह शिकंजा कस दिया है। बरामद सबूतों के आधार पर पूछताछ हुई। लालू यादव और राबड़ी देवी दोनों अभी दिल्ली में ही हैं। दिल्ली में ईडी ने राबड़ी से अकेले में पूछताछ की है। गौरतलब है कि इडी ने लालू के करीबियों से लगभग पूछताछ कर ली है। लालू के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन घोटाले का आरोप है। सीबीआई ने भी अक्टूबर 2022 में लालू और राबड़ी समेत 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इडी ने भी इससे संबंधित लालू और राबड़ी के करीबियों के ठिकानों पर छापा मार तमाम तथ्य और सबूत जुटाये हैं। आरोप पत्र में लालू की दो बेटियां मीसा भारती और हेमा यादव भी शामिल हैं। सीबीआई के आरोप पत्र के मुताबिक ग्रुप डी में 12 लोगों को नौकरी दी गयी। बदले में अभ्यर्थियों से 1 लाख 5 हजार 292 वर्ग फीट जमीन लिखवायी गयी। सीबीआई ने दो दिन पहले भी लालू के करीबी राजद नेता राज्यसभा सांसद प्रेमचंद गुप्ता और राजद विधायक किरण देवी के ठिकानों पर छापा मारा था।

## हाइकोर्ट ने नक्शा मंजूरी पर से रोक हटायी

### अब 30 दिनों में होगा पास, सरकार को कई निर्देश

- नक्शा स्वीकृति पर नगर निगम और आरआरडीए पर रोक थी
- अब नगर विकास विभाग जल्द जारी करेगा गाइडलाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में नक्शा पास करने के लिए अवैध वसूली करने मामले में स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम और आरआरडीए से नक्शा पास किये जाने पर लगी रोक हटा दी है। इस बावत हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कई निर्देश भी दिये हैं। मसलन, 30 दिन के भीतर नक्शा स्वीकृति की प्रकिया पूरी होनी चाहिए। हाइकोर्ट के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग गाइडलाइन जारी करेगा उसके बाद स्वीकृति शुरू होगी।

**अगली सुनवाई 30 जून को :** कोर्ट ने लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव और राधिका शाहदेव की गिफ्ट डीड से जुड़ी हस्तक्षेप याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 30 जून निर्धारित की है। नगर निगम की ओर से प्रशांत कुमार सिंह और एलसीएन शाहदेव जबकि याचिकार्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने पक्ष रखा। (शेष पेज 11 पर)



### लोगों को बड़ी राहत

हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद रांची एवं आसपास के लोगों को बड़ी राहत मिली है। चैंबर ने भी अदालत के इस फैसले का स्वागत किया है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा। दरअसल, नक्शा स्वीकृति में पैसे के खेल का आरोप लगने पर कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए इसपर रोक लगा दी थी। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नक्शा स्वीकृति के दौरान होने वाली कई पेचिदगियों को शिथिल कर दिया गया है। अब नक्शा स्वीकृति से पहले मैप की ऑनलाइन जांच होगी।

## 30 तक न्यायिक हिरासत में जेल गया अमन श्रीवास्तव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एटीएस के हाथों दबोचा गया कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को गुरुवार को एटीएस की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। अदालत ने उसकी अगली पेशी की तारीख 30 मई निर्धारित की है। यह पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। झारखंड एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को मंगलवार को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। साथ ही, उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बुधवार को रांची लाया गया था। ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। झारखंड पुलिस की आंतकवाद निरोधक दस्ता ने 17 जनवरी 2022 को अमन श्रीवास्तव समेत उसके गैंग के 16 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में वह फरार चल रहा था।

- गैंगस्टर के पुलिस रिमांड पर आज होगी सुनवाई



**पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई आज :** एटीएस गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव से उसके काले कारनामों का खुलासा करने के लिए उससे पूछताछ करेगी। (शेष पेज 11 पर)

### इमरान ने चेताया- एक और टूट की ओर बढ़ रहा है पाक, सेना बोली

## दो ही विकल्प, लंदन भागो या फांसी का सामना करो

- आतंकियों को निकालने को ऑपरेशन जमान पार्क की तैयारी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** लाहौर में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान इमरान खान के घर में छिपे आतंकियों को सौंपने की अल्टीमेटम की अवधि खत्म हो गया है। इमरान खान अपने जमान खान वाले घर में मौजूद हैं और उनके आसपास बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है।

फौजी जवान भी वहां पहुंच गये हैं। आपरेशन की तैयारी कर ली गयी है। इसका नाम 'ऑपरेशन जमान पार्क' दिया गया है। पाक सेना के अनुसार इमरान के पास दो ही विकल्प हैं। या तो लंदन भागो या फांसी का सामना करो। वहीं पूर्व पीएम ने एक वीडीओ जारी कर 1971 की याद दिलायी और कहा कि ऐसे में पाकिस्तान का एक और टूट संभव है। पाकिस्तान, तबाही की तरफ बढ़ रहा है और पूर्वी पाकिस्तान (मौजूदा बांग्लादेश)



जैसी स्थितियां फिर पैदा हो सकती हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान की सत्ताधारी गठबंधन पर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ऐसे में लोग आशंका जता रहे हैं कि अब पाकिस्तान की शहबाज सरकार और इमरान खान के बीच आर-पार की जंग के आसार बढ़ गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

### हिंसा को दोहराने नहीं देंगे : आर्मी चीफ

पाक आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने नौ मई को हिंसा भड़काने वालों को चेतावनी दी है कि नौ मई की हिंसा को भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सियालकोट गैरिसन के दौरे पर आए सेना प्रमुख ने यह बात कही। आर्मी चीफ ने कहा, किसी को भी हमारे शहीदों और उनके स्मारकों का अनादर करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। वे सशस्त्र बलों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सरकारी अधिकारियों और पाकिस्तान की जनता के लिए प्रेरणा और गर्व के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि नौ मई के 'ब्लैक डे' पर देश को शर्मसार करने के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को निश्चित रूप से न्याय के कटघरे में लाया जायेगा।

## जिस जेल के कभी सुपरिटेंडेट थे अनिल, अब उसी के हैं कैदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** मंडल कारा में बंद आईएएस अनिल कुमार वर्ष नवंबर 2009 से अक्टूबर 2010 तक जेल सुपरिटेंडेंट हुआ करते थे। इनका शासन कैदियों पर चला करता था। आज समय का रुख ऐसा हुआ कि जिसे जेल के लोग कैदी या अन्य कर्मी सलामी देते थे आज वो जेल में कैदी बनकर पहुंचे हैं। अनिल कुमार तीन साल तक साहिबगंज कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इस पद पर रहते कई पद पर प्रभार पर थे, जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायती पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदों पर प्रभार में रहकर काम कर रहे थे। जेल में बंद आइएएस अनिल कुमार की रात बड़ी मुश्किल से कट रही है। रात को देर रात होने पर सोने की कोशिश करते हैं। जेल प्रबंधक के खाना देने पर खाना आधा अधूरा खाकर छोड़ देते हैं। अनिल ने डायबिटीज और इंसुलिन बढ़ने की शिकायत की है। भोजन में चावल और आलू नहीं देने की जेल अधीक्षक से गुजारिश की है। संभवतः आज डॉक्टर से उनका हेल्थ चेकअप कराया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### हरिहरगंज में पूर्व विधायक अमित महतो ने लगायी दौड़



**हरिहरगंज(प्रतिनिधि )।** सिल्ली विधानसभा के पूर्व विधायक अमित महतो द्वारा पिछले 11 फरवरी से खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने को मांग को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन सभी विधानसभा में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को 1932 के खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति की मांग को लेकर युवा नेता राजगौरव उर्फ छोटू सिंह के नेतृत्व में स्थानीय धावकों के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगायी। इसमें सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो भी शामिल रहे। हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा में मैराथन दौड़ की शुरूआत हरिहरगंज एनएच 98 तेंदुआ स्थित बाबा भोलेनाथ कार्यालय से किया गया। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदेश भर में मैराथन दौड़ लगाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार और पूर्व की एनडीए सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि दोनों ने झारखंड के लोगों को उपेक्षित रखा है। राज्य गठन के 22 साल बाद भी खतियान आधारित नियोजन और स्थानीय नीति का निर्धारण नहीं हुआ है। जिसके कारण युवाओं को रोजगार से वंचित रहना पड़ रहा है। सत्ता में बैठते ही हेमंत सरकार की सूर बदल गयी है और वे भी पुरानी सरकार के नक्शे कदम पर चल रहे है। इस मौके पर मनोज सिंह, राकेश महतो, विशाल चौधरी, तूफान कुमार, संतोष महतो, नीरज महतो, महेश्वर टूडू सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के लेस्लीगंज-पांकी मुख्य सड़क पर बैरिया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कुराईन पतरा पंचायत के सोंस निवासी रामराज प्रजापति के पुत्र मुकेश प्रजापति उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक मुकेश दो-तीन दिन पूर्व ही पलामू के रामगढ़ प्रखंड के ग्राम कुण्डपानी काम करने गया था और काम पर से ही अपने घर मोटरसाईकिल जिसका नम्बर जेएच 03 एडी 3854 से लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज पुलिस को दी गई और ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलाम्बर पीताम्बरपुर लाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एमएमसीएच मेदिनीनगर में शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### कराटेकार सिद्धेश ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता मेडल



**मेदिनीनगर।** काठमांडू नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय शाखा कजरी के कराटेकार सिद्धेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। साथ में इंटरनेशनल लेबल पर ब्लैक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सिहान सुरेंद्र श्रेष्ठ डिप्टी डायरेक्टर नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा ब्लैक बेल्ट एवं प्रशस्ती-पत्र प्राप्त किया। विदित हो कि सिद्धेश कुमार मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में लंबे समय से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है द्व साथ ही नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी इनके ही नेतृत्व में शामिल हुआ। छात्र के इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने छात्र एवं प्रशिक्षक को बधाई दी। कहा कि पलामू और हमारे विद्यालय के लिए यह गर्व की बात है कि पहली बार हमारे विद्यालय का छात्र अंतरराष्ट्रीय लेवल पर ब्लैक बेल्ट हासिल किया एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा मे भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। हम सभी उम्मीद करते है कि आने वाले समय में पलामू जैसे सुदूरवर्ती पिछड़े इलाके से और भी छात्र प्रेरणा लेकर ढेरों मेडल अपने नाम करे। साथ ही देव ने कहा, कराटेकार सीधेश कुमार को बहुत जल्द विद्यालय प्रबन्धन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### श्री लक्ष्मी महानारायण महायज्ञ की तैयारी में जुटे श्रद्धालु



**सतबरवा पलामू।** रामघाट सतबरवा मंदिर प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी में श्रद्धालु जुट गए हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार बाबा ने बताया कि यज्ञ मंडप निर्माण को अंतिम रुप दिया जा रहा है। 21 मई 2023 को महाध्वज पूजा, 30 मई को भव्य कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश तथा 1 जून को देवपूजा, 2 जून को लक्ष्मीनारायण सहस्त्र अर्चना तथा 3 जून 2023 को पूजन यज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया गया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 मई से 3 जून तक रात्री में भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ को योगाचार्य वाचस्पति शास्त्री जी के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें यज्ञ समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार, उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद, कोषाध्यक्ष अजय प्रसाद, सचिव ददन, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद, निगरानी मंत्री कृष्णा पासवान है। वही संयोजक सुदेश्वर सिंह,महामंत्री प्रेमचंद, सदस्य श्रवण, राजेश, कंचन, अभय, झूलन चौधरी, शंकर पासवान बनाएं गए हैं।

### देश का गरीब तबका है मोदी जी के साथ : आदित्य साहु




मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी पलामू की जिला कार्यसमिति बैठक भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी विनय जायसवाल मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय नन्द पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। मौके पर आदित्य साहू ने कहा कि देश आजाद होने के बाद पहली बार देश में 9 वर्षो से गैर कांग्रेसी सरकार है। जिसकी सराहना देश मे ही नही बल्कि विदेशों में होती है। 30 मई को नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे हो रहें हैं। जिसके उपलक्ष्य में पार्टी के सभी स्तर के नेता एवं सभी जनप्रतिनिधि घर घर जाकर लोगों का आभार व्यक्त करेंगे एवं मोदी जी के 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों के बारे में लोगों को बताएंगे। ये कार्यक्रम आगामी 30 मई से 30 जून तक चलेगा। जिलाध्यक्ष विजय नन्द पाठक ने कहा कि भाजपा पलामू के कार्यकर्ता एवं नेताओं ने आगामी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कमर कस ली है। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, वरिष्ठ नेता श्यामनारायण दुबे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व सांसद मनोज कुमार, विनोद सिंह, चतरा जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पांडे,विभाकर पांडेय, अविनाश वर्मा, प्रभात भुइयां, विजय ओझा, दुर्गा जोहरी, किसलय तिवारी, अमित सिंह, अजय तिवारी, शिवकुमार मिश्रा, अरविंद गुप्ता, अरविंद सिंह,सुनील पासवान, रामचंद्र यादव,धर्मेंद्र उपाध्याय, ज्योति पांडे,जितेंद्र तिवारी, रूपा सिंह,लवली गुप्ता,सीटू गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, जिला मीडिया प्रभारी संटू सिंह एवं नवेंदु मिश्र, अजय सिंह एवं मनदीप प्रजापति, सोशल मीडिया संयोजक सोमेश सिंह, राकेश दुबे समेत जिले के सभी कार्यसमिति सदस्यगण एवं मंडल अध्यक्षगण उपस्थित थे।

## छठ तालाब का अस्तित्व मिटने नहीं देंगे : डॉ मेहता

अवध किशोर राय राजू

### विधायक ने पूजा-अर्चना कर रथ को किया रवाना



रथ की पूजा करते पांकी विधायक और अन्य।

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुंदरी छठ तालाब भरवाए जाने के बाद ग्रामीणों के साथ अब पांकी विधायक इस आंदोलन में कूद गए हैं। गुरुवार को पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता द्वारा कुंदरी छठ तालाब बचाओ संघर्ष समिति के लोगो के साथ कुंदरी तालाब बचाओ रथ को विधिवत पूजा अर्चना कर पंचायत के गांव में विदा किया। मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि किसी भी हाल में सैकड़ों साल पुराना छठ तलाब का अस्तित्व मिटने नहीं देंगे। यह अभियान के लिए घर-घर में यह रथ को भेजा जा रहा है तथा इस रथ का पूजा पाठ करके लोगों का सहयोग मांगा जा रहा है। उन्होंने बिना तिथि बताये कहा कि पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांव को लेकर कुंदरी तालाब को पुराने अस्तित्व में लाया जाएगा। इसलिए उन्होंने एक नारा भी दिया है कि घर घर से निकलेगा कोड़ी कुदाल तभी होगा छठ घाट का उद्धार। उन्होंने बताया कि आम लोगों में तथा छठ व्रतियों में काफी आक्रोश है। तालाब भरे जाने से आस्था के साथ कुठाराघात किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले जैसा ही तलाब बनाया जाएगा। तलाब के लिए माताएं बहनों का अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रतिमा देवी, अर्चना मौर्य, काशीनाथ विश्वकर्मा, मंटू वर्मा सहित दर्जनों लोग रथ के साथ घर घर पहुंच रहे हैं।

## पुलिस वर्दी में अधिकारी बनकर लूट की घटना को अपराधी देते थे अंजाम, चार लुटेरे गिरफ्तार

नकली पुलिस बनकर पुलिस की छवि को धूमिल किया जा रहा था : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के पिपराटाड थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पुलिस वर्दी धारण कर वाहन चेकिंग के नाम पर राहगीरों को लूटने का काम विगत कई दिनों से कर रहे थे। जिसकी शिकायत पिपराटांड़ थाना को दिया गया। इस पर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने सघन जांच अभियान चलाया। इसके तहत पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के अमानत नदी के समीप गुप्त सूचना के आधार पर अपराधियों की घेराबंदी की गई। जिसमें चार लुटेरे पकड़े गए। जबकि दो लुटेरे भागने में सफल रहे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस के वर्दी में पुलिस अधिकारी बनकर लुटेरे राहगीरों को जंगली क्षेत्र के रास्तों में लूटने का काम करते थे। लुटेरे राहगीरों के समान को यह कह कर लेते थे की हम सभी पुलिस वाले हैं। अपना सामान दे दो सुबह में थाना आकर जांच के बाद ले जाना। एसपी सिन्हा ने बताया कि 17 मई को पिपराटांड़ थाना प्रभारी को छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इन लोगों के पास से 12 बोर का देसी पिस्तौल दो एवं दो गोली, 11 मोबाइल, चितकबरा वर्दी तीन, पांच सेल का टॉर्च एक एवं गांजा पीने वाला एक चिलम बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शमशाद अंसारी पूर्व में हत्या के मामले में जेल जा चुका है। जबकि अखिलेश भुईयां चोरी के कई मामले में जेल जा चुका है। उन्होंने कहा कि नकली पुलिस वालों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिए जाने के कारण पुलिस की छवि जनता के बीच धूमिल हो रही थी। उन्होंने कहा कि नवीन उर्फ मितरंजन सिंह ग्राम भूईया कुरहा सब इंस्पेक्टर बनकर घटना को अंजाम देता था।

## उग्रवादियों के खिलाफ विशेष अभियान चलायें, लंबित कांडों का करें निपटारा : एसपी

### पुलिस अधीक्षक ने जिला स्तरीय अपराध गोष्ठी की समीक्षा की

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने जिला स्तरीय अपराध गोष्ठी की समीक्षा किया। उन्होंने जिला के सभी थानों की समीक्षा करते हुए कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पुलिस इंस्पेक्टर को दिया। उन्होंने गोष्ठी के दौरान अप्रैल माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा किया। साथ ही साथ थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गई कार्रवाई कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा की गई। अप्रैल माह में हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में क्या क्या प्रयास किए गए उसकी गहन समीक्षा किया एवं इन सभी मामलों में अनुसंधान की गति क्या रही है उसकी जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के दृष्टिकोण से मनातू, नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा एवं हरिहरगंज थाना प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। इन सभी थाना प्रभारी द्वारा विशेष सफलता नहीं मिलने को लेकर एसपी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने एक परंपरा की शुरूआत किया। जिसके तहत पूरे माह में जिस पदाधिकारी ने सबसे अच्छा काम किया है उसे महीने का सर्वोत्तम पदाधिकारी ऑफिसर ऑफ द मंथ के रूप में पुरस्कृत करने का कार्य किया गया जायेगा। अप्रैल 2023 के लिए थाना प्रभारी पिपराटांड़ हीरालाल शाह को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। गोष्ठी में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग, छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार, हुसैनाबाद एसडीपीओ पुज्य प्रकाश, लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक टूटी एवं सभी अंचल के पुलिस निरीक्षक के साथ ही साथ जिला के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## पोस्टमार्टम नहीं किये जाने के विरोध में लोगों ने शव के साथ छह मुहान पर किया प्रदर्शन

### शहर थाना प्रभारी एवं टीओपी वन प्रभारी के समझाने पर माने लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए दिन चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण मरीज एवं परिजनों के साथ कोई न कोई अप्रिय घटनाएं घटती ही रहती है। जिस कारण लोग प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहते हैं।

इसी प्रकार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सोस निवासी रामराज प्रजापति का पुत्र मुकेश प्रजापति की मौत सड़क दुर्घटना में बीती रात्रि को हो गई थी। जिसका शव लेस्लीगंज थाना पुलिस ने रात भर अपने कब्जे में रखकर गुरुवार को अहले सुबह अंत्य परीक्षण के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण शव का पोस्टमार्टम दोपह 12 बजे तक नहीं किया गया। पोस्टमार्टम कराने को लेकर मृतक के परिजनों ने सिविल सर्जन एवं अस्पताल अधीक्षक के पास बार-बार गुहार लगाते रहे। लेकिन दोनों अधिकारियों ने परिजनों को झूठा आश्वासन देकर टालते रहे। इससे क्षुब्ध होकर परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम हाउस से उठाकर छह मुहान पर लाकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। जिस कारण आवागमन बाधित हो गया। इस घटना की सूचना पाते के साथी ही टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा सदल बल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

इसके बाद थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया। प्रदर्शन करने वालों में अखिलेश प्रजापति, लल्लन प्रजापति, अनूप प्रजापति व अन्य लोग शामिल थे।

### हुसैनाबाद के मजदूर की खड़गपुर प्लांट में हुई मौत

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के महुदंड पंचायत के कुरदाग गांव के एक मजदूर का मौत प्लांट से गिर कर हो गयी। बंगाल से मृतक मजदूर का शव पैतृक महुदण्ड कुरदाग पंहुचते ही पूरा गांव में चीख व चीत्कार में तब्दील हो गया। मिली ग्रामीण सूत्रों से जानकारी अनुसार कुरदाग गांव निवासी अवधेश यादव उम्र 45 बंगाल खड़गपुर में मजदूरी करने गया था। काम करने के दौरान 9 मई को वे प्लांट से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें कंपनी के तरफ ओडिशा के कटक शहर के एक अस्पताल इलाज कराया जा रहा था। लेकिन अवधेश यादव बुधवार को अपने जिन्दगी से जंग हार गया। उसके पार्थिव शरीर को कुरदाग लाया गया जहां पर अंतिम संस्कार किया गया। अवधेश घर का एक मात्र परिवार पालक सदस्य था। इस घटना पर मुखिया पति शिवशंकर यादव समेत कई बुद्धिजीवियों ने दुःख व्यक्त कर परिवार के लोगो को ढांढस बांधा।

## बस की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने दो घंटे तक एनएच 98 किया जाम

### एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ के आश्वासन के बाद माने जामकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता





**नावाबाजार पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावाबाजार थाना क्षेत्र के सिंजो गांव के पास एक अनियंत्रित बाबा भोलेनाथ बस ने दो बाइक में जोरदार टक्कर मारी।

इस घटना में नावाबाजार के अमन प्रसाद गुप्ता उर्फ छोटू (16) व ऊटारी रोड थाना क्षेत्र के मुरमा कला के चंद्रप्रकाश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना गुरुवार की सुबह 8 बजे की है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक एन एच 98 पथ को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, नावाबाजार बीडीओ अमीर हमजा, सीओ राकेश श्रीवास्तव, थाना प्रभारी दीपक कुमार दास घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने का आश्वासन दिया जिसके बाद करीब 10: 30 बजे जाम हटा। बताया जाता है कि बस नौडीहा बाजार से रांची जा रही थी इसी दौरान सींजो गांव के पास बस अनियंत्रित हो गई। इसी क्रम में एक साथ दो बाइक में जोरदार टक्कर मारी जिससे दोनों बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

### विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चला अभियान, 18 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी



**बिश्रामपुर (पलामू)।** विद्युत विभाग की ओर से बकाये बिल के वसूली व विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। सोमवार को भी विद्युत विभाग के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार के नेतृत्व में रेहला थाना अंतर्गत दबगर मुहल्ला, डंडिला कला, बी मोड़ व गोदरमा कला में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 लोगों का कनेक्शन अवैध पाया गया। इसके अलावा कई बकाया दारों का कनेक्शन काटा गया। अभिषेक कुमार ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध रेहला थाने में 18 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। उन्होंने कहा कि विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान अभी लगातार जारी रहेगा। छापेमारी दल में अजय पांडेय, प्रमोद कुमार वर्मा, अंकित तिवारी, संजीत कुमार यादव सहित विभाग के कई लोग शामिल थे।

### पाटन एमडीएम का 12 बोरा चावल जब्त

पाटन। प्रखंड क्षेत्र के किशुनपुर में एमडीएम का बारह बोरा चावल जब्त किया गया पाटन के किशुनपुर में एक बयवसायी के दुकान के बगल में एमडीएम का का चवल जिसमें सरकारी इसटीकर लगा हुआ था। किसी ने बेचने के लिए रखा था। इसी दौरान उस रखे हुए चावल पर नजर ग्रामीणों कि पड़ी। ग्रामीण ने इसकी जानकारी पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सखी चन्द दास तथा किशुनपुर टीओपी को दिया। सूचना पाते ही सखी चन्द दास एवं पाटन टीओपी प्रभारी नीरज सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर चावल को जब्त कर किशूनपुर टीओपी में ले आई है।

### बैंक कर्मचारी संघ का राज्यस्तरीय द्वितीय त्रिवार्षिक अधिवेशन 27 को

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ का राज्य स्तरीय द्वितीय त्रिवार्षीक अधिवेशन 27 मई को 10 बजे से गुरु नानक स्कूल, पी पी कंपाउंड, रांची के सभागार में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स निदेशक प्रेम मित्तल, नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज, अरेबिया के अध्यक्ष कॉमरेड प्रशान्त चौधरी, नेशनल फेडरेशन ऑफ आरआरबी एम्पलाइज-अरेबिया के महासचिव कॉमरेड शिवकरण द्विवेदी, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के केंद्रीय समिति सदस्य, कॉमरेड एम एल सिंह होंगे। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न होगा। अधिवेशन के प्रथम सत्र खुला सत्र होगा जबकि भोजनावकाश के बाद बंद सत्र होगा। अधिवेशन में पूरे झारखंड के सभी जिलों से लगभग 500 प्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## माहवारी स्वच्छता दिवस शर्म नहीं सम्मान है : सुषमा

सहभागी शिक्षण ट्रस्ट ने माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर छात्राओं को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सहभागी शिक्षण ट्रस्ट द्वारा के जी स्कूल में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। छात्राओं को माहवारी के समय में सफाई के लिए प्रेरित किया गया। जिससे वह कई संक्रमण से सुरक्षित रह सकते है। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विशेषज्ञ नौसबा, कंचन एवं नमिता ने बताया कि हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। लेकिन ग्रीष्म कालिन अवकाश होने के कारण हम सभी आज के दिन ही इसे मना रहे है। इसका उद्देश्य महिलाओं, युवतियों को माहवारी के दिनों में शारीरिक सफाई के प्रति जागरूक करना है। इन दिनों में जरा सी लापरवाही तमाम संक्रमण एवं बीमारियों का कारण बन सकती है। प्राचार्य सुषमा कुमारी ने सभी युवतियों से अपील किया कि मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि माहवारी दिवस शर्म नहीं सम्मान है। विशेषज्ञ नमिता ने कहा कि इस पर शमार्ने की बजाय खुलकर बात करना चाहिए। यदि किसी को किसी प्रकार की कोइ दिक्कत होती है तो वे बिना लेट किये डॉक्टर से मिल कर सलाह लें। नौसबा एवं कंचन ने बताया कि पैड का इस्तेमाल करें और 6 से 8 घंटे में अपना पैड बदल दे। गीले पैड को लंबे समय तक इस्तेमाल से आपकी जांघो व गुप्त अंगों पर लाल चकत्ते पड़ सकते है। इसका बचाव पैड को समय समय पर बदलते रहेने से ही होगा।

### खुलासा : पूर्व मुखिया की क्रय सामग्री पंचायत भवन में उपलब्ध नहीं

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया द्वारा क्रय किया गया समाग्री पंचायत भवन में नहीं है मौजूद। आरटीआई से भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा, आरटीआई कार्यकर्ता ने उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत करकटा पंचायत से संबंधित वर्ष 2010 से 2015 तक का सूचना का मांग किया था। सःसमय सूचना उपलब्ध नहीं होने पर अपीलीय पदाधिकारी आदेश के बाद आधा अधूरा सूचना उपलब्ध कराया गया। शेष सूचना उपलब्ध नहीं होने का सत्यापित प्रति दिया गया है जो भ्रष्टाचार को उजागर करता है। वहीं उपलब्ध कराई गयी सूचना में पूर्व मुखिया उपेंद्र कुशवाहा द्वारा लगभग 3 लाख का क्रय किया गया। सामग्री पंचायत सचिवालय में उपलब्ध नहीं है जो भ्रष्टाचार का बड़ा सबूत है। वहीं दिये गए दस्तावेज में मुखिया ने स्वंय के नाम से चेक काट कर समाग्री धुलाई का भुगतान भी किया है। यहां सोचनीय विषय यह है कि जो सामग्री पंचायत सचिवालय में मौजूद ही नहीं है उसका धुलाई और पैमेंट कैसे किया। इन सभी मामले को जांच हेतु जिले के उपायुक्त, डीडीसी और बीडीओ को लिखित आवेदन दिया है।

## ग्रामीणों ने टीटही स्कूल के शिक्षक के प्रति जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता




**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमाखुर्द पंचायत अंतर्गत टीटही गांव में ग्रामीणों ने गुरुवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय टीटही स्कूल परिसर में पहुंच कर शिक्षक के खिलाफ जमकर विरोध जताया। टीटही गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां स्कूल परिसर में बच्चों को नियमित खान मेनू के अनुसार नहीं मिलता है, कभी मिलता भी है तो कभी 15 से 20 दिनों तक बच्चों को मिलने वाला भोजन गायब भी हो जाता है। आगे ग्रामीणों ने कहा कि इस विधालय में एक शिक्षक के भरोसे पहली से 5वीं क्लास तक के बच्चो की पढ़ाई सही से नहीं हो पाती है। बताते चलें कि कि बच्चे बच्चियों को स्कूल का नाम भी नहीं मालूम है। ग्रामीणों ने एक और शिक्षक की मांग की है। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होनें बताया कि खाना बच्चों के ईच्छा अनुसार व मेनू के अनुसार दिया जाता है। राशन व पैसा नहीं रहने के कारण एमडीएम 15 दिनों से बंद था, लेकिन फिलहाल बच्चों को खाना मिल रहा है। मौके पर यासीन अंसारी, नसीर अंसारी, गाजी अनवर, महमूद अंसारी, शहजाद आलम, मेराज आलम, रोश्तम अंसारी, तहारत हुसैन, पिरमोहम्मद अंसारी, तौकीर अंसारी, महबूब अंसारी, शहीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### पांकी : मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को नर्सिंग होम के सामने रख जमकर किया हंगामा



**पांकी, पलामू।** थाना क्षेत्र के माड़न पंचायत के ग्राम हुसैनी गुरहा के जनता नर्सिंग होम में रामखेलावन भुईयां की 45 वर्षीय रजमतिया देवी की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को नर्सिंग होम के सामने बीच सड़क पर रख जमकर बवाल काटा और नर्सिंग होम में तोड़फोड़ की और मुख्य सड़क को घंटो जाम कर दिया। नर्सिंग होम दवा की भी दुकान है जिसके शटर को गुस्साए भीड़ ने तोड़ दिया और दवा दुकान के शीशे को तोड़ दिया। मृतका पास के ही नावगगढ़ गांव की रहने वाली है। मृतक के परिवार वालों ने बताया की मृतिका का 10 फरवरी को हुसैनी गुरहा गांव के ही अजन्ता क्लीनिक के संचालक झोलाछाप डॉक्टर ललन कुमार सिंह ने महिला का बच्चेदानी का आपरेशन किया गया था। आपरेशन के बाद भी लगातार उसे ब्लीडिंग होता रहा। झोला छाप डॉक्टर द्वारा खून का प्रति यूनिट दस हजार रुपए वसूला जाता था। मृतिका के परिवार के लोग अपने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर प्रति यूनिट की दस हजार की दर से तीन यूनिट ब्लड का तीस हजार रुपए डॉक्टर को भूगतान किया गया। मृतिका को तीन खून चढ़ाया गया। गुरुवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया। मृतका की दो लड़के व तीन लड़कियां हैं। मृतक का पति रामखेलावन भुईयां मेहनत मजदूरी कर परिवार को पालता है। पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव घटना स्थल पहुंचे और शव को अंत्य परीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया।

## डॉ नवाज आलम बने रामगढ़ के आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी

### सभी को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाना प्राथमिकता : डॉ नवाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनियुक्त डॉ नवाज आलम ने आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के रूप में अपना योगदान बुधवार को दिया। योगदान देने के बाद नवाज आलम ने कहा कि यहां के लोगों को निस्वार्थ भाव से सेवा करना ही हमारा पहला कर्तव्य है। मौके पर उपस्थित रामगढ़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन ने डॉ नवाज आलम को बधाई देते हुए कहा कि भगवान का दूसरा रूप डॉक्टर होते हैं। मौके पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने कहा कि रामगढ प्रखंड सुदूरवर्ती क्षेत्र हैं इनके प्रभार से यहां पर अब डॉक्टर की कमी महसूस नहीं होगा। साथ ही ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा। मौके पर रामगढ़ हाई स्कूल के हेडमास्टर महेंद्र प्रसाद, जेपीएस गिरवर उरांव, रामगढ़ पंचायत मुखिया उमाशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल, इम्तियाज अंसारी, दीपक चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, स्वास्थ्य कर्मी ज्योति, टीटीओ पप्पू गुप्ता समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# चापाकल-जलमीनार की युद्धस्तर पर मरम्मत करायें, 72 घंटे में बदले ट्रांसफॉरमर : मिथिलेश ठाकुर

- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री ने 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक को संबोधित किया
- कहा, विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुचाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



समीक्षा बैठक में उपस्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री-सह-जिले के प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक की गई। बैठक में विधायक जुगसलाई मंगल कालिंदी, विधायक बहरागोड़ा समीर महंती एवं अन्य सभी विधायकगण के प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, 20 सूत्री के सदस्य, उपायुक्त विजया जाधव समेत जिले के तमाम विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त द्वारा पिछली बैठक में माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में कृत कार्रवाई से सदन को अवगत कराया गया। सभी विभागों द्वारा बैठक में प्रस्तुत अद्यतन प्रतिवेदन के आधार पर मंत्री द्वारा जिले में क्रियान्वित सरकार के कल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपूर्ति, खनन, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी लिया गया। पेयजल विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या नहीं हो इसके लिए युद्धस्तर पर खराब पड़े जलमीनार एवं चापाकल की मरम्मती करायें। जिले में पेयजल स्त्रोत की मरम्मती के लिए एक्टिव गैंग की उन्होने जानकारी ली, शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर बताया गया कि जहां समस्या है वहां टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में अस्पतालों की भौतिक स्थिति व उपलब्ध मानवबल की समीक्षा की गई। चिकित्सकों की कमी पर उन्होने कहा कि जिले के सभी पीएचसी व सीएचसी में रोस्टर बनाकर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करें। मंत्री को बताया कि पिछले 1 साल से ज्यादा समय से राशन का उठाव नहीं करने वाले करीब 6000 लोगों का कार्ड रद्द किया गया है। मंत्री ने निर्देशित किया कि जांच का दायरा बढ़ायें, राशन नहीं उठाने वालों के साथ साथ लाभुक के मकान की स्थिति, वाहन आदि हो तो इसकी भी जांच कर कार्ड रद्द करें। उन्होने स्पष्ट कहा कि गरीबों के हक पर सक्षम व्यक्ति हकमारी नहीं करें। विद्युत विभाग की समीक्षा में ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर 72 घंटे में बदलने का निर्देश दिया गया। माननीय मंत्री ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 यूनिट फ्री बिजली योजना एवं बिजली बिल माफी योजना को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता लाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ, अपर उपायुक्त, निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, एसओ जेएनएसी, डीएसओ, डीटीओ, एसओआर, डीसीएलआर, जिला योजना पदाधिकारी, ईओ मानगो नगर निगम, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीआरओ (पंचायती राज), डीपीआरओ (जनसंपर्क), सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाऐं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।



**Office of the Executive Engineer Swachh Bharat Mission (Gramin)**
**Drinking Water & Sanitation Committee, Garhwa.**
Near Head Post office, Sahijana More, Garhwa.-822114 Email-eedwsd.garhwa1@gmail.com

**EOI No. :- SBMG Phase-II/DWSC/GOBARDHAN/01/2023-24** **Date-18.05.2023**

**EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of interest (EOI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission-Gramin), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/Community/Goushala in District of Garhwa, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN Scheme.

The **Technical Support Agency** (TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 3 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN Projects, supported be credentials and testimonials in the prescribed online application form and guideline available on following link **garhwa.nic.in.** The guidelines of GOBARDHAN scheme and details can also be viewed on the Garhwa District website: **garhwa.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Gramin) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of interest (EOI) without assigning any reasons whatsoever.

**Last date and time for Submission of bids. 27.05.2023 at 4:00 P.M.**

Executive Engineer, Swachh Bharat Mission (Gramin)
Drinking Water and Sanitation Committee, Garhwa.

PR.NO.297741 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


स्पीड न्यूज

## महिला पहलवानों का उत्पीड़न करने वाले को गिरफ्तार करे सरकार



**जमशेदपुर।** हमारे राष्ट्रीय गौरव, देश की महिला पहलवानों, पर हो रहे अत्याचारों और यौन उत्पीड़न और दोषियों के पक्ष में भाजपा सरकार के संरक्षण और प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रति जनता के सभी तबकों के ध्यान आकर्षित करने के लिए, सीटू किसान सभा, जनवादी महिला समिति, जनवादी नौजवान सभा, खेतिहर मजदूर यूनियन एवं स्टूडेंट फेडरेशन द्वारा गुरुवार को देशव्यापी संयुक्त लामबंदी और विरोध कार्यक्रमों के तहत आज जमशेदपुर में भी बिरसा चौक, साकची में संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कुश्ती फेडरेशन के कुछ अधिकारियों द्वारा अत्याचार, यौन उत्पीड़न और दमन के खिलाफ दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं सहित हमारी महिला पहलवानों के 26 दिनों से चल रहे संघर्ष के प्रति केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार की अहंकारी और जिद्दी निष्क्रियता के खिलाफ जमकर बरसे। वक्ताओं ने बताया कि देश भर में विभिन्न संगठनों तथा तबकों द्वारा संयुक्त और स्वतंत्र विरोध तथा पहलवानों के दृढ़संकल्प संघर्ष के प्रति एकजुटता प्रदर्शन के बावजूद, सत्तावादी केंद्रीय सरकार द्वारा कानून के प्रावधान के उल्लंघन करते हुए दोषियों को इसलिए संरक्षण दिया जा रहा है, क्योंकि उनमें से अधिकांश सत्तारूढ़ दल भाजपा से जुड़े हैं, जिनमें से एक भाजपा सांसद है और दूसरा हरियाणा राज्य सरकार में मंत्री है। सभा में संगठनों द्वारा भाजपा सांसद और भारतीय पहलवान महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह सह तमाम अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अविलंब गिरफ्तारी, संघर्षरत पहलवानों के साथ न्याय की मांगों के साथ-साथ वर्तमान महिला-विरोधी, जन-विरोधी, राष्ट्र-विरोधी सत्तारूढ़ व्यवस्था के खिलाफ देशव्यापी संयुक्त लामबंदी और विरोध कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कॉ गुप्तेश्वर सिंह, नागराजू, लोटन दास, एस उपाध्याय, डी सेन, जे पी सिंह, उषा सिंह, बी देब आदि नेताओं ने अपनी बात रखी।

# ब्रम्हर्षि विकास मंच का सामूहिक उपनयन संस्कार 20 व 21 मई को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा पांचवां सामूहिक उपनयन संस्कार आगामी 20 एवं 21 मई को अमल संघ मैदान सिदगोड़ा में आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर मड़वा का मंडप थे साथ साथ अन्य पंडाल खो अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि मंच द्वारा लगातार 4 बार सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। सामूहिक उपनयन हुलासगंज, बिहार के सुप्रसिद्ध आचार्य डॉ रंगेश शर्मा एवं उनके 5 सदस्यीय विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के लिए बरुआ का निबंधन जारी है। कार्यक्रम में 21 मई को मुख्य अतिथि के रूप में बनारस के सुप्रसिद्ध दंडी स्वामी अनंत्तानंद सरस्वती जी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ नागेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। मंच के महासचिव योगेंद्र मौआर ने बताया कि उपनयन कराने के लिए प्रत्येक बरूआ द्वारा मात्र 5100 रू कमिटी के पास जमा करना होगा। इसके बाद उपनयन का सारा खर्च कमिटी द्वारा वहन की जाएगी। बरूआ के परिवार को किसी भी प्रकार का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय ने बताया कि आपको पंजीयन के पश्चात परिजनों के साथ सिर्फ बरुआ लेकर आना है इस संस्कार के लिए आवश्यक सभी सामग्रियों जैसे पूजन सामग्री परवाह के लिए खड़ाऊं, पीला अंग वस्त्र गंजी जांघिया कुर्ता पायजामा तोलिया टोपी आदि मंच द्वारा ही उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा बरूआ के परिवार के सभी सदस्यों का ठहरने से लेकर नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था कमिटी के द्वारा की जाएगी। 20 मई को दिन के 11 बजे उद्घाटन समारोह, अपरान्ह 12 बजे मंडपाछादन, 2 बजे अपरान्ह से सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं कलश स्थापना, 3 बजे अपरान्ह मटकोर, 4 बजे अपरान्ह हल्दी, संध्या 6 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से भतखई होगी। 21 मई को प्रातः 8 बजे से मुंडन एवं उपनयन, संध्या 5 बजे से संस्कार पर प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन किया जाएगा।

**बरुआ के निबंधन के लिए इन नंबरों पर करें कॉल :** कार्यक्रम की तैयारी के लिए केंद्रीय कमिटी द्वारा प्रत्येक क्षेत्रीय इकाईयों में लगातार बैठकें की जा रही है। बरूआ के निबंधन के लिए 9431754349, 9431117847, 8789842199, 7004300927 पर संपर्क कर सकते हैं।

**फिजूलखर्ची रोकना आयोजन का उद्देश्य :** ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर का सामूहिक उपनयन संस्कार एक ऐसा आयोजन है इसे जुड़कर ब्रह्मर्षि समाज के लोग फिजूलखर्ची रोक सकते हैं, समय बचा सकते हैं और समाज में समरसता एकजुटता के साथ-साथ अपनी संस्कृति बचाने का काम कर सकते हैं।

# राकेश्वर पांडेय छठी बार चुने गये जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट यूनियन के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को जेसीपी एंप्लाइज यूनियन नुवोको सीमेंट की वार्षिक आम सभा जोजोबेरा सीमेंट प्लांट परिसर स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई । सर्वप्रथम पिछले कुछ वर्षों में कंपनी के दिवंगत कर्मचारियों एवं वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेताओं के स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए यूनियन की उपलब्धियों एवं कर्मचारी हित में किए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक सभी कर्मचारियों को जानकारी दी। इसके उपरांत अजेंडा के अनुसार यूनियन के द्वारा नियुक्त चुनाव पदाधिकारी झारखंड इंटक के उपाध्यक्ष विनोद राय ने चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की। यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट विनय त्रिवेदी ने पुनः राकेश्वर पांडेय को अगले कार्यकाल के लिए बतौर मानद सदस्य कोप्ट करने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन पीवीआर मूर्ति एवं विजय खान ने किया। उपस्थित सभी कर्मचारियों ने करतल ध्वनि के साथ सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया। तदुपरांत पुनः राकेश्वर पांडेय को अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव संजीव श्रीवास्तव ने लाया जिसका समर्थन संजीव कुमार सिंह एवं विजय देव ने किया जिसका उपस्थित समस्त कर्मचारियों ने करतल ध्वनि से सर्वसम्मति के साथ पारित किया।

## अहसीन इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप आयोजित




**जमशेदपुर।** मानगो स्थित अहसीन इंटरनेशनल स्कूल 8 मई से 13 मई, 2023 तक समर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमे छात्रों ने ट्रेंडी-वेंडी, कलर पॉप, रेन डांस, ड्रीम कैसल, माइंड वंडरलैंड आदि जैसी कई एक्टिविटी में भाग लिया। समर कैंप में बच्चों ने एक समृद्ध और पूर्ण अनुभव प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना द्विवेदी ने कैंप के समापन पर कहा, माता-पिता से अपने बच्चों की रचनात्मकता को पहचानने, पोषण करने और उसकी सराहना करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया।

## कांड्रा-नामकूम रेल लाइन निर्माण जल्द करायें रेलवे : अर्जुन मुंडा



जमशेदपुर। खूंटी के सांसद एवं जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने रेलवे ,संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से से मुलाकात की। उनसे अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी से संबंधित कुछ समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा हुई। उन्होंने रेल मंत्री से सरायकेला खरसावां स्थित सीनी में रेल चक्का निर्माण के लिए पहल करने,नामकुम- कांड्रा रेल लाइन का काम शीघ्र शुरू करने, हटिया- बंडामुंडा रेल खंड में कंहरवा -तांती- पवोटीनिया-ओर्गा स्टेशन के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य, सीनी और मुंडाटांड रेलवे गेट के बीच सड़क निर्माण के सहित कई ट्रेनों के ठहराव के बारे में चर्चा हुई। हरदीप पुरी से उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र की कई समस्याओं और विकास के बारे में चर्चा हुई।

## पुराना सोनारी बस्ती में छऊ नृत्य की धूम कल

**जमशेदपुर।** पुराना सोनारी बस्ती में विकास समिति की ओर से धनंजय महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें शनिवार को समिति के मैदान में रात्रि 10 बजे से छऊ नृत्य का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि उक्त आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद विद्युत महतो तथा सम्मानित अतिथि के रूप में ईंचागढ़ विधायक सबिता महतो, पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो के अलावा अन्य अतिथियों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, आस्तिक महतो, फणिन्द्र महतो, बबलू महतो, सुखदेव महतो, लाल्टू, अजय रजक तथा अशोक सिंह मौजूद रहेंगे।

## श्रीनाथ विवि ने उदयपुर गांव में ग्रामीणों संग की बैठक



**जमशेदपुर।** बुधवार को श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने संयुक्त रूप से प्रति कुलाधिपति गुरुदेव महतो, कुलपति डॉ गोविंद महतो, एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी लक्ष्मी महतो तथा कुलसचिव सुधांशु शेखर महतो के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत उदयपुर गांव को दत्तक ग्रहण (गोद) लिया। यह कार्य उदयपुर गांव (पोस्ट गम्हरिया, जिला सराइकेला खरसावां) में एक बैठक के द्वारा की गई, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान बोकेश्वर महतो ने किया। इस बैठक में पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार, परेश महतो, मंगल हेंब्रम, सविता देवी, जयंती महतो, मानी बास्के तथा बैकुंठ महतो उपस्थित थे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय जैसे- उदयपुर गांव की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, शराब के खिलाफ अभियान, नशा मुक्ति, गांव में साफ-सफाई तथा उदयपुर गांव के युवाओं के लिए रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित लोगों ने गहन चर्चा किया। कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि आज श्रीनाथ विवि तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन यूजीसी के नियमों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत उदयपुर गांव को गोद लिया है अब श्रीनाथ विवि तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन उदयपुर गांव की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, शराब के विरुद्ध अभियान, नशा मुक्ति तथा युवाओं के रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है।

# गेल ने वित्त वर्ष 23 में वार्षिक राजस्व रु. 1,44,302 करोड़ दर्ज किया, वार्षिक राजस्व में 57% तक का हुआ इजाफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




वार्षिक वित्तीय परिणाम की जानकारी देते संदीप कुमार गुप्ता।

**जमशेदपुर/नयी दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 22 में 91,646 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 23 में 1,44,302 करोड़ रुपये के साथ प्रचालन से राजस्व दर्ज किया है।

वित्त वर्ष 22 में 13,590 करोड़ रुपए की तुलना में वित्तक वर्ष 23 में 6584 करोड़ रुपए तक कर पूर्व लाभ रहा। वित्त वर्ष 22 में 10,363 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 23 में 5,302 करोड़ रुपए का कर पश्चाटत लाभ (पीएटी) रहा। तिमाही आधार पर प्रचालन से राजस्व वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 32,858 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जबकि वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही में यह 35,380 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पूर्व लाभ 165% बढ़कर 591 करोड़ रुपए हो गया जबकि वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के दौरान 223 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पश्चा त लाभ 146% बढ़कर ?604 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के दौरान 246 करोड़ रुपए था। गैस विपणन की मात्रा पिछली तिमाही के 89.89 एमएमएससीएमडी की तुलना में 96.46 एमएमएससीएमडी रही।

वित्त वर्ष 23 में पीबीटी 7,256 करोड़ रुपए था, जबकि वित्त वर्ष 22 में ?15,464 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 23 मेंकर पश्चा त लाभ (गैर-नियंत्रित ब्याज को छोड़कर) 5,616 करोड़ रुपए था, जबकि वित्त वर्ष 22 में 12,256 करोड़ रुपए था। गेल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मुख्य रूप से पाइपलाइन, पेट्रोकेमिकल्स, जेवी की इक्विटी आदि पर प्त9,100 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक कैपेक्स खर्च किया है, जो कि 7,918 करोड़ रुपए के वार्षिक लक्ष्य से 15% अधिक है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने प्रभावी तिथि 1 अप्रैल 2023 से एकीकृत टैरिफ को सफलतापूर्वक लागू किया है जो भारत को वन नेशन वन ग्रिड वन टैरिफ मॉडल हासिल करने में मदद करेगा और दूर-दराज के क्षेत्रों में गैस की खपत को भी बढ़ावा देगा।


**AFFIDAVIT**

The Notary Public, Ranchi

I, Neelam Singh D/O Sobodh Singh W/o Barun Sahu R/o Falt No. 3102 C Block Radhe Krishna Garden Rameshwaram Lane, Bariatu, Thana Bariatu Dist. Ranchi Jharkhand 834009 do hereby solemnly affirm and declare as Follows:
1. That I am an Indian National and residing in aforesaid address.
2. That before marriage I am know and called in the name of Neelam Singh.
3. That I married with Barun sahu as such I am know and called in the name of Neelam Singh Sahu.
4. That both the names of myself i.e. Neelam Singh and Neelam Singh Sahu is the same and one person i.e. my name.

Hence I am swearing this affidavit.
All statements are true to my knowledge and belief, if found wrong I shall be responsible for the same. Sworn and signed at Ranchi on 17/05/2023.
The deponent who is identified By Nitish kumar Advocate, Ranchi.



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– **RDD/SD/KHUNTI/02/2023-24 (2ND Call)**
**P.R. No.-297188 RURAL DEVELOPMENT (2023-24).D**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– समेकित जनजाति विकास

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अड़की | खूँटी जिला के अड़की प्रखण्ड में उलिहातु पंचायत अन्तर्गत उलिहातु से गंताडीह तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 65,69,700/– | 1,31,400/– | 10,000/– | 02 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–22.05.2023 के अपराह्ण 2.00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–01.06.2023 के अपराह्ण 5.00 बजे तक ।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समय:–02.06.2023 अपराह्ण 2.00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समय:–03.06.2023 अपराह्ण 3.00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

PR.NO.297727 Rural Development(23-24):D



Tender ref. No.: **District Collectorate District Supply Office Latehar, Jharkhand** Dated:- __/__/2023

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF LATEHAR DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 17.05.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Latehar, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Latehar Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Latehar,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 17.05.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 24.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 29.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://latehar.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://latehar.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 297687 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D

District Supply Officer Latehar



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़ , गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114**
**Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **DWSD/GAR-04**/2023–24 दिनांक– **16.05.2023**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 20.05.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.05.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.05.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200x150 mm dia & 150 mtr. Depth HYDT with Extra deep india Mark-II Hand pumps, 32 mm dia medium class G.I. pipe platform with drain **at I.T.I. Jhagrakhad, Bansani Panchayat, Bhawnathpur Block** under DW&S. Division, Garhwa for the year 2022-23 | 2,54,788/- | 6,000/- | 750/- | 01 Month |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 297743 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/KHUNTI/49/2022-23 (2nd Call)
P.R. No.-293936 RURAL DEVELOPMENT (2022-23).D

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रु० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिला के खूँटी प्रखण्ड में सिल्दा कालामाटी पथ पर उरॉव मसना के पास कॉची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,00,87,700/– | 8,02,000/– | 10,000/– | 18 माह |
| 2 | खूँटी जिला के कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डुमरगढ़ी के कोने बिरदा मुख्य पथ में बेलारी नाला पर पुल निर्माण। | 3,07,22,400/– | 6,14,500/– | 10,000/– | 18 माह |
| 3 | खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत टाटी नवाटोली इचा पथ पर टाटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,60,61,800/– | 7,21,300/– | 10,000/– | 18 माह |
| 4 | खूँटी अन्तर्गत अड़की प्रखण्ड के खेसारी बेड़ा जिला से जोजो हातु पथ में बेड़ाहातु के पास मारंगलो नदी पर पुल निर्माण। | 4,43,41,100/– | 8,86,900/– | 10,000/– | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –22/05/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –06/06/2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–09.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक
5. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी 2. जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   3 e-Procurment Cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10/06/2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 297733 Rural Development (23-24)_D

## साथी बचायेगा?


अब मोबाइल खो जाने या चोरी हो जाने पर मोबाइल फोन को ब्लॉक, ट्रैक और ट्रेस करने में साथी मदद करेगा। केंद्रीय संचार, रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया। इसमें सुरक्षा के लिए तीन सुधार हैं जो उपयोगकर्ता की डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखने में मदद करेंगे। इससे भारत के दूरसंचार क्षेत्र को विश्व स्तर पर बेंचमार्क के अनुकूल हैं। पहला सुधार सेंट्रलाइज्ड इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) है जो खो जाने या चोरी हो जाने पर मोबाइल फोन को ब्लॉक, ट्रैक और ट्रेस करने में मदद करता है। अगर सिम कार्ड निकाल दिया जाता है और नया सिम कार्ड डाला जाता है तब भी फोन को ब्लॉक किया जा सकता है। सीईआईआर फोन डेटा और निजी सामान को सुरक्षित रखने में मदद करेगा। दूसरा सुधार नो योर मोबाइल है। उपभोक्ता जान सकेंगे उसके नाम पर कितने सिम कार्ड हैं और किस तरह के दस्तावेज अटैच किए गए हैं। अब आप इसे जान सकते हैं और इसे बंद कर सकते हैं क्योंकि फोन नंबर केवाईसी से जुड़े हुए हैं। यह एआई एल्गोरिदम के साथ किया जाएगा। तीसरा सुधार 'एस्ट्रा' है, जो पूरी तरह से एआई-आधारित ढांचा है, ताकि उन मामलों को रोका जा सके, जहां एक जालसाज अलग-अलग पहचान का उपयोग करके कई कनेक्शन लेता है। अब तक चालीस हजार से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) सिस्टम जो इन जालसाजों का समर्थन कर रहे थे, उन्हें एस्ट्रा के साथ ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। एस्ट्रा की मदद से इसके जरिए 87 करोड़ कनेक्शन ट्रेस किए गए। करीब 40 लाख कनेक्शन फर्जी पाए गए और विस्तृत प्रक्रिया का पालन करते हुए 36 लाख कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक व्यक्ति ने 5200 कनेक्शन लिए हैं और दूसरे ने 6900 कनेक्शन लिए हैं।

## राज्यों का बेहतर प्रबंधन

राजकोषीय मोर्चे पर राज्यों ने केंद्र से बेहतर प्रदर्शन किया है। 2019-20 में यानी कोविड के पहले वाले वर्ष में केंद्र का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.6 फीसदी था जबकि राज्यों का घाटा 2.6 फीसदी था। यानी कुल सरकारी घाटा जीडीपी के 7.2 फीसदी के बराबर था। यह 2020-21 में बढ़कर 13.3 फीसदी हो गया जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी बढ़कर 9.2 फीसदी हो गई थी जबकि राज्यों की हिस्सेदारी 4.1 फीसदी थी। 2021-22 में कुल सरकारी घाटा कम होकर 9.5 फीसदी रहा जिसमें केंद्र की हिस्सेदारी 6.7 फीसदी और राज्यों की 2.8 फीसदी थी। जाहिर है राज्यों ने अपने घाटे को तेजी से कम करके 3 फीसदी के लक्ष्य के दायरे में ला दिया। इससे कुल सरकारी व्यय को एक अंक में लाने में मदद मिली।अनुमान है कि राज्य 2022-23 में भी अपने घाटे को 3 फीसदी से कम रखने में सफल रहेंगे जबकि केंद्र सरकार को 6.4 फीसदी के दायरे में रहने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक तो अप्रैल-नवंबर 2022 में राज्यों का राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के 3.4 फीसदी के बजट घाटा लक्ष्य का केवल 35 फीसदी था। कुछ अनुमानों के मुताबिक चालू वर्ष में राज्यों का घाटा जीडीपी के 2.3 से 2.5 फीसदी के बीच रह सकता है क्योंकि राज्य वस्तु एवं सेवा कर यानी एसजीएसटी संग्रह में सुधार हुआ है। इसके अलावा केंद्रीय जीएसटी संग्रह में राज्यों का हिस्सा बढ़ा है और केंद्र ने कुल कर संग्रह में से राज्यों को किया जाने वाला स्थानांतरण बढ़ाया है। अप्रैल से नवंबर 2022 की अवधि में यह राशि 37 फीसदी बढ़कर 5.5 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अलावा राज्य सरकारों के व्यय में कमी ने भी इसमें योगदान किया। खासतौर पर पूंजी खाते के व्यय में कमी ने। राज्यों के बेहतर प्रबंधन से देश की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

# भारत में डिजिटल क्रांति अन्य देशों के लिए मिसाल





- प्रहलाद सबनानी

> यूपीआई ने 376 बैंकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफॉर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपये के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। जुलाई 2015 में भारत ने डिजिटल इंडिया पहल की शुरूआत की थी और आज इस स्थिति तक पहुंच गया है। याद कीजिए भारत में एक दौर हुआ करता था जब सामान्य नागरिक उत्पाद खरीदने के लिए दुकानों में जाया करते थे।

**भारत** को जी-20 समूह की अध्यक्षता मिलना एक वरदान की तरह साबित होता दिखाई दे रहा है। भारत ने हाल ही के वर्षों में कई क्षेत्रों में जो अतुलनीय प्रगति की है, इसे देखकर जी-20 समूह के सदस्य देश आश्चर्यचकित हो रहे हैं। भारत चूंकि जी-20 समूह के सदस्य देशों की विभिन्न बैठकें देश के लगभग समस्त राज्यों के अलग अलग नगरों में आयोजित कर रहा है, इससे देश के समस्त राज्य न केवल इन बैठकों के लिए विशेष तैयारियां कर रहे हैं बल्कि विभिन्न देशों से आने वाले प्रतिनिधि भी इन शहरों में भारत की आर्थिक प्रगति की झलक देख पा रहे हैं।

जी-20 समूह का महत्व इस जानकारी से बहुत स्पष्ट तौर पर झलकता है कि पूरे विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में जी-20 समूह के सदस्य देशों की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत की है। विश्व के 193 देशों का कुल सकल घरेलू उत्पाद 95 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। इसमें, जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था का आकार 75 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी एवं भारत) को मिलाकर दुनिया की आधी से अधिक अर्थव्यवस्था बनती है। वर्ष 2022 में केवल 18 देशों का सकल घरेलू उत्पाद एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक था। पूरे विश्व का 75 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय विदेश व्यापार जी-20 समूह के सदस्य देशों में होता है। कुल मिलाकर जी-20 समूह के सदस्य देशों की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया को प्रभावित करती है।अतः स्वाभाविक तौर पर जी-20 समूह का उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना है एवं जी-20 समूह के सदस्य देशों की जिम्मेदारी वैश्विक स्तर पर वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की है। जी-20 समूह के सदस्य देशों में शामिल हैं - अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रान्स, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, दक्षिण कोरिया, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, यूरोपीय संघ, टर्की एवं ब्रिटेन।

जी-20 समूह के सदस्य देशों के बीच डिजिटल अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करने की दृष्टि से एक विशेष ह्यडिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप का वर्ष 2017 में गठन किया गया था। पहिले इसे ह्यडिजिटल इकॉनामी टास्क फोर्सह्न के नाम से जाना जाता था। भारत में इस वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक 13 फरवरी, 2023 को लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। इस बैठक में भारत के डिजिटल कायाकल्प के सफर की रूपरेखा प्रदर्शित की गई तथा भारत में डिजिटल पब्लिक आधारभूत ढांचे एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था में साइबर सुरक्षा और डिजिटल स्किलिंग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। नैसकोम एवं यूनेस्को द्वारा प्रदान की गई एक जानकारी के अनुसार डिजिटल स्किल गैप की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को वर्ष 2028 तक 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की आशंका है।

जी-20 समूह के सदस्य देशों के डिजिटल इकॉनामी वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक हैदराबाद में दिनांक 17 अप्रैल से 19 अप्रैल, 2023 के बीच हुई। इस बैठक में भारत को वैश्विक स्तर पर डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार माना गया। इससे भारत की जी-20 अध्यक्षता से वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवथा को बल मिलता दिखाई दे रहा है। भारत में हुई डिजिटल क्रांति पूरी दुनिया के सामने एक मिसाल के तौर पर पेश की गई।

इस बैठक में हाई स्पीड मोबाइल ब्रॉड बैंड के उपयोग और प्रभाव पर व्यापक चर्चा हुई है। भारत ने शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय एवं कृषि क्षेत्रों में डिजिटल व्यवस्था को जिस प्रकार सफलतापूर्वक लागू किया है, अन्य देश इस मॉडल को किस प्रकार लागू कर सकते हैं, इस विषय पर भी गम्भीर चर्चा हुई है। साथ ही, ह्यकनेक्टिंग द अनकनेक्टेडह्न, ह्यसस्टेनेबल ग्रीन डिजिटल इंफ्राह्न जैसे विषयों को आगे बढ़ाने पर भी सदस्य देशों के बीच सहमति बनी है। भारत में 5जी और 6जी तकनीक का विकास देखने जी-20 समूह के सदस्य देशों की एक टीम भारत के आईआईटी संस्थानों में भी गई है।

भारत में डिजिटल क्रांति से समूह के सदस्य देश इतने अधिक प्रभावित हुए हैं कि कई सदस्य देशों ने तो भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपनी रुचि दिखाई है एवं इस तकनीक को यह देश अपने यहां भी लागू करना चाह रहे हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट सिस्टम, यूपीआई प्लेटफार्म पर अब बहुत सफल तरीके से कार्य कर रहा है। यूपीआई ने 376 बैकों को अपने साथ जोड़ लिया है और इस प्लेटफोर्म पर 11.9 लाख करोड़ रुपये के 730 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। जुलाई 2015 में भारत ने ह्यडिजिटल इंडियाह्न पहल की शुरूआत की थी और आज इस स्थिति तक पहुंच गया है।

याद कीजिए भारत में एक दौर हुआ करता था जब सामान्य नागरिक उत्पाद खरीदने के लिए दुकानों में जाया करते थे। बेहतर विकल्प की तलाश एवं कम कीमत पर सामान खरीदने के उद्देश्य से एक दुकान से दूसरी दुकान और दूसरी दुकान से तीसरी दुकान के चक्कर लगाते थे। उत्पादों की खरीद के पूर्व बैकों में जाकर राशि निकालनी होती थी, ताकि नकद राशि अदा कर उत्पाद खरीदें जा सकें। परंतु भारत में डिजिटल क्रांति के बाद अब नागरिक विभिन्न उत्पाद चंद मिनटों में खरीद लेते हैं, वह भी मोबाइल फोन पर। कल्पना कीजिए कि आज देश में एक व्यक्ति एक सामान खरीदने के लिए यदि 6 से 8 घंटे का समय बचा रहा है तो 140 करोड़ की आबादी कितना समय बचा पा रही है। बचाए गए इस समय का सार्थक उपयोग किया जाकर देश के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है। ाथ ही इससे ह्यडिजिटल इंडियाह्न को भी सहारा मिलेगा और वैसे भविष्य के आर्थिक सफर की बुनियाद भी यही है। भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के चलते बैंक तो जैसे नागरिकों की जेब में समा गई है, क्योंकि इंटरनेट एवं मोबाइल की सुविधा से नागरिक 24 घंटे और सातों दिन रुपये को अपने खाते से दूसरे के खाते में हस्तांतरित कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफार्म पर उत्पादों की कीमत एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी हासिल कर उत्पाद को खरीद सकते हैं। साथ, ही यह सुविधा तो अब देश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में भी उपलब्ध हो गई है।

### खास बात

## लंबी आयु का राज

**प्रशांत कुमार झा**

**एक** ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है। बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

## दुनिया एक परिवार

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती**

**एक** बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा ।जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है ।कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं ।आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

**नेकियों** का सिला बदी में मिले,
और शोहरत की कमाई क्या है,
इस बुलंदी पे आ के जाना है,
अच्छा होने में बुराई क्या है..!

**- कुमार विश्वास, कवि**

### आपके ट्वीट

**राज्य** भर में शुरू हुए 80 उत्कृष्ट विद्यालय में हजारों की संख्या में आवेदन आ रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को 25 मई तक बढ़ाया गया है। आज ही अप्लाई करें।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**आपके** स्वास्थ्य मंत्री दुबई/हैदराबाद से लौटें तो पूछिए कि उनके विभाग की स्थापना समिति ने एक महिला चिकित्सक के पदस्थापन की जो संचिका आपके पास अनुमोदन के लिए भेजा है उसे ढाई माह से दबाकर क्यों बैठे हैं?

**- सरयू राय, विधायक**

## नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

### व्यंग्य

**सुशील कुमार 'नवीन'**

**मॉर्निंग** वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले-आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।


कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

### कार्टून वर्ल्ड

हमारी पृथ्वी का हाल...



### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- रितु लकड़ा,रांची**

### राजनीति रंग और नीति

**भाजपा** राम नाम के मुद्दे से ऊपर उठकर नए समीकरण बनाने की जुगत में लग गई है। खबरों के मुताबिक श्री मोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ये कहा कि चुनाव में अब 300 दिन बचे हैं और हमें अल्पसंख्यक समुदायों के लिए काम करने के लिए इस वक्त का इस्तेमाल करना चाहिए। मिोदीजी को अब आखिरी के 3 सौ दिनों में अल्पसंख्यक समुदायों की याद आई। **- श्रीनिवास, हजारीबाग**

## पॉक्सो पीड़ित और न्याय का कठिन रास्ता



**मृत्युंजय प्रसाद**

### न्याय

**लोककल्याणकारी** राज्य व्यवस्था में किसी भी तरह के अन्याय के लिए कोई जगह नहीं है। बल्कि जहां भी कुछ गलत हुआ है, उसकी सीमित या अधिकांश भरपाई किस तरह की जा सकती है, उसके लिए राज्य अनेक कानून एवं विधि अनुरूप व्यवस्था का निर्माण करता है, जिस पर चलकर उम्मीद की जाती है कि जिसके साथ भी गलत हुआ है उसे न्याय मिलेगा । पर यह न्याय दिलाएगा कौन ? स्वभाविक है जिनके कंधे पर इस कार्य को करने का दायित्व होगा वे सभी लोग। किंतु दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि पॉक्सो पीड़ितों को समय पर न्याय नहीं मिल रहा । जो सुविधा शासन से सुनिश्चित की है, वह भी उन्हें नहीं मिल रही है। ज्यादातर केस में पीड़ित बालिग हो गईं किंतु उन्हें जो राशि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित प्रतिकर स्कीम में स्वीकृत कर दे देना चाहिए थी(सहायता के अभाव में कितनी बच्चियां मजबूरन अपराधी के साथ समझौते करने के लिए विवश होती होंगी? कितनी सामाजिक बदनामी के कारण अचानक से केस को वापस लेती होंगी और ऐसी कितनी होंगी जो भविष्य में जीवन निर्वाह के भीषण संकट से गुजरने के लिए मजबूर होकर अपने पैर पीछे करने के लिए मजबूर हो जाती होंगी? विश्व बैंक में डेटा एविडेंस फॉर जस्टिस रिफॉर्म कार्यक्रम से पॉक्सो एक्ट को लेकर कुछ चौंकाने वाली बातें पिछले दिनों सामने भी आईं । पॉक्सो एक्ट के 10 साल बाद एक स्वतंत्र थिंक टैंक ने देशभर की ई-कोर्ट्स के विश्लेषण में पाया कि पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमों में 43.44 फीसद मामले में दोषी बरी कर दिए जाते हैं और केवल 14.03 फीसदी मामलों में ही दोष सिद्ध हो पाता है।

विश्लेषण में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 486 जिलों में स्थित ई-कोर्ट के 2,30,730 मामलों का अध्ययन किया गया था, जिसका निष्कर्ष निकला कि 22.9 प्रतिशत मामलों में आरोपी और पीड़ित एक-दूसरे को जानते थे। 3.7 फीसद मामलों में पीड़ित और आरोपी परिवार के सदस्य मिले। 18 फीसदी मामलों में पीड़ित और आरोपी के बीच पहले से प्रेम-संबंध होने की बात सामने आई, जबकि 44 फीसद मामलों में आरोपी और पीड़ित दोनों एक-दूसरे से पहले कभी नहीं मिले थे यानी पूरी तरह से अपरिचित पाए गए । इस विश्लेषण से पता चला कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज 56 फीसदी मामले पेनीट्रेटिव अपराधों से संबंधित हैं।

31.18 प्रतिशत मामले यौन हमले के रूप में पाए गए, जबकि 25.59 फीसदी मामले गंभीर पेनीट्रेटिव अपराधों से जुड़े थे। एक अन्य संस्था इंडिया फाउंडेशन की इसी विषय पर तैयार रिपोर्ट के आंकड़े कहते हैं कि बीते 10 साल में बच्चों से दुष्कर्म में 290 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इनमें से 64 फीसद पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट (पॉक्सो अधिनियम) कानून में 2012 से आगे के 10 वर्ष वर्षों तक दर्ज घटनाओं की समीक्षा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई है।

रिपोर्ट में साफ है कि 2012 में बच्चों से दुष्कर्म के 8,541 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2021 में इनकी संख्या 83,348 हो गई। वर्ष 2022 की रिपोर्ट अभी आएगी तब और पता चल जाएगा कि पॉक्सो मामलों में कितनी वृद्धि हुई है या पहले से कुछ कमी भी आ सकी है।

(लेखक के निजी विचार हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पीवीयूएन पतरातू ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बासल (रामगढ़)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने का आहवान किया। स्वच्छ भारत अभियान एक विशाल जन आंदोलन है जो स्वच्छ भारत बनाने की कोशिश करता है। इसी कड़ी में 16 मई से 30 मई तक पीवीयूएन पतरातु में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## विद्यालय आचार्य को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली हजारीबाग में आज की प्रातः वंदना सभा में विद्यालय के आचार्य विनोद कुमार कुशवाहा को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि विद्यालय के दो आचार्य विनोद कुमार कुशवाहा एवं प्रकाश कुमार विश्वकर्मा का चयन झारखंड सरकार के अंतर्गत टीजीटी के लिए हुआ है।

## जवानों ने पेश की मानवता की मिसाल

**बरही।** कई बार हम सोचते हैं कि कोबरा के जवान केवल सीमा की रक्षा ही करते हैं, बस केवल नक्सलियों एवं आतंकवादियों को ही पकड़ते हैं, तो हमारी सोच गलत है। वे सुरक्षा के साथ-साथ सहयोग की भावना से भी काम करते हैं। कोबरा वाहिनी 203 के जवानों द्वारा अभियान में जाने के क्रम में चांडिल के समीप एक स्कूटी सवार युवक को दुर्घटनाग्रस्त देखा। तत्काल कोबरा 203 के एमओआईसी डॉ आश्विन कुमार एवं उनकी टीम ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक ने बताया कि वे अपनी स्कूटी से कही जा रहे थे। अचानक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गए। उन्होंने कोबरा 203 के चिकित्सक एवं जवानों को मदद से अपने को सुरक्षित महशुश किया और धन्यवाद व आभार जताया।

## पिपरा में पीपीसी पथ का शिलान्यास किया

**चरही।** बहेरा पंचायत के ग्राम पिपरा वार्ड नंबर 13 में 15 वें वित्त आयोग मुखिया मद से पीपीसी पथ निर्माण को लेकर मुखिया देवकी महतो के द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।इस पथ का निमार्ण शौकत अली के घर से लेकर तालाब तक किया जाना है। जिसकी लागत 2 लाख 49 हजार 600 रुपये है।

## जदयू का कार्यक्रम आज

**कुजू।** कुजू में 19 मई को जनता दल (यूनाइटेड़) का जिला सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रभारी सह बिहार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद सह झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो शामिल होंगे। साथ ही आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ में संगठन की मजबूती बनाने पर चर्चा किया जायेगा।

# डीसी से मिले जिला के सभी बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सौंपे छह सूत्री मांग पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला के सभी प्रखंडों के 20 सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष डीसी नैंसी सहाय से मिलकर छः सूत्री मांग रखा। अध्यक्षों ने डीसी से कहा कि बीस सूत्री के बैठक में लिए गए प्रस्तावो पर प्रखंड के अधिकारी कोई कारवाई नहीं करते। बैठक के महीनों बाद भी एक भी प्रस्ताव न ही संबंधित विभाग को पत्र भेजा जाता है और न ही बैठक का प्रस्ताव जिला भेजा जाता है। जब कोई कारवाई ही नहीं होता तो समीक्षा की बैठक का कोई मतलब नहीं रह जाता। केरेडारी प्रखंड के अध्यक्ष को अबतक कार्यालय उपलब्ध नहीं कराने का भी समस्या रखा गया। इस पर डीसी से सभी अध्यक्षों की शिकायत पर कहा कि इस तरह का मामला जिला बीस सूत्री की बैठक में आया था । गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में जल्द ही सभी प्रखंडों के अधिकारियों को बीस सूत्री से संबंधित दिशा निर्देश भेजा जाएगा। प्रत्येक माह बैठक सुनिश्चित कराई जाएगी। विकास योजनाओं में सहभागिता पर कहा कि बीस सूत्री अध्यक्ष जनहित से जूडी योजना की अनुशंसा दे सकते हैं । बैठक में कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवधेश सिंह, दारू अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, इचाक अध्यक्ष मनोहर राम, पदमा अध्यक्ष संजय यादव, बड़कागांव अध्यक्ष हाजी तबूसूम, बरकट्ठा अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सदर राजीव मेहता , केरेडारी अध्यक्ष अर्जुन राम, कटकमसांडी अध्यक्ष सरयू यादव, विष्णुगढ़ अध्यक्ष गिरजा साव , उपाध्यक्ष विकास यादव, लाल मोहन राम , गौतम मेहता, कैलाश पति देव छोटेलाल बेसरा सहित कई अन्य उपस्थित थे।


मांग पत्र सौपते 20 सूत्री अध्यक्ष और उपाध्यक्ष।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने दूध व इससे निर्मित पदार्थों की जांच की, एकत्रित नमूनों को भेजा गया प्रयोगशाला


दूध से निर्मित खाद्य पदार्थो की जांच करते अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी के द्वारा बरही एवं आस-पास के विभिन्न जगहों के साथ विभिन्न डेयरी से दूध एवं खोआ का नमूना संग्रह किया गया। इस एकत्रित नमूनों में यूरिया एवं कास्टिक सोडा की मिलावट की जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑफ व्हील वैन के माध्यम से रांची प्रयोगशाला भेजा गया। प्रावैधिक लैब टैक्नीशियन, लाइफ टेंकनेशियन संजय कुमार वर्मा, उदय, संदीप, डाटा इंट्री ऑपरेटर विकास शर्मा इस जांच अभियान के दौरान उपस्थित थे।

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न क्रियाकलापों में दिखायी सहभागिता

# बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए अभिभावकों को जागरूक होने की है जरूरत : शैलेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। पंचमाधव ,बड़कागांव , और गौरियाकरमा में संचालित आइलेक्स स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया था ।जिसमे बच्चों को गर्मी छुट्टी से पूर्व शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को नैतिक शारीरिक एवं शैक्षणिक स्तर से खेल के माध्यम से जांच की जाती गई ।जिसमें विद्यार्थियों ने समर कैम्प का आनंद उठाया। आईलेक्स के तीनों ब्रांच पंचमाधव, गोरियाकरमा और बरकागांव में एक साथ समर कैंप के दैरान क्लास के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समर कैंप स्कूली जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसे अकादमिक जीवन की हलचल के बीच अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। विभिन्न स्कूलों में समर कैंप आयोजित करने के विभिन्न तरीके हैं। इन शिविरों में सभी प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं, जैसे कि शिविर, लंबी पैदल यात्रा, तैराकी, संगीत, नृत्य। आईलेक्स में सभी गतिविधियां बच्चों के क्लास को ध्यान में रखते हुए प्लान किये गए थे। इन गतिविधियों में फिंगर प्रिंट पेंटिंग, पाम प्रिंट पेंटिंग, कार्ड मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, नेल आर्ट, मॉकटेल आईडिया, सैलड डेकोरेशन, फ्रूट चार्ट डेकोरेशन, मैंगो डे सेलिब्रेशन जैसी एक्टिविटी को शामिल किया गया था। जिसमें बच्चों ने बहुत हीं बेहतर प्रदर्शन किया। बच्चों ने खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के द्वारा किये गए सैलड डेकोरेशन को देख कर ऐसा लग रहा था जैसे किसी प्रोफेशनली ट्रेंड इंसान ने किया हो। नेल आर्ट तो देख कर लग रहा था जैसे किसी नामी गिरामी सैलून से करवाया हो। इस सम्बंध में आइलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि समर कैंप से बच्चों में विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होता है। वर्तमान में बच्चे घर में रहकर सिर्फ मोबाइल और टीवी में व्यस्त रहते हैं। इससे उनका शारीरिक विकास नहीं हो पाता अपितु आंखों में कमजोरी जरूर आती है। बच्चों के विकास के लिए अभिभावकों की भी सजगता जरूरी है। उन्हें भी चाहिए कि अपने बच्चों को जहां भी खेल गतिविधियां संचालित हो रही है, वहां अनिवार्य रूप से भेजें। इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा। इसके अलावा उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों को सेहतमंद बनाने के लिए घर का बना पौष्टिक खाना खिलाएं, जिससे वह स्वस्थ और तंदुरुस्त रहें। उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को शुरू से अच्छा खाना खिलाया जाए तो उम्र के साथ-साथ उनका शारीरिक विकास भी होगा। साथ ही वे हेल्दी भी रहेंगे और गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि जंक फूड के दीवाने बच्चों को सेहतमंद चीजें खाने के लिए कहें, उनकी थोड़ी-सी कोशिश इस काम को आसान बना सकती है। अगर बच्चा सेहतमंद चीजें जैसे हरी सब्जियां, फल, दूध का सेवन करेंगे तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से विकास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ब्रांच के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।


समर कैंप का मजा लेते विद्यार्थी

# पीसीसी पथ का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चरही।** बहेरा पंचायत के ग्राम पिपरा वार्ड नंबर 13 में 15 वें वित्त आयोग मुखिया मद से पीसीसी पथ निर्माण को लेकर मुखिया देवकी महतो के द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस पथ का निमार्ण शौकत अली के घर से लेकर तालाब तक किया जाना है। जिसकी लागत 2 लाख 49 हजार 600 रुपये है। इस मौके पर उपमुखिया शिवचंद मुर्मू,आरिफ अंसारी, शौकत अली जावेद अली, नुसरत जहां, श्यामलाल महतो, अजरुद्दीन अंसारी, तबारक हुसैन, गुलजार अंसारी, मोजिम अंसारी, जलील अंसारी, रफी जमा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग में विदाई समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में जूनियर छात्रों की ओर से सीनियर छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी सहित सभी व्याख्यातागण के द्वारा संयुक्त रूप से संस्था संस्थापक स्व. राधा देवी एवं स्व. गोविन्द साह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह के अवसर पर छात्रों द्वारा गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-35-2023, दिनांक: 18.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** रांची मंडल में मानसून रिजर्व के लिए स्टोन क्वैरी डस्ट की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 45,01,920/-। **ईएमडी मूल्य:** ₹ 90,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय** : 12.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-178)

**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) के निर्माता अथवा अधिकृत बिक्रेता को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2023-24 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 470 दिनांक 06.03.2023 के द्वारा हजारीबाग जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 26.05.2023 को मध्यान 12.00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में स्वीकार किये जाएगें। एवं निविदा उसी दिन अपराहन 3.00 बजे निविदा समिति के समक्ष उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.hazaribag.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 297674 Fish (23-24)_D

**उपायुक्त–सह–**
**जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय गुमला**
**(पंचायत शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1159 दिनांक 15.05.2023 एवं झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग का पत्रांक 916 दिनांक 09.05.2023 के द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इन्टरमिडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्रेषित की गई है। उक्त अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जॉच दिनांक 20.05.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से विकास भवन जशपुर रोड़, गुमला के सभाकक्ष में की जायेगी।

अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित एक–एक प्रति, हाल में खीचा गया दो (02) पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड/फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ उपस्थित हो। जॉच पत्रक एवं तत् संबंधित जानकारी www.gumla.nic.in पर दिये गए लिंक के माध्यम से Download किया जा सकता है।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
गुमला

PR297715 (Panchayati Raj)23-24*D

**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
Gmail - sport.chatra@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 21 मई, 2023 को कर्पूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम, चतरा में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित होगी तथा इस प्रतियोगिता में U-15 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल का प्रथम चक्र सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक हैं वे जिला खेल कार्यालय, चतरा से सपंर्क कर अपना नामांकन दर्ज करा सकते है। विशेष जानकारी के लिए श्री शिव कुमार साहु, प्रधान लिपिक, जिला खेल कार्यालय, चतरा मोबाईल नं0 7870238999 पर संपर्क कर सकते है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 297758 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)D

# स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित


मौके पर उपस्थित लोग।

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के पहले दिन 'स्वच्छता शपथ' का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं देश को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गई थी वहीं दूसरे दिन सीकरी स्थित कार्यालय में अधिकारियों ने परिसर की साफ सफाई की। परियोजना प्रमुख के चंद्रशेखर ने औपचारिक रूप से दूसरे दिन स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ परिसर में झाड़ू लगाकर इस अभियान की गंभीरता को दशार्या।

# अडाणी फाउंडेशन ने वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे के मौके पर लगाया विशेष हेल्थ कैंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** अदाणी फॉउंडेशन की मोबाइल मेडिकल टीम ने आज महुगाई कला पंचायत के सुकुलखपिया गाँव में विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर एक विशेष मेडिकल कैम्प लगाया। इस कैम्प में डॉक्टर अर्जुन महतो ने बड़ी संख्या में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां प्रदान की। कैम्प में डॉक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर को विशेष तौर पर जांचा और उन्हें अत्यधिक तनाव से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 मई को 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' मनाया जाता है, जहां लोगों को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता हैं। इसलिए रक्तचाप को नियंत्रण में रखना जरुरी है, जिससे उम्र भी बढ़ेगी और स्ट्रोक का जोखिम भी कम होगा। 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस यानि 'साइलेंट किलर' के प्रति जागरूक होने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।


जांच शिविर में शामिल लोग।

**समादेष्टा का कार्यालय, प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, रॉंची**

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि इस वाहिनी की 10(दस) सरकारी वाहनों के लिए निम्नांकित CEAT टायर ट्यूब क्रय किया जाना है। अतएव इच्छुक बिक्रेताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.06.2023 तक निर्धारित की जाती है। अतः इच्छुक बिक्रेताओं से दिनांक 15.06.2023 तक निविदा निश्चित् रूप से झा0स0पु0–1, डोरण्डा, राँची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे।

| क्र. स. | वाहनों के प्रकार | वाहनों के संख्या | CEAT टायर/ट्यूब के प्रकार | आवश्यकता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tata 709 Truck | 08x7 | 07:50:16 | 56 Pc |
| 2. | Tata Sumo | 02x5 | 215/75R15 | 10 Pc |
| | | 10 Vehicle | | 66 Pc |

निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का झारखण्ड राज्य का GST/CST अद्यतन प्रमाण पत्र का होना आवश्यक है। आपूर्तिकर्त्ता का सामान का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए। निविदा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।

ह./–
समादेष्टा झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची।

PR.NO.297713 Police(23-24):D

# विद्यार्थियों की सफलता ही एस्पायर कोचिंग का उद्देश्य और पहचान भी है : रत्नेश

### एस्पायर कोचिंग की छात्रा कृष्णा रंजन का स्नातक स्तरीय परीक्षा में पोस्टल असिस्टेंट पद पर हुआ चयन



सफल छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई देते शिक्षक नितेश सिंह व निदेशक रत्नेश कुमार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं पूरे रामगढ़ जिला का नंबर वन प्रतियोगी संस्थान एस्पायर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी दिन-प्रतिदिन सफलता का पचरम लहराकर अपने अभिभावक, संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में रीभर साइड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर की छात्रा सह आकाशदीप कलोनी रीभर साइड निवासी सह जेएम कलेज में अंग्रेजी संकाय के एचओडी अवधेश सिंह की पुत्री ष्णा रंजन का चयन स्नातक स्तरीय परीक्षा में पोस्टल असिस्टेंट पद पर हुआ है। छात्रा की सफलता पर गुरूवार को संस्था के निदेशक रत्नेश ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही सफल छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थियों की सफलता ही एस्पयार कोचिंग का उद्देश्य और पहचान भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षको के मार्ग-दर्शन में लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो एक न एक दिन सफलता जरूरी मिलती है। रत्नेश कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सफल होने का मूल मंत्र देते हुए कहा कि टाइम मैनेजमेंट का ख्याल रखते हुए मेहनत और लगन से परिश्रम करें अवश्य सफल होंगे। वहीं पोस्टल असिस्टेंट पद पर चयनित छात्रा ष्णा रंजन ने अपन सफलता का श्रेय माता-पिता, संस्था के अनुभवी शिक्षकों की टीम, स्टडी मटेरियन, साप्ताहिक टेस्ट व अपने कठिन परिश्रम को दी है।

# विद्यार्थियों की सफलता में लाभदायक सिद्ध होगा यह क्लास : अवधेश सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेल नगर स्थित एसएससी कोचिंग सेंटर भुरकुंडा में गुरूवार को पहली बार जेपीएससी-बीपीएससी क्लासेस की शुरूआत की गई। इस दौरान आगामी झारखंड प्रशासनिक सेवा जेपीएससी की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी की रूपरेखा एवं रणनीति पर रांची के फैकल्टी ड.रमन सर द्वारा छात्र-छात्राओं के समक्ष विचार एवं व्याख्यान साझा किया गया। इसमें कुल 20 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के बावत महत्वपूर्ण जानकारियां ली। जेपीएससी की क्लासेज में राजू, निकास, खुशवंत, माधुरी, सीता, रूबी, अंजली, सीमा, नमिता मिश्रा, प्रीति, निशा सिंह, उर्मिला, काजल आदि शामिल हुए। मौके पर ड.रमन ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के मार्गदर्शन के लिए आगामी 22 मई से नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जायेगी।



बच्चों को मोटिवेट करते शिक्षक डॉ.रमन व निदेशक अवधेश कुमार सिंह।

## एकदिवसीय कैंप का आयोजन

**रामगढ़।** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ प्रभात के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के सभी पंचायतों में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत डॉ सविता वर्मा और उनकी टीम द्वारा फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को दुलमी प्रखंड के इचातु पंचायत के पंचायत भवन में फ्लोरोसिस से संबंधित कैम्प का आयोजन किया गया।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 05.06.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.06.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.06.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।

| क0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राकलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर | सुशील कॉलौनी संख्या–01, आवास संख्या–06 का मरम्मति कार्य। | 1496900.00 | 2500.00 | 30000.00 | तीन माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 297686 District(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में अंचल निरीक्षक की मौत



**लोहरदगा।** किस्को अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक जगन्नाथ उरांव के 17 मई की शाम को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय परिसर दो मिनट का मौन रखा गया। जगन्नाथ उरांव सदर प्रखंड के रामपुर रूगड़ीटोली के रहनेवाले थे। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।

### सांता पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता



**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर में जिला स्थापना दिवस गुरुवार को निबंध प्रतियोगिता हुई। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने बताया कि गुमला जिला की स्थापना 18 मई 1983 को हुई थी। प्रतियोगिता में बच्चों को गुमला के इतिहास के बारे में जानकारी दी गयी। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग कक्षा 1 से 4 में प्रथम प्रियांशु साहू, द्वितीय रेखा कुमारी रही तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा 5 से 10 में प्रथम बिपिन उरांव तथा द्वितीय संतोष गोप और ट्राइबल राइट्स में पुरुषोत्तम शर्मा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डायरेक्टर हेमंत कुमार, जासीनता बेक, हीमा कुमारी, अंकिता कुमारी, अनुरंजना कुमारी, निशा कुजूर, बीना देवी इत्यादि टीचर्स व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### ट्रक के धक्के से तीन बाइक सवार घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के खरका नदी के समीप ओवरटेक कर रहे ट्रक ने बाइक को धक्का मार दिया। इसमें बाइक सवार बड़काडीह का सोनू बैठा (22), शाही बैठा (17) व धीरज बैठा (18) गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे लोगों की मदद से उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर तीनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल धीरज ने बताया कि हम लोग बाइक से बड़काडीह से गुमला आ रहे थे। तभी खरका नदी के पास सामने से आ रहे ट्रक ने ओवरटेक करते हुए धक्का मार दिया। घटना में सोनू का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है और सिर सहित कई अन्य जगह गंभीर चोट लगी है। वहीं धीरज को सिर और पैर में चोट लगी है। सभी सदर अस्पताल में हैं।

### घाघरा में लगा ऊर्जा मेला सह ओटीएस कैंप



**घाघरा।** थाना के समीप गुरुवार को विद्युत विभाग ने ऊर्जा मेला सह ओटीएस कैंप लगाया। इस कैंप से बिजली संबंधित दर्जनों समस्या को लेकर आवेदन प्राप्त हुए और ओटीएस उपभोक्ताओं ने बिल भी जमा किया। कनीय अभियंता सूरज दास ने कहा कि ऊर्जा मेला सह कैंप उपभोक्ताओं के लिए लगा है ताकि बिजली समस्या का निपटारा हो। बिजली उपभोक्ता के लिए सुनहरा अवसर है एकमुश्त पैसा जमा कर सूद की माफ करा सकते हैं। सभी इसका लाभ उठायें। 21 को आदर बाजार टांड़, 23 को गम्हरिया बाजार टांड़, 29 को बनारी बाजार, 30 को बिशुनपुर थाना के समीप ऊर्जा मेला सह ओटीएस कैंप लगेगा। मौके पर सुनरदेव यादव, जितेंद कुमार, विश्वनाथ साहू भी थे।

### पुलिस ने लगायी हथियारों की प्रदर्शनी




**गुमला।** जिला स्थापना दिवस पर गुमला पुलिस ने पुलिस केंद्र गुमला में हथियारों की प्रदर्शनी लगाकर स्कूली बच्चों को हथियारों की जानकारी दी। वहीं बच्चों के साथ पुलिस ने विभिन्न विषयों पर वार्ता की और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। एसपी ऐहतेशाम वकारिव ने कहा कि गुमला पुलिस 24 घंटे आपकी सुरक्षा में तैनात है। पुलिस प्रदर्शनी में लगाये गये हथियारों के दम पर ही नक्सलियों, आतंकवादियों, गुंडों व माओवादियों से निपटती है। गुमला पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के गरीब बच्चों को मार्गदर्शन करते हुए उन्हें आने वाले सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने के लिए पुलिस केंद्र गुमला में प्रशिक्षित किया जायेगा। ताकि वे आर्मी, पुलिस, पैरा मिलट्री आदि फोर्सेज में जाकर अपना और देश का भविष्य सुरक्षित कर सकें। इस अवसर पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, सार्जेंट अर्जुन महथा व रविंद्र यादव उपस्थित थे।

### मंदिर निर्माण को ग्रामीणों ने की बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडु पंचायत स्थित चितरी कोयल नदी तट पर विवाह मंडप प्रांगण में शिव मंदिर निर्माण हेतु हिंदू संगठन के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में हिंदू कार्यकर्ताओं ने शिव मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा कर कमेटी बनायी। ज्ञात हो कि शिव मंदिर निर्माण की आधारशिला अग्रवाल साइकिल स्टोर के संचालक तालकेश्वर अग्रवाल ने चितरी कोयल नदी तट पर रखी थी। परंतु तालकेश्वर के आकस्मिक निधन के बाद कार्य स्थगित था। उनके पुत्र मनीष ने पिता की स्मृति एवं उनकी मनोकामना पूर्ण करने हेतु हिंदू संगठन के नेतृत्व में मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों संग बैठक करायी। 22 को भूमिपूजन के बाद कार्य शुरू होगा। मौके पर अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सुदेश्वर सिंह, सचिव मनीष अग्रवाल व राजीव रंजन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह, दुर्गा राम तथा रजनीश सिंह को बनाया गया। बैठक में हीरा साहू, रोहित उरांव, जय सिंह, संतोष सिंह, विनय साहु, विपिन साहु, सुरेश सिंह, कैलाश सिंह, बिंदेश्वर सिंह सहित सरना सनातन धर्म के ग्रामीण भक्त उपस्थित थे।

### बाल विवाह रोकने को लेकर चलायें जागरूकता अभियान : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में बाल विवाह पर रोक को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। जिसमें बीडीओ अशोक चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बाल विवाह पर रोक के लिए गांव, टोला और मुहल्ला में जागरूकता अभियान चलायें और लोगों को बतायें कि लड़की 18 वर्ष से कम उम्र की हो और लड़का 21 वर्ष से कम उम्र का हो तो ऐसी स्थिति में बाल विवाह की श्रेणी में आयेगा और कानून के तहत गैर जमानती है। इस विवाह में शामिल व्यक्ति अपराध की श्रेणी में आयेगा।

# सुसज्जित हाइटेक पुस्तकालय जिलेवासियों को समर्पित

**जिला स्थापना दिवस**

- कई मायनों में यह पूरे राज्य का है अनूठा पुस्तकालय
- 600 सीटिंग वाले पुस्तकालय में अध्ययन के लिए मिलेंगे 15 घंटे
- पुस्तकालय में 7000 से अधिक पुस्तकें और कई कंप्यूटर उपलब्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**





पुस्तकालय का उद्घाटन करते विधायक व अपर समाहर्ता और पुस्तकालय में छात्राओं से बातचीत करते उपायुक्त।

**गुमला।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर गुरूवार को हाईटेक व सुसज्जित गुमला अनुमंडल स्तरीय बिरसा मुंडा पुस्तकालय का उदघाटन कर जिले वासियों को उपहार के रूप में समर्पित किया गया। पुस्तकालय का उद्घाटन विधायक भूषण तिर्की, डीसी सुशांत गौरव व अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया।

हाइटेक सुविधाओं से भरपूर 3 मंजिला बिरसा मुंडा पुस्तकालय में 600 से अधिक बच्चों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गयी है एवं 15 घंटे लगातार विद्यार्थी पुस्तकालय में बैठक कर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। बैठने के लिए सोफा और टेबल उपलब्ध कराया गया है। विद्यार्थियों के ग्रुप डिस्कशन के लिए 7 कमरे हैं एवं हर कमरे में 16 विद्यार्थी एक साथ ग्रुप डिस्कशन कर सकते हैं। इस मामले में यह शायद पूरे राज्य का अनूठा पुस्तकालय है। छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के निर्माण हेतु कक्षा 9 से लेकर हाई स्कूल तक की किताबों सहित सभी प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा एवं कैरियर से संबंधित सभी प्रकार की पुस्तकें लगभग 7000 की संख्या में उपलब्ध करायी गयी है। वहीं पुस्तकालय में दर्जनों कंप्यूटर भी हैं। पुस्तकालय में हर फ्लोर पर पृथक से शौचालय की व्यवस्था है और पेयजल की भी व्यवस्था है। उक्त पुस्तकालय का संचालन स्थानीय समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, सेवानिवृत्त पदाधिकारी, कर्मी इत्यादि करेंगे।

**25 से 30 सदस्यों की बनायी जायेगी समिति**

इसमें 25 से 30 सदस्यों की समिति बनायी जायेगी। जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का पद होगा और एक बैंक खाता भी होगा। समिति पुस्तकालय का संचालन करेगी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी नियमित रूप से परीक्षण भी करेंगे। अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय को ज्ञान दान अभियान से भी जोड़ा जायेगा ताकि समाज के समृद्ध लोग स्वेच्छा से छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण को लेकर अपना आर्थिक योगदान भी दे सकें। पुस्तकालय उद्घाटन समारोह में पुस्तकालय के सेमिनार हॉल में एक संगोष्ठी भी होगी। जहां गुमला विधायक, उपायुक्त एवं जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैंकड़ों स्कूली विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक मौजूद रहें। इस दौरान गुमला विधायक भूषण तिर्की ने उपायुक्त सुशांत गौरव के पुस्तकालय क्रांति की पहल की सराहना की। कहा कि पुस्तकालय निर्माण से वैसे विद्यार्थियों को भी सहायता मिलेगी जो अभाववश किसी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकते थे। अब उन्हें कुछ सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी वे बेफिक्र होकर अपनी पढ़ाई एक अच्छे वातावरण में आकर कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिला आदिवासी जनजातीय क्षेत्र हैं। यहां शिक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु पुस्तकालय क्रांति की शुरुआत की गयी है। इस दौरान डीडीसी एवं अपर समाहर्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर परियोजना निदेशक आइटीडीए, एसडीओ सदर, बीडीओ गुमला, सीओ गुमला के अलावा अन्य जिला स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# हर जिले में चलेगा एक माह का जनसंपर्क महाअभियान

- प्रधानमंत्री ने जन भावनाओं को हमेशा रखा है सर्वोपरि : समीर उरांव
- भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई जोरदार चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





बैठक में शामिल भाजपा नेता।

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक बक्शीडिप्पा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राजसभा सांसद समीर उरांव, गणेश मिश्रा, जिला प्रभारी मनोज मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, अजातशत्रु प्रदेश मंत्री भाजयुमो उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराव ने किया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन वंदे मातरम के गीत के साथ बैठक शुरू हुई । मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि 1 माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है।

**खास बातें :** इसे सफल बनाने के लिए हरेक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर 9 वर्ष से जन भावनाओं के सम्मान में किये गये कार्यों से लाभान्वित हुए लोगों से संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। भारत भावनाओं का देश पर हमारे देश के प्रधानमंत्री जन भावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए समाज में बैठे अंतिम व्यक्तियों के कार्य एवं आवश्यकताओं अनुरूप योजनाओं का निर्माण कर कार्यान्वयन किया है। चाहे हम जिस क्षेत्र की बात करें शिक्षा, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल, सड़क सहित अन्य। जनभावनाओं से जुड़े राम मंदिर निर्माण, 370 धारा का खत्म कर एक देश एक निशान, एक परिधान, एक विधान लागू हुआ। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में स्थापित किया है।

# दो नाबालिगों के साथ गैंग रेप चार अभियुक्त पुलिस हिरासत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- गैंगरेप में शामिल अभियुक्त को पकड़ने गयी पुलिस पर हुआ जानलेवा हमला
- गांव में बैठक बुलाने पर पीड़िता की पिटाई, पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

**गुमला।** शहर से सटे एक गांव में दो नाबालिक बच्चियों के साथ गैंग रेप का मामला प्रकाश में आया है। वहीं दुष्कर्म में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर अभियुक्त के पिता ने टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें गुमला थाना के पुअनि विवेक चौधरी जख्मी हो गये। दुष्कर्म का मामला का खुलासा 16 दिनों के बाद एक पीड़िता के द्वारा परिजनों को जानकारी देने पर हुई। तब गांव में एक बैठक बुधवार को बुलायी गई थी। जहां बैठक में ही एक युवक ने दुष्कर्म पीड़िता के साथ मारपीट आरंभ कर दी। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और मामला पुलिस तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि एक मई को गांव में एक शादी समारोह था। जहां दुष्कर्म पीड़ित नाबालिक लड़कियों के साथ दुष्कर्म में शामिल युवक नाच गा रहे थे। इसी दौरान रात में एक 15 वर्षीय नाबालिक के साथ चार युवकों ने व एक 13 वर्षीय नाबालिक जो अनाथ है उसके साथ तीन युवकों ने अगवा कर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने वाले युवक भी नाबालिक बताये जा रहे हैं जो उसी गांव के हैं। पुलिस ने दुष्कर्म में शामिल चार अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है। साथ ही पुलिस पर हमले करने वाले अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है। इधर बुधवार की बैठक में हुए मारपीट के बाद पीड़िता व उसकी मां गायब गांव छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चली गई थी जो गुरूवार शाम को वापस लौटी। वहीं गुरूवार को गुमला थाना परिसर में पीड़िता के पिता अपनी बच्ची व पत्नी के गायब होने से परेशान था। साथ ही वह घटना को लेकर फुट फुट कर रोता नजर आया। वहीं पुलिस पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व भी उसी गांव में एक विक्षिप्त युवती के साथ भी गैंगरेप का मामला आया था।

# हैंडपंप बेकार, एक सौर ऊर्जा नल के सहारे 250 परिवार

- शिकायत के बाद विभाग ने नहीं ली सुधार की सुध, अब पानी के लिए ग्रामीण परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** झुलसा देने वाली गर्मी के बीच प्रखंड के गड़रपो पंचायत अंतर्गत ग्राम पलमी मे सैकड़ो ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहा है। यह समस्या पिछले एक साल से बनी हुई है। पंचायत के सबसे अधिक आबादी वाले आदिवासी बहुल पंचायत के पलमी मे आदिवासी, महली और मुस्लिम समाज के 250 परिवारों की बसाहट वाला पलमी मे एक सोलर जलापूर्ति के सहारे अपनी पेयजल समस्याओं की पूर्ति कर रहा है।

यहां पीएचई विभाग ने तीन हैंडपंप बोर कराये हैं। लेकिन इनमें सभी हैंडपंप चट्टान के कारण सफल नहीं हो सका। अधिक घनत्व और पानी की समस्या को लेकर पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा से संचालित नलजल योजना स्थापित की गयी थी। जिसके भरोसे सैकड़ों परिवार अपना प्यास बुझा रहे हैं। पीएचई विभाग द्वारा सालभर से अधिक समय से खराब हैंडपंपों का मेंटनेंस नहीं कराया गया है।

विभाग का कहना है कि बजट के माध्यम से मेंटनेंस कराया जाता है, जो अबतक नहीं आया है। वार्ड सदस्य लगन देवी का कहना है कि पूर्व में हैंडपंप में आयी खराबी को लेकर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद भी विभाग के द्वारा इसकी मरम्मत नहीं करायी जा रही हैं। जिसके कारण आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की इस बस्ती में महिलाओं व बच्चों को सुबह होते ही पानी के लिए मशक्कत करना आरंभ हो जाता है। पानी के लिए लोगों की भीड़ सोलर जलापूर्ति पर इकट्ठा लग जाती है।



सोलर जलमीनार के पास पेयजल के लिए जुटी लोगों की भीड़।

**गर्मी में टूट जाता है हैंडपंपों का दम :** ग्रामीण बताते है कि गांव में तीन हैंडपंप हैं, इनमें सभी हैंडपंप से पानी नहीं निकलता है। ग्रामीणों ने बताया सोलर जलापूर्ति खराब हो जाने पर दो किलोमीटर दूर से पेयजल लाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से पेयजल की समस्या को दूर कराने की मांग की है। इधर पंचायत के मुखिया सुमित उरांव ने बताया की पलमी गांव में पेयजल समस्या को लेकर पंचायत प्रशासन पुरी तत्परता से लगी हुई है। तीन बार डीप बोरिंग कराया गया पर सफल नहीं हो सका। जल नल योजना को पंचायत मे सर्व प्रथम पलमी से शुरू करने की रूप रेखा तैयार की गयी है। जल नल योजना से पलमी कि पेयजल समस्या दूर हो जायेगी।

### बाइक के धक्के से साइकिल सवार पारा टीचर की मौत

**घाघरा।** प्रखंड के गम्हरिया भद्रकाली होटल के समीप बुधवार की रात करीब 8 बजे बाइक की टक्कर से साइकिल सवार चाची निवासी पारा टीचर बालकेश्वर तिवारी की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच उन्हें घाघरा अस्पताल लायी। घटना के बाद बाइक चालक बाइक छोड़ फरार हो गया। पुलिस बाइक जब्त कर थाना ले आयी। जानकारी के अनुसार मृतक कंडरा किसी काम से साइकिल से गये थे। लौटते समय गम्हरिया भद्रकाली होटल के समीप बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे घटना घटी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। मृतक बालकेश्वर तिवारी प्राथमिक विद्यालय बड़ा चाची स्कूल में पारा टीचर के रूप में कार्यरत थे।

### आज होगा तीन सड़कों का शिलान्यास

**लोहरदगा।** जिले में आज तीन सड़कों का शिलान्यास होगा। इस कार्यक्रम में विधायक लोहरदगा सह मंत्री योजना सह वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शामिल होंगे। लोहरदगा जिले के जीमा से बराठपुर, मन्हो से भक्सो मोड़, भक्सो से ऐने, नदी नगड़ा, बाघी पथ कुल तीन पथों का शिलान्यास होगा।

### गुमला : कांग्रेस कला संस्कृति और फिल्म विभाग के प्रदेश चेयरमैन ने किया सिसई का दौरा



**सिसई।** कांग्रेस कला संस्कृति व फिल्म विभाग के प्रदेश चेयरमैन सह सिसई विधानसभा युवा नेता भानु प्रताप बड़ाईक ने सिसई प्रखण्ड के छारदा, भुरसो, बोंडो, पुसो, शिवनाथपुर पंचायतों का दौरा किया। इस क्रम में कांग्रेस पुसो मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र लोहरा की अध्यक्षता में बोण्डो पंचायत के सुरसा गांव में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर बैठक रखी। जहां कोटरी से सुरसा बस्ती होते हुए टंगरा बगीचा वेदाल चौक तक लगभग पांच किमी जर्जर अवस्था में पडे सड़क को जल्द बनवाने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपा। मांग पत्र में ग्रामीणों ने जिक्र किया है कि सड़क जर्जर होने से गांव के आसपास स्थित मंदिर, मस्जिद या बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। जिस पर भानु प्रताप बड़ाईक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस समस्या को ग्रामीण मंत्री के पास रखा जायेगा और जल्द इसका हल निकाला जायेगा। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी पंचायत मुखिया सोनी तिर्की, मंडल अध्यक्ष जितेन्दर लोहरा, छोटा अंजुमन के सेकेट्री जुबेर अंसारी, अहमद पंवाररिया, सरमन कुमार साहू रामकिशुन सिंह, सीता राम, बिना उरांव थे।

# मौन धारण कर दी गयी किस्को के अंचल निरीक्षक को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**भंडरा।** किस्को प्रखंड के तत्कालीन अंचल निरीक्षक का बीते शाम सड़क दुर्घटना में निधन पर गुरुवार को भंडरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मौन धारण के बाद कामकाज शुरू किया गया। भंडरा प्रखंड में अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रखकर आत्म शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बुधवार को किस्को प्रखंड से लोहरदगा आने के दौरान बंजार किस्को के समीप सड़क दुर्घटना में मौत की खबर से स्तब्ध रह गये। अंचल निरीक्षक सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में रुचि तथा मिलनसार स्वभाव के चलते लोगों से गहरा जुड़ाव रहा। सोशल प्लेटफार्म पर सैकड़ों लोगों ने अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की। भंडरा प्रखंड कार्यालय में सीओ दिनेश गुप्ता, अविनाश कुमार, मुखिया सुमित उरांव, सुमित जयसवाल, रवि कुमार, अनिल कुमार, मंगरा उरांव सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की।

# अनुमंडल, प्रखंड कार्यालय व नगर क्षेत्र में पीएचसी व वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला के 40वें स्थापना दिवस पर गुरूवार को अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड सह अंचल कार्यालय गुमला एवं नगर स्थित नव निर्मित पीएचसी सेंटर का भी उदघाटन किया गया। कार्यालयों का उदघाटन उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता , एसडीओ सदर रवि जैन, नगर परिषद प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने किया। इन कार्यालयों में बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उदघाटन गुरुवार को श्री क्षेत्र के चेटर स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र सह वेलनेस सेंटर का उद्घाटन स्थानीय महिलाओं ने किया। इस दौरान उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन, कार्यपालक दंडाधिकारी, डीपीएम , नगर प्रबंधक आदि भी मौजूद थे।

# आसमान से बरस रही आग के चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा

- गर्मी के कारण दोपहर में भंडरा में सूनी हो गयी सड़कें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** गर्म हवाओं लू के थपेड़ों ने लोगों को घरों में दुबकने को विवश कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार चल रही रही गर्म हवाओं लू के चलते दोपहर के समय भंडरा के बाजार और सड़कें सुनसान हो जाती हैं। लोग लू के कारण जहां घरों से नहीं निकलते हैं, वहीं बाजारों में दुकानदारों को इस लू ने भारी मंदी का सामना करने को विवश कर दिया है। सुबह 8 बजे से ही गर्मी शुरू हो जाती है जो कि सायं 5 बजे तक भी पूरे प्रचंड रूप में रहती है। दोपहर के समय तो मानों ग्रामीण इलाके में सन्नाटा पसर जाता है। इन गर्म हवाओं के कारण लोग बुरी तरह बेहाल है। आसमान से बरस रही आग इंसान के साथ-साथ पशुओं पर भी कुप्रभाव छोड़ रही है।

**पशुओं का दूध भी आधे से कम हो गया है**



कई पशु पालकों ने बताया कि लू के चलते उनके पशुओं का दूध आधे से भी कम होकर रह गया है और पशुओं के लिए चारा सूख रहा है तालाबों का पानी भी सूख रहा है, जिससे पशुओं को पानी पिलाने के भी लाले पड़ गये हैं। चाहे खेत हो या खलिहान दोपहर को हर जगह सन्नाटा पसर जाता है। पिछले एक सप्ताह में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। दिन के समय में तेज गर्मी के साथ उमस पड़ने लगी है। लोगों ने गर्मी के कारण दिन व रात में पंखे, कूलर व एसी भी चला शुरू कर दिया है। वहीं शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गयी है। लोगों का कहना है कि इस साल जो गर्मी पड़ रही है वैसी गर्मी पिछले साल नहीं थी। मौसम के अचानक बदलने और तापमान में बढ़ोत्तरी लोगों को बीमार कर रही है। सर्दी-खांसी, वायरल फीवर, सिर दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ने लगी है।

**इस मौसम में एहतियात जरूरी :** डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मौसम में एहतियात बरतना बेहद जरूरी है। अचानक एसी व कूलर में जाने, फ्रिज का ठंडा पानी पीने, सीधे तेज धूप में जाने से बचना चाहिए। नहीं तो स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**ज्यादा मसालेदार खाने से बचें :** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि ऐसे मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान दें। ज्यादा मसालेदार और बासी भोजन करने से परहेज करें। गर्मियों में दही नियमित लेने से शरीर का तापमान काबू में रखने में मदद मिलती है। इस मौसम में दही उत्पाद स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी है।

# रागी मिलेट कैफे में मिलेंगे जोहार रागी ब्रांड के उत्पाद

- **रागी मिशन में जुड़ा नया अध्याय :** गुमला में खुला राज्य का पहला मिलेट कैफे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** वर्ष 2022 में उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिले में रागी मिशन का शुभारंभ हुआ था। जिसके तहत जिले भर के हजारों किसानों ने इस योजना से जुड़ कर रागी के क्षेत्र में अपना उत्पाद बढ़ाया। एक तरफ जहां किसानों के बीच निःशुल्क रागी के बीज बांटते हुए रागी के उत्पाद को बढ़ाया गया। वहीं दूसरी ओर, रागी प्रोसेसिंग यूनिट का भी अधिष्ठापन किया गया एवं सैंकड़ों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार भी दिया गया।



मिलेट कैफे का उद्घाटन करते उपायुक्त व अन्य।

**खास बातें :** पिछले वर्ष उपायुक्त ने रागी से निर्मित आटा एवं लड्डू का लॉन्च किया था। इस वर्ष रागी से निर्मित भजिया, ठेकुआ, बिस्किट एवं नमकीन का लॉन्च किया गया। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए आज रागी के उत्पाद को वृहत रूप देने के लिए जिले के 40वें स्थापना दिवस पर उपायुक्त सुशांत गौरव की उपस्थिति में एसएचजी महिलाओं के हाथों झारखंड के पहले मिलेट कैफे का उद्घाटन जिले में किया गया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप मेन रोड में निर्मित मिलेट कैफे में जोहार ब्रांड तले रागी से निर्मित दर्जनों उत्पादों को सजाया गया है जहां से लोग उसकी खरीद कर सकेंगे। मिलेट कैफे में मिलने वाले उत्पाद केमिकल रहित हैं जो पूर्ण रूप से सेहत के लिए हितकारी साबित होते हैं। बताते चलें कि रागी से निर्मित सभी उत्पाद भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक (एफएसएसएआई) ने प्रमाणित किया है। इस दौरान डीडीसी हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, एसडीओ सदर रवि जैन, सहायक दंडाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## नाली निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

**रमना।** गुरुवार को सिलीदाग पंचायत के पासी टोला में प्यारी राम के घर से बड़ा पुल तक नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन मुखिया अनीता देवी ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि नाली निर्माण कार्य 15वां वित्त मद से किया जा रहा है। जिसकी प्राक्कलित राशि एक लाख सत्तर हजार रुपए है। उक्त नाली के बन जाने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने- जाने में अब कोई परेशानी नहीं होगी। साथ ही घर का पानी निकास में भी परेशानी नहीं होगी।

## पनघटवा के युवक की हरियाणा में मौत

**धुरकी।** प्रखंड के पनघटवा गांव निवासी राजेश यादव के 19 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र यादव उर्फ भोला यादव की मौत हरियाणा के क्रेशर प्लांट में हो गई। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र उर्फ भोला यादव दो महीना पहले हरियाणा के एक क्रेशर प्लांट कंपनी में काम करता था। काम के दौरान अचानक फाइन बेल्ट के चपेट में आने से भोला बुरी तरह जख्मी हो गया, जहां उसे आनन-फानन में इलाज के लिए हरियाणा के अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## एकदिवसीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता 21 को

**चतरा।** जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 21 मई को कपूरी ठाकुर भवन, इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय आमंत्रण ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के तहत आयोजित होगी तथा इस प्रतियोगिता में यू-15 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल का प्रथम चक्र सुबह 07:00 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक हैं वे जिला खेल कार्यालय से सपर्क कर अपना नामांकन दर्ज करा सकते है।

## दो दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**इटखोरी।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को समापन किया गया। समापन के दिन भी विद्यालय परिसर में खेलकूद तथा गीत संगीत का आयोजन किया गया। खेलकूद व गीत संगीत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सम्मानित भी किया गया। समर कैंप के समापन के दिन विद्यालय परिसर में सबसे पहले कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

## दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाशचन्द्र गुग्गी और रांची से आये एमएफटीएल सेफ्टी ऑन व्हील वाहन के द्वारा कोडरमा नगर पंचायत, झुमरीतिलैया और चंदवारा स्थित बाजारों के औचक निरीक्षण कर 60 दुकानों से दूध का सैम्पल कलेक्ट कर जांच किया गया, हालांकि जांच में किसी प्रकार का मिलावट नही पाया गया। वहीं जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह का जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

## विद्युत चोरी करते पकड़े गये लोगों पर लगा जुर्माना

**डोमचांच (कोडरमा)।** विद्युत विभाग की टीम के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी किया गया। छापेमारी के दौरान नौ लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। पकड़े गए लोगों पर विद्युत विभाग द्वारा जुर्माना भी लगाया गया। वहीं इस संबंध में कनीय विद्युत अभियन्ता भामा पद टुडू ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। जिसमें तेतरियाडीह निवासी तुलसी दास पर बारह हजार रुपया, उमेश सिंह कदवारा पर 8125 रुपया, गणेश सिंह कदवारा पर 6000 रुपया, उदय सिंह तेतरियाडीह पर 10000 रुपया, वीरेंद्र राणा सिंगलोडीह पर 8000 रुपया, राजेश राम काराखूट पर 10000 रुपया, विनोद यादव काराखुट पर 6000 रुपया, राजू यादव बगड़ो पर 10000 रुपया व अब्दुल रॉफ बगरीडीह पर 8000 रुपया जुर्माना लगाया गया।

# कोडरमा सदर अस्पताल में कार्डियोलॉजी ओपीडी शुरू

### माह के प्रत्येक मंगलवार व गुरुवार को हृदय रोगियों का होगा इलाज, उपायुक्त की पहल पर जिला को मिला सौगात



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने हृदय रोगियों की समस्याओं को देखते हुए आवश्यक पहल के बाद सदर अस्पताल में हृदय रोग ओपीडी की शुरुआत गुरुवार से हुई। इससे जिले के हृदय रोगियों को काफी लाभ होगा। सरकारी स्तर पर मरीजों की इलाज उपलब्ध होने से हृदय रोग से जुड़े मरीजों को काफी राहत मिलेगा। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अब प्रत्येक माह के मंगलवार एवं गुरुवार को सदर अस्पताल में हृदय रोगियों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार और गुरुवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार द्वारा दिल के मरीजों का इलाज किया जाएगा, जबकि माह के तीसरे शनिवार को पारस हॉस्पिटल एचईसी रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा के द्वारा मरीजों का आवश्यक जांच और इलाज किया जाएगा।

बहरहाल सदर अस्पताल में हृदय रोग से सम्बंधित ओपीडी के शुरुआत होने से जिले के हृदय रोगियों को काफी लाभ होगा।

## स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण का प्रयास



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड की 10 वर्षीय छात्रा को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण करने का प्रयास का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार सुबह 730 बजे की बताई गई है। इसे लेकर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव की ओर से थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा गया है कि विद्यालय की वर्गः पांचवी की छात्रा परिधि पासवान प्रतिदिन की भांति मंगलवार को गोहाल से बस से विद्यालय पहुंची थी तथा कॉपी खरीदने के लिए दुकान पर गई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंच कर परिधि को बुलाया और बताया कि तुम्हारे पापा तुम्हें पिपचो बुला रहे हैं। मैं तुम्हारे पापा का मित्र हूं इसलिए मेरी गाड़ी में बैठो और चलो। इसी दौरान जब परिधि वहां पहुंची और अपने पिता को नहीं देखा तब वह चिल्लाने लगी। इसी बीच बाइक पर पीछे सवार एक व्यक्ति ने उसका मुंह दबा दिया तो छात्रा ने उसे दांत कांटा और बाइक से कूद गयी। उक्त व्यक्ति ने छात्रा के पिता चंदन पासवान को इसकी सूचना दी। वहीं थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## उपायुक्त का सतगावां दौरा, कई विद्यालयों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का उपायुक्त आदित्य रंजन गुरुवार को निरीक्षण किया। स्कूल खुलने के उपरांत सुबह लगभग 8 बजे ही सुदूरवर्ती कोठियार पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचाने से निरीक्षण प्रारंभ हुई, जहां जांच के क्रम में बच्चों से प्रोजेक्ट इंपेक्ट कार्यक्रम के बारे में पूछा गया तथा प्रार्थना सभा एवं चेतना सत्र के बारे में पूछा गया, जिसके दौरान बच्चों ने उक्त प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद बच्चों ने स्कूल में शिक्षकों की कमी के बारे में भी शिकायत की, जिस पर उपायुक्त ने शिक्षक देने की आश्वासन दिया। वहीं जंगली क्षेत्र में ही दोनैया उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां शिक्षकों को कुछ जरूरी निर्देश दिये। वहीं मध्य विद्यालय बासोडीह में भी वर्ग 7 में जाकर बच्चों से विद्यालय की गतिविधि के बारे में पूछताछ किये, जहां बच्चों ने ठीकठाक जबाव दिया। तूफानी दौरा के दौरान कारवां उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरचोई पहुंची, जहां विद्यालय प्रभार को लेकर शिक्षक को फटकार लगाई एवं जरूरी गतिविधि में लापरवाही को लेकर सभी शिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश दिये। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रजवार में भी उपायुक्त ने शिक्षकों को जरूरी निर्देश दिए, जिसके बाद उत्क्रमित उच्च विद्यालय पोखरडिहा में भी निरीक्षण के दौरान प्रभार का समस्या देखी गई, जहां विद्यालय प्रभार उच्च विद्यालय के शिक्षक के जिम्मे है और मध्याह्न भोजन का संचालन किसी दूसरे शिक्षक के पास है। उपायुक्त ने उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिये।

## बैंक खाता खुलवाने को लेकर शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता


**मरकच्चो (कोडरमा)।** एरिया मैनेजर विमलकांत झा के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो शाखा के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाने को लेकर प्रखंड के पपलो पंचायत के नावाडीह 2 स्थित बीसी सेंटर पर शिविरों का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 395 ग्राहकों का बचत खाता और 2 चालू खाता का आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमे से 195 खाता खोल दिया गया। वहीं शिविर को संबोधित करते हुए विमलकांत झा ने कहा कि शिविर का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा ग्राहकों से बेहतर और मजबूत संबंध बनाने हेतु किया गया। शिविर मुख्य रूप से उन ग्राहकों के लिए था जो कि किसी कारणवश बैंक से नहीं जुड़ पाये थे। उन्हें बैंक के द्वारा योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहकों के रुझान को देखते हुए बैंक एक मौका वैसे लोगों को देगी जो किसी कारणवश आज के इस कैम्प में नहीं आ पाए और बैंक से जुडने से वंचित रह गए। मौके पर शाखा प्रबंधक संतोष कुमार आनंद, दशरथ यादव उर्फ संजू, मिथलेश कुमार, अजय कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## विद्यालय में बच्चों ने लिया स्विमिंग पूल का आनंद

**कोडरमा।** जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किड्स पैराडाइज के नन्हे बच्चों के लिए चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से राहत के लिए विद्यालय में छोटे-छोटे स्विमिंग पूल की व्यवस्था की गई। बच्चों ने इस स्विमिंग पूल में नहा कर खूब मस्ती किया। बच्चों ने इस भीषण गर्मी में संगीत की धुन और गुब्बारों के बीच उछल कूद कर भरपूर आनंद उठाया। बच्चे अपनी खुशियों को जाहिर करने के लिए विभिन्न तकनीकी तरीकों को अपनाते हैं।

## अतिक्रमण के नाम पर व्यवसायियों को किया जा रहा प्रताड़ित : सत्येंद्रनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी।

**गढ़वा।** शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं। अतिक्रमण हटाने में प्रशासन की ओर से दोहरी नीति अपनाई जा रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कही। उन्होंने अपने जारी बयान में कहा है कि वह सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाजरत हैं। वह स्वस्थ्य होकर जल्द ही क्षेत्र की जनता के बीच होंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम व्यवसायियों का शोषण कर रही हैं। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारी शहरी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यवसायियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। अगर जिला प्रशासन सही मायने में गढ़वा को अतिक्रमण मुक्त बनाने का पक्षधर हैं, तो सबसे पहले स्थानीय विधायक का कल्याणपुर स्थित आवास को ध्वस्त करें। विधायक मुसहर परिवार के जमीन पर आलाशीन भवन बनाकर अतिक्रमण किए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ विधायक का आवास को ध्वस्त कर एक नजीर पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से छोटे व्यवसायी, प्रत्येक दिन कमाकर खाने वाले लोगों के अलावा ठेला, खोमचा और गुमटी को हटाकर उन्हें प्रताड़ित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस स्थान पर समाहरणालय भवन मौजूद हैं। वह भी अतिक्रमण के दायरा में आता हैं। जिले के उपायुक्त को उक्त स्थान से तत्काल समाहरणालय भवन हटाना चाहिए। उसके बाद गरीब, असहाय और छोटे व्यवसायियों पर अतिक्रमण से संबंधित कार्रवाई करनी चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन स्थानीय विधायक का आवास को ध्वस्त करें। साथ ही समाहरणालय भवन को अतिक्रमण के दायरा से हटाकर ही अतिक्रमण से संबंधित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से अतिक्रमण से संबंधित चल रहे अभियान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नही करने पर वह आम लोगों के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे।

## जमीन विवाद में मारपीट, तीन घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी पंचायत के टीकर टोला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में टीकर टोला निवासी ब्रजेश प्रजापति की पत्नी सुचिता देवी (21) वर्ष, रारो डंडई निवासी कामेश्वर प्रजापति व उनकी पत्नी विमला देवी का नाम शामिल है। घायलावस्था में तीनों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद तीनों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में घायल सुचिता देवी ने बताया कि आज सुबह हमारे पड़ोसी उमेश प्रजापति, लखन प्रजापति, पिता शिव प्रजापति, विनोद प्रजापति, रीना देवी पति उमेश प्रजापति, सुकनी देवी पति लखन प्रजापति, प्रतिमा देवी पति विनोद प्रजापति, रीना देवी पति दीनानाथ प्रजापति, शारदा देवी पति प्रमोद प्रजापति, संध्या देवी पति शम्भू प्रजापति, मीना देवी पति संतोष प्रजापति सहित अन्य लोगों ने हमलोग का घर को तोड़ने लगे। हमलोगों ने घर तोड़ने का विरोध किया तो सभी ने लाठी डंडे और ईट से मारकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने पर आए हमारे माता विमला देवी, पिता कामेश्वर प्रजापति रारो डंडई निवासी को भी मारकर घायल कर दिया। घायल सुचिता देवी ने बताया कि हमलोग का जमीन संबंधित न्यायालय में केस चल रहा है, इसके बावजूद भी हमारे पड़ोसियों के द्वारा घर को तोड़ा जा रहा है और हमलोग के साथ बराबर मारपीट किया जा रहा है।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न



मंच पर बैठे भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में तेतरी चंद्रवंशी बीएड कॉलेज गढ़वा में संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत वंदे मातरम् गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

कार्यक्रम के दौरान आजीवन सहयोग निधी की शुरूआत किया गया। जिसकी शुरूआत भाजपा नेत्री वीणा पाठक ने एक हजार रुपए पार्टी को सहयोग कर किया। मौके पर पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि मोदी सरकार देश के लिए वरदान साबित हुआ है। मोदी सरकार में भारत पुरे विश्व पर दबदबा कायम कर लिया है। मोदी सरकार जनता की सरकार है केंद्र सरकार का हर योजना जनहित से जुड़ा हुआ है। जिलाध्यक्ष श्री केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बुथ स्तर पर हर घर जनसम्पर्क अभियान चलाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धि को लेकर घर घर जाएंगे। आजीवन सहयोग निधी को लेकर कार्यकर्ता हर वर्ग के लोगों से सम्पर्क करेंगे।

साथ ही 23 जुन को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बुथ स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यसमिति बैठक आगामी 23 मई तक पुरा कर लिया जाएगा। राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिए काम करने वाली सरकार है। गढ़वा बाईपास का निर्माण मोदी सरकार करा रही हैं इससे गढ़वा जिले सहित अन्य राज्यों के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा। लेकिन गढ़वा विधायक कहीं भी फीता काट कर अपनी उपलब्धि गिनाते रहते हैं लेकिन जनता को सारा हकीकत पता है। झामुमो सरकार में बैठे लोग विकास विरोधी के रुप में काम कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार, बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। मौके पर महामंत्री संतोष दूबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी, ओमप्रकाश तिवारी, अलखनाथ पाण्डेय, जवाहर पासवान, मुकेश निरंजन सिन्हा, रामचंद्र केशरी, गिरीनाथ सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, विकास स्वदेशी, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, मुरली श्याम सोनी, उमेन्द्र यादव, ठाकुर प्रसाद महतो, स्वाती तिर्की, विजया लक्ष्मी, अनिता गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## अनिश्चितकालीन हड़ताल को मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष ने दिया नैतिक समर्थन




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने एक पत्र जारी कर जनसेवक संघ को जहां नैतिक समर्थन किया है वहीं सरकार और सरकारी अमला को सख्त अल्टीमेटम देते हुए कहा है की अगर इस पर अमल नहीं किया गया तो मुखिया संघ जनसेवक संघ के साथ मिल कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होंगे। मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ग्राम पंचायत धनगड्डा प्रखण्ड- टंडवा, जिला- चतरा (झारखण्ड) के रहने वाले हैं उन्होंने ने सूबे के राज्यपाल एवं झारखंड सरकार को पत्र प्रेषित कर जन सेवक संघ के मांगों का समर्थन किया है।

## कोयला वाहन ने टेंपो को मारी टक्कर दो की मौत, दस लोग घायल

**सिमरिया।** सिमरिया हजारीबाग एन एच 100 पथ स्थित हूरनाली जंगल में बुधवार की देर रात कोल वाहन ने टेम्पु को टक्कर मार दी। जिससे टेम्पु पर सवार दो लोगो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में मनु उरांव 62 वर्ष और गिरसी देवी पति गणेश उरांव 46 वर्ष का नाम शामिल है। दोनो मृतक केरेडारी थाना क्षेत्र के फुसरी गांव के रहने वाले थे। शिला ओपी पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कुछ घायलों का इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तो कुछ घायलों का इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया सक्षम विद्यालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला प्रशासन के नेतृत्व में पिरामल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाढा में गुरुवार को पुस्तकालय व बाला पेंटिंग का उद्धघाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, जिला परिषद् सदस्य निशा कुमारी एवं मुखिया अमिता कच्छप द्वारा हुआ। विद्यालय में पुस्तकालय एवं बाला पेंटिंग हो जाने से बच्चों में काफी उत्साह है, अब बच्चे पुस्तकालय में तरह तरह की किताबों को पढ़ कर सीख सकेंगे तथा विद्यालय के हर कोने, हर दीवार, पिलर आदि से कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक सीखेंगे, यहां गणित, पर्यावरण, योग, जल बचाओ, सौरमंडल, स्वच्छता, अंग्रजी आदि तमाम विषयों के बारे में जानकारी दी गई है।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समेत अन्य विभागों की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों का गहन समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अभियोजन स्वीकृति अन्तर्गत प्राप्त सभी प्रस्तावों के प्रक्रियाधीन एवं निष्पादित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कारा सुरक्षा की समीक्षा में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिष्ठापित यंत्रों तथा विधि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा एवं अन्य से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई तथा जंगलों में आगजनी की घटनाओं के रोकथाम एवं उपायों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## छात्र प्रतिनिधि, वित्त विभाग, प्रोग्राम अध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी का चुनाव संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय चतरा के बीएड संभाग में गुरुवार को छात्र प्रतिनिधि , वित्त विभाग, प्रोग्राम अध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी के लिए चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें छात्र प्रतिनिधि के तौर पर संदीप कुमार एवं पुष्पा कुमारी, वित्त विभाग अध्यक्ष के रूप में, गोडसन एक्का तथा श्वेता गुप्ता, प्रोग्राम अध्यक्ष के रूप में रश्मि कुमारी एवं रूपेश कुमार तथा मीडिया प्रभारी के रूप में विकास कुमार एवं सोरेन मुंडा का चयन किया गयो इस मौके पर बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा की निश्चित ही छात्र प्रतिनिधि के निर्देशन में 2022- 24 के सारे प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह, डॉ मोहम्मद मुमताज अंसारी, शोभा कुजुर, कंचन सोए मुर्मू, ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रेम बसंत बाखला तथा अमित कुमार सिंह ने चयनित छात्राओं को बधाइयां एवं अपने आशीर्वचन दिए। इस मौके पर बीएड के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# धनबाद: पत्रकार को मारी गोली, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में अपराधियों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। बलियापुर में बुधवार की रात लगभग 10:00 बजे अज्ञात अपराधियों ने एक दैनिक अखबार के पत्रकार प्रवीण कुमार महतो को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रवीण को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए बलियापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने इलाज किया लेकिन लगातार गिर रहे ऑक्सिजन लेवल को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार गोली उसके कमर के बाएं हिस्से से गुजरते हुए रीड की हड्डी में जा फंसी है।

घटना की जानकारी मिलते ही बलियापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने कहा कि जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गिरफ्तारी होगी। इधर घटना को लेकर धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने कहा कि पत्रकार पर हमले की छानबीन की जा रही है हमलावर जल्दी पुलिस के गिरफ्त में होगा। बलियापुर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं प्रवीण ने बताया कि वे रात 10:00 बजे के करीब बलियापुर बाजार से बाइक पर सवार होकर अपना घर रखितपुर जा रहा था इस दौरान रखितपुर के समीप तीन अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया। सभी लोगों का चेहरा खुला हुआ था, लेकिन वह किसी को नहीं पहचानता है।



### पत्रकारों ने घटना की निंदा की

पत्रकार पर हुए इस हमले को लेकर जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। प्रेस क्लब कतरास एवं प्रेस क्लब धनबाद के सभी पदाधिकारियों ने इस घटना की घोर निंदा की है एवं वरीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

## अपराधियों की गिरफ्तारी की सर्वदलीय हो रही मांग

**सिंदरी।** बुधवार की रात पत्रकार को गोली लगने के बाद एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। जहाँ चिकित्सकों ने फिलहाल गोली निकालने पर संशय जाहिर करते हुए कहा है कि शरीर को फिलहाल गोली से कोई नुकसान नहीं है। दो तीन दिन बाद सामान्य स्थिति होने पर शरीर से गोली निकाल ली जाएगी। घटना को लेकर कुड़मी युवा मोर्चा, पत्रकारों व विभिन्न दलों के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। इसको लेकर बलियापुर सहित कुछ क्षेत्रीय पत्रकारों ने बलियापुर पल्स टू हाइस्कूल में बैठक की। सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व जिप सदस्य तारा देवी ने कहा कि देश के चौथे स्तंभ पत्रकार पर गोली चलाने की घटना से आहत हूँ। बलियापुर जैसे ग्रामीण व शांत इलाकों में गोली चालन की घटना कहीं से भी बर्दाश्त करने लायक नहीं है। घायल पत्रकार की स्थिति ठीक है। लगातार चिकित्सकों व परिजनों के संपर्क में रहकर स्थिति का जायजा लेते रह रही हूँ। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधिक घटनाओं से आमजनता में भय व आक्रोश का माहौल है। वर्तमान सरकार से मांग करती हूं कि प्रशासन इस पर अविलंब कानूनी कार्रवाई करे। मासस के केन्द्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि चौथा स्तंभ पर हमला अचंभित करनेवाला है। बलियापुर में इस प्रकार की घटना निंदनीय है।

## धनबाद स्टेशन पर सनकी युवक ने अनजान व्यक्ति पर चाकू से किया हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रेलवे स्टेशन पर एक अजीबो-गरीब घटना घटी। एक सनकी युवक ने व्यक्ति को चाकू मार दिया। कारण जानकर आप हैरान रह जाएंगे। व्यक्ति का उस युवक से ना कोई विवाद था और ना ही दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा ही हुआ था। आरोपी युवक ने बताया कि व्यक्ति उसको देख रहा था, इसी कारण उसने चाकू निकाल कर हमला कर दिया। घटना के बाद स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। बाद में आरपीएफ ने आरोपी युवक को धर दबोचा।

### अस्पताल में भर्ती

महावीर को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। महावीर ने भी पुलिस को दिए बयान में बताया कि वो आकाश को नहीं जानता है। पहली बार उसे देखा है. उसने बताया कि व्यक्ति स्टेशन पर चाकू लिए हुए था, इस कारण उसे देख रहा था। इसी में आरोपी आकाश ने उस पर हमला कर दिया। महावीर बलियापुर प्रखंड प्रधानखन्ता का रहने वाला है। वहीं आरोपी सनकी आकाश धनबाद थाना क्षेत्र के खटीक पट्टी के काली बस्ती का रहने वाला बताया जा रहा है।

### कैसे हुई घटना

सनकी युवक आकाश वाराणसी पैसेंजर ट्रेन से धनबाद पहुंचा था। वह पहले से ही हाथ में चाकू लिए ट्रेन से उतरा। पीड़ित महावीर उसकी हाथों में चाकू देखकर आशंकित था। महावीर को शक था कि ये चाकू से किसी पर भी हमला कर सकता है और हुआ भी ऐसा ही। महावीर उसके एक्टिविटी को गौर से देख रहा था यही बात आरोपी युवक को नागवार गुजरी। इसी को लकर आकाश ने चाकू से हमला कर दिया। उसने स्वीकारा कि महावीर से उसका कोई पंगा नहीं था।

स्पीड न्यूज

## बेटे ने मां को घायल कर किया ममता का अपमान

**बोकारो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत नयी बस्ती में विगत दिनों कलयुगी बेटे ने नशे की हालत में अपनी मां का सिर ईंट से मारकर फोड़ डाला। बताया जाता है कि नयी बस्ती निवासी वीरचंद गोप का 30 वर्षीय पुत्र रुपेश कुमार यादव नशे की हालत में अपने पिता से रुपये की मांग कर रहा था। रुपया नहीं दिये जाने पर वह पिता के साथ मारपीट करने लगा। पिता पुत्र में झगड़ा होता देखकर रुपेश की 65 वर्षीय मां मुनवा देवी बीच बचाव करने आयीं तो रुपेश ने ईंट उठाकर मां के सिर पर मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गयी। रुपेश मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना के सअनि प्रेम मोहन झाए अरविंद सिंह जवानों के साथ पहुंचे और उसे लेकर हॉस्पिटल आए जहाँ डॉ अभिषेक कुमार ने घायल का इलाज किया। पिता ने थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र के खिलाफ आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय थाना में मामला दर्जकर लिया गया है।

## बालू घाट का विवाद सीमांकन के बाद समाप्त

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के कापासारा/सुन्दरनगर बालू घाट व डुमरकुंडा बालू घाट का विवाद आज सीमांकन के बाद समाप्त हो गया और ग्रामीण क्षेत्रो से बालू का उठाव शुक्रवार से पुनः प्रारंभ हो जाएगा। अंचल कर्मियो द्वारा मापी करते हुए बताया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के सुन्दरनगर श्मसान घाट के दो सौ मीटर दुरी से ही नगर परिषद की सीमा प्रारंभ हो रहा है जहा से बालू का उठाव पुर्णतः बंद रहेगा वही उसके बाद पंचायती क्षेत्र डुमरकुंडा घाट प्रारंभ हो जाएगा वहा से बालू का उठाव होगा। मौके पर पुर्व नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी, अंचलकर्मी अशोक कुमार महतो,सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन अजय पासवान आदि थे।

## डीएसएमएम की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत मधुकरपुर धुमधुमीटाड़ विद्यालय परिसर स्थित दलित शोषण मुक्ति मंच की पंचायत स्तरीय बैठक जीतलाल तूरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से माकपा नेता शकूर अंसारी उपस्थित थे। मंच के प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक रजक ने आगामी 24 मई को मधुकरपुर स्थित धुमधुमीटाड़ में आयोजित दलितों के महाजुटान में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया।

# चलकरी में अवैध कोयला स्टॉक पर छापा

**89 टन कोयला जब्त**

**कोल माफिया ट्रकों से अवैध कोयला को भेजते हैं बंगाल और बिहार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार थाना क्षेत्र के चलकरी दक्षिणी पंचायत के बाबा परगना घरोंम गढ़ व बारुगोडा के समीप कोयला माफिया द्वारा अवैध कोयला स्टॉक पर बीते रात्री पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की और लगभग 89 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। बताता चलू की कोयला माफियाओं द्वारा इन अवैध कोयले को बड़ी वाहन से बंगाल व बिहार ले जाया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवान सदलबल के साथ छापेमारी किया। जिसमें बाबा परगना धरोम गढ़ के जंगल मे रखे अवैध कोयला स्टॉक के 80 टन कोयला बरामद हुई है तथा बारुगोडा से 9 टन कोयला जब्त किया। दोनों स्थानों से लगभग 89 टन अवैध कोयला बरामद की गई ।इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते बताया कि गुप्त सूचना मिली कि चलकरी में अवैध कोयला का कारोबार किया जा रहा है। मंगलवार देर रात्रि छापेमारी किया गया जब्त किये कोयलों को हाइवा ट्रक के द्वारा थाना ले जाया गया। आगे उन्होंने बताया कि इस अवैध कोयले के कारोबारों में संगलित 5 माफियाओं पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। चलकरी में कोयला माफिया निडरता के साथ कोयला स्टॉक कर कोयला दूसरे राज्य तक भेजता है ।अवैध कारबारो में कड़ी निगरानी रखते हुई अग्रसर करवाई करते हुए 5 कोयला माफियाओं पर कार्रवाई किया जा रहा है। मैं अपने कार्य क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध कारोबार नही चलने दिया गया है।

## कोयले के अवैध धंधा को रोकने के लिए सीआईएसएफ के एडीजी उपायुक्त से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में कोयला चोरी को रोकने के लिए सीआईएसएफ के एडीजी पीयूष आनंद धनबाद पहुंचे। जिसमें बीसीसीएल के सीएमडी जिला प्रशासन के अधिकारी और एसपी से मिलकर कोयला चोरी रोकने के लिए ठोस पहल करने की बात कही। सीआईएसफ एडीजी ने कहा कि पुलिस सिर्फ छोटे-मोटे कोयला चोर पर कार्रवाई ना करे बल्कि इसमें सम्मिलित सिंडिकेट और बड़े कोयला चोरों पर कार्रवाई करें ताकि कोयला चोरों को चिन्हित किया जा सके। वही उपायुक्त से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए एडीजी ने बताया कि यह रिव्यू मीटिंग है जो अक्सर किया जाता है। बीसीसीएल के अधिकारी और आपके अधिकारी से पहले मीटिंग किया जा चुका है। आज उपायुक्त से मिलकर बात हुई है। कोयला चोरी की जानकारी लोगों से देने की अपील किया ताकि इस पर अंकुश लगाया जा सके। वही राज्य सरकार के द्वारा जिला टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है और छापेमारी भी की जा रही है । पर कोयला चोरी पर रोक नहीं लग पा रहा है । हालाकि इसको लेकर जिला टास्क फोर्स के द्वारा आधुनिक उपकरणों का प्रयोग भी किया जा रहा है।

## लाल झंडे के सच्चे सिपाही को खो दिया

**सिंदरी।** सीपीआईएम नेता स्व सुबोध सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर गुरुवार को सिंदरी के केडी कॉलोनी में सीपीआईएम सिंदरी - बलियापुर लोकल कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा की गई। सुरेश प्रसाद ने कहा कि हमने लाल झंडे के सच्चे सिपाही को खो दिया। सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता काली सेनगुप्ता ने कहा कि सुबोध सिंह मार्क्सवादी दर्शन से लैश थे। उनकी असमय मौत से पार्टी को बड़ी क्षति हुई है। अध्यक्षता करते हुए सीपीआईएम के सिंदरी बलियापुर क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि सुबोध सिंह के द्वारा छोड़े गए अधूरे कार्य को पूरा करेंगे।

## बोकारो : प्रश्रय सेवा संगठन ने शुरू किया निशुल्क विद्यालय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** प्रश्रय सेवा संगठन द्वारा बीआईटी प्रांगण में निशुल्क विद्यालय की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माराफारी थाने के सब इंस्पेक्टर संदीप रवि ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं लेखन सामग्री भेंट की। संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा ने कहा कि विद्यालय नहीं जा सकने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए संगठन के सौजन्य से यह एक प्रयास हैए आगे इसके प्रसार के सम्बन्ध में विचार किया जायेगा। मौके पर जलेश्वर सावए इंदु तिवारीए डीके त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**कलश यात्रा में शामिल हुए दीप नारायण सिंह**

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** गुरुवार को तोपचांची, पावापुर में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री हनुमान - शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ जल यात्रा का आयोजन यज्ञाचार्य शंकर शरण शास्त्री (वारानसी) के नेतृत्व में किया गया। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। जल यात्रा पावापुर यज्ञ मंडप से चलकर तोपचांची झील पहुंचा। जहां विधि - विधान के साथ पूजा अर्चना कर जल भरण किया गया और पुनः कलश में जल भरकर सभी भक्तगण पावापुर यज्ञ स्थल तक वापस आएं। जल यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे - बच्चियां शामिल हुई। जल यात्रा में साथ चल रहे विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान दीप नारायण सिंह ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से पावापुर गांव में यज्ञ का आयोजन हुआ है। इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म का माहौल बनता है।



### कलश यात्रा में थे शामिल

मौके पर तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी पावापुर मुखिया श्रीमती संगीता देवी,जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी , विनय कुमार सिंह, वीरेंद्र महतो, कपिल सिंह,राम लाल महतो, नंद लाल महतो, परमेश्वर महतो, अरविंद पांडे, किशोर कुमार दास,चुरामन महतो, संजय प्रसाद, बैजनाथ ठाकुर, सागर महतो,प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित हुए।

### पेज 3 का शेष

#### टाटा ग्रुप के चेयरमैन...

इस साल की शुरुआत में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरबस के साथ एयरबस से 250 विमान खरीदने के लिए एक मल्टी-बिलियन डॉलर का सौदा किया था, जिसमें 210 ए-320 नियो विमान और 40 ए-350 विमान शामिल थे। वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र की नये युग की उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल दिसंबर में फ्रान्स के टूलूज में अपने नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया।

#### सीएम आज सौंपेंगे...

**लीडर स्कूल संकल्पना को करना है विकसित :** राज्य में शैक्षिक उन्नयन एवं शैक्षणिक विकास को एक न्नयी दिशा देने के लिए प्रत्येक ग्राम एवं पंचायत स्तर पर राज्य सरकार द्वारा लीडर स्कूल की संकल्पना विकसित की गयी है। यह योजना राज्य के मुख्यमंत्री के शैक्षणिक विकास की दूरदर्शिता तथा राज्य को शैक्षणिक सूचकांक पर अग्रणी राज्यों में शामिल करने की महत्वकांक्षा को प्रदर्शित करता है।

#### सिद्धारमैया सीएम...

सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने दोनों नेताओं से कहा कि वे साथ बैठें और खड़गे से मिलकर मामले को सुलझाये। इसके बाद खरगे, सिद्धरमैया और शिवकुमार से कहा कि वे वेणुगोपाल एवं सुरजेवाला से मिलें। सूत्रों का कहना है कि शिवकुमार इस भरोसे पर तैयार हुए कि सरकार में वह एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे तथा अगले एक वर्ष तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने रहेंगे तथा उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा। राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीटें अपने नाम कीं, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) ने क्रमशः 66 और 19 सीटें जीतीं।

#### हाइकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति...

**कोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान :** दरअसल अखबार में नक्शा स्वीकृति के नाम पर अतिरिक्त पैसे की वसूली से जुड़ी खबर पर हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि झारखंड के नगर निकाय क्षेत्रों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम 8 रुपए प्रति वर्गफीट के हिसाब से शुल्क लगता है। लेकिन बिना चढ़ावा के नक्शा पास ही नहीं होता। इसके लिए लोगों को प्रति वर्ग फीट 25 से 30 रुपए अतिरिक्त देने पड़ते हैं। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने 2 दिसंबर 2022 को नक्शा पास करने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। इसकी वजह से लोगों को घर बनाने में मुश्किल हो रहा था। बिना नक्शा पास हुए बैंक लोन भी नहीं मिल पा रहा था। इसी वजह से सभी नगर निकाय क्षेत्रों में अवैध भवनों को नियमित करने की नियमावली की अधर में लटक गयी थी।

#### 30 तक न्यायिक हिरासत में...

पूछताछ पुलिस रिमांड में लेकर की जायेगी। पेशी के दौरान एटीएस के वकील वेद प्रकाश ने 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन कोर्ट में दिया है। इस आवेदन पर सुनवाई की तारीख 19 मई निर्धारित की गई है। **आरोप क्या-क्या है :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग पर रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाने और उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोली-बारी व आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करने का आरोप है। अमन श्रीवास्तव गुर्गो-सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी व आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि हवाला के माध्यम से रिश्तेदारों तक पहुंचता था। एटीएस को अनुसंधान के दौरान इस गिरोह के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोत व हवाला चैनल का भी पता चला है। अमन श्रीवास्तव रांची के अलावा रामगढ़, चतरा, लातेहार, लोहरदगा और हजारीबाग पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

#### दो ही विकल्प...

वीडियो में इमरान ने कहा कि उन्हें डरावने सपने आ रहे हैं और देश तबाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने सत्ता में बैठी ताकतों से अपील की कि चुनाव हो जाने दें और देश को बचायें। इस पूरे हंगामे और राजनीतिक अस्थिरता का एक ही उपाय है कि चुनाव कराये जायें। इमरान ने कहा कि पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) नेता और लंदन में रह रहे नवाज शरीफ को संविधान के अपमान, सरकारी संस्थानों के तबाह होने और पाकिस्तानी सेना की बदनामी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह सिर्फ अपना फायदा देख रहे हैं और लूटी गयी दौलत को बचाने में जुटे हैं। **इमरान का साथ छोड़ने लगे नेता :** सरकार और सेना से मोर्चा खोल चुके इमरान खान का साथ अब उनकी ही पार्टी के नेता छोड़ने लगे हैं। 9 मई को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हालात बदल रहे हैं। अब इमरान के करीबी ही उनसे किनारा करने लगे हैं। सेना ने पिछले दिनों पीटीआइ नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है। इसमें से इमरान के बेहद करीबी कहे जाने वाले फवाद चौधरी जेल से बाहर आ गये, किंतु पूर्व रक्षा मंत्री शीरीन माजरी अभी जेल में हैं। जेल से बाहर आने के बाद फवाद चौधरी के बयानों को इमरान से दूरी वाला माना जा रहा है। चर्चा है कि फवाद के अलावा शाह महमूद कुरैशी भी इमरान का साथ छोड़ सकते हैं। पार्टी सांसद आमिर महमूद कियानी और महमूद बाकी मौलवी जैसे नेता तो पहले पार्टी छोड़ कर जा चुके हैं।

## श्रमिक नेता डॉ आरजे सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**बेरमो।** फुसरो नप क्षेत्र के करगली बाजार मे पत्रकार चुन्नू सिंह के आवास में गुरूवार को श्रमिक नेता डॉ आरजे सिंह की 10 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। यहां सर्वप्रथम उपस्थित गणमान्य लोगों ने डॉ आरजे सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर उपस्थित पीओ राजीव कुमार सिंहए भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह और डाक्टर अजय कुमार आदि ने कहा कि दिवंगत आरजे सिंह कोयला मजदूरों की समस्याओं के समाधान को लेकर हमेशा सजग रहते थे। जरूरतमंद लोगों को यथासंभव मदद करते थे। वे समाजवादी विचारधारा के थे और हर वर्ग में लोकप्रिय थे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवीदासए श्रमिक नेता देवतानंद दूबेए ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंहए श्रीकांत मिश्राए गणेश मल्लाह, जितेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे।


BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE AT DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, BISHNU DEY, S/O-Chandi Dey, Aged about: 30 years, by faith: Hindu, by Occupation, Business, Resident of : Near Ganesh Mandi Katras Bazar, Katrasgadh, P.S-Katras, Dist. Dhanbad, State- Jharkhand, Aadhaar No. 771370282300 do hereby Solemnly affirm on oath and declare as Follows:

1. That, the Correct and actual Spelling name of my Son is JAYDEV DEY, S/O- Bishnu Dey, which is mentioned in his School record, School Name- Saraswati Shishu Mandir, P.O- Katras Bazar, Dist. Dhanbad
2. That, in Aadhaar Card of my Said Son, Vide Aadhaar Card No. 2521 1199 1337 my Son's name has Wrongly been Written/ mentioned as JAYADEV DE.
3. That, I intend to Correct/rectify/insert the Correct and actual Spelling name of my Siad Son is JAYDEV DEY in Place of JAYADEV DE in his Aadhaar Card, Vide Aadhaar Card No. 2521 1199 1337.
4. That, I have affixed my recent Passport Size Photograph as Well as my Son' s Photograph on the face of this affidavit for Proper Identfication.
5. That, I am Swearing this affidavit to Produce it before the authorith Concerned for needful.

Memo number-11472/10-05-23


## राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में आयोजित के 33वीं जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता में झारखंड की बालक टीम ने कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने हरियाणा को हराकर कांस्य पदक जीता था। खिलाड़ियों के धनबाद लौटने पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नेत्री रागिनी सिंह ने गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें खिलाड़ियों को गुलदस्ता व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

मौके पर रागिनी सिंह ने बताया कि झारखंड के खिलाड़ी काफी होनहार है, इन्हें उचित संसाधन मिले तो आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी पूरे विश्व में देश का नाम रोशन करेंगे। सम्मान समारोह में प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी सहित कई गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित थे। मालूम हो कि झारखंड की थ्रोबाल बालक टीम ने लीग मैच में बिहार, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, उड़ीसा को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। जिसके बाद प्री-क्वार्टर में चंडीगढ़ को और क्वार्टर फाइनल में मुंबई को हराया था।



## बेंच प्रेस प्रतियोगिता में आयुष को मिला गोल्ड

**कतरास।** तमिलनाडु के कुआटॉलम में संपन्न हुई सब जूनियर व जूनियर नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 में आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर कतरास के आयुष गुप्ता 59 किलो वर्ग में कुल 540 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आयुष गुप्ता को सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में सेकंड स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया 2023 के खिताब से भी नवाजा गया। आयुष गुप्ता ने बेंच प्रेस में गोल्ड, स्क्वाट में गोल्ड एवं ओवरऑल में भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावे 66 किलोग्राम वर्ग में मोहम्मद शकरूदीन शाह ने कुल 645 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल एवं अभिषेक सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त करते हुए झारखंड का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में पूरे भारत से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उनके उपलब्धि पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय कुमार झा, गुरुजी दुगार्राम, धनबाद बार के वरीय अधिवक्ता दीप नारायण भट्टाचार्य, सचिव रणधीर बर्मन आदि ने बधाई दी है।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव पर 31 मई तक सघन जागरुकता अभियान

**बोकारो।** विश्व तंबाकू निषेध माह के क्रम में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग बोकारो की ओर से मई 2023 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाते हुए पूरे माह को पांच चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु पोस्टर, बैनर का प्रदर्शन व सामुदायिक स्तर पर चर्चा सहित सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, तीसरे चरण में जन जागरूकता हेतु प्रचार. प्रसार किया जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बीएसएल ने किया शिविर का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लान्ट के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर. 2023 का उद्घाटन एमकेएम स्टेडियम में ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसाद ने किया। मौके पर जीएम ; एल एंड एद्ध एन ए सैफीए जीएम ;टी एसद्ध ए के अविनाशए वरीय प्रबंधक ;क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएँद्ध एस रजक समेत अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद श्री रजक ने बच्चों तथा अभिभावकों को 3 जून तक चलने वाली इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत लगभग 478 बच्चों को एथलेटिक्सए बैडमिन्टनए बास्केटबालए क्रिकेटए फुटबालए हैंडबालए हॉकीए कबड्डीए खोखोए वालीबालए शतरंज एवं तीरंदाजी खेलों के प्रशिक्षकों द्वारा समुचित सुविधाएँ युक्त अलग.अलग स्थानों पर प्रशिक्षण दिए जाएंगे।



# स्वदेशी तकनीक से आगे बढ़ रहा भारत : मोदी

## पीएम ने ओडिशा में 8200 करोड़ की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पहले के मुकाबले आज न्यू इंडिया तकनीक का निर्माण स्वदेशी रूप से कर रहा है और उसे देश के कोने-कोने में पहुंचा रहा है। वंदे भारत ट्रेन भी भारत ने अपने बलबूते पर बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ओडिशा में 8,200 करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया। परियोजनाओं में पुरी और हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाना, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखना, ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, संबलपुर-टिटलागढ़ रेल लाइन का दोहरीकरण, अंगुल-सुकिंदा के बीच नयी ब्रॉड गेज रेल लाइन, मनोहरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-जमगा को जोड़ने वाली तीसरी लाइन और बिछुपाली-झरतरभा के बीच नयी ब्रॉड-गेज लाइन शामिल है।



इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के दिनों में भारत ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने विकास की गति को बनाये रखा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि इस विकास में हर राज्य की भागीदारी है और देश हर राज्य को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कोविड जैसी महामारी की स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर दुनिया को चौंका दिया था। उन्होंने कहा कि इन सब प्रयासों में समान बात यह है कि सारी सुविधाएं किसी एक शहर या राज्य तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सबके पास तेजी से पहुंचीं। हमारी 'वंदे भारत' ट्रेनें भी अब उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूरब से लेकर पश्चिम तक देश के हर किनारे को स्पर्श करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उपहार मिल रहा है, जो आधुनिक और आकांक्षी भारत का प्रतीक है। 'वंदे भारत ट्रेन आधुनिक भारत और आकांक्षी भारतीय दोनों का प्रतीक बन रही है। आज जब वंदे भारत एक स्थान से दूसर स्थान पर यात्रा करते हुए गुजरती है, तो उसमें भारत की गति और प्रगति दिखायी देती है। यह गति अब ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों में देखी जा सकती है। आजादी के अमृत काल के दौर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि अगर देश पूरी तरह एकजुट रहे तो देश की सामूहिक क्षमताएं शिखर पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ऐसे ही विश्वास का प्रतिबिंब है, जहां यह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास का इंजन बन रही है।

### संग्रहालय भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन करते हुए कहा कि संग्रहालय अतीत से प्रेरणा देता है और भविष्य के प्रति कर्तव्य की भावना जगाता है। आजादी के इस अमृत काल में उन्होंने 'पंच प्रण' या पांच संकल्पों को याद करते हुए 'अपनी विरासत पर गर्व करने' पर जोर दिया। पीएम मोदी ने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में विकसित किये जाने वाले राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल ब्लूप्रिंट को भी जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने सिंधु-सरस्वती सभ्यता की कांस्य नृत्यांगना से प्रेरित चन्नापटना शैली में पांच ऊंची खिलौने वाले आधिकारिक शुभंकर (मस्कट) का भी अनावरण किया। 47वें अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की थीम 'सस्टेनेबिलिटी एंड वेलबीइंग' दुनिया की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालती है और इस आयोजन को अधिक प्रासंगिक बनाती है। उन्होंने कहा कि सरकार हर राज्य और समाज के वर्ग की विरासत के साथ-साथ स्थानीय और ग्रामीण संग्रहालयों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चला रही है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के योगदान को अमर बनाने के लिए दस विशेष संग्रहालयों का विकास किया जा रहा है, जो जनजातीय विविधता की एक झलक प्रदान करने के लिए दुनिया की सबसे अनूठी पहल में से एक होगी।

## स्पीड न्यूज

### पीएम मोदी 28 को नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई, 2023 को नवनिर्मित संसद भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआइ ने दी है। इसके अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। लोकसभा सचिवालय के अनुसार नये संसद भवन का निर्माण अब पूरा हो गया है और नया भवन आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है।

### नशे की लत से दूर रहें युवा : अनुराग

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे की लत के खतरों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे नशे की लत से दूर रहें और दूसरे साथियों को भी इस घातक लत से बचने के लिए प्रेरित करें। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शिमला में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हमीर संगम महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि लोगों को नशा मुक्त करने का काम मैं आपको दे रहा हूं। मैंने युवाओं को इस नशे का शिकार होते देखा है। अनुराग ने कहा कि न जाने ऐसे कितने युवा नशे में अपनी जान खो रहे हैं। कई बार युवाओं को जीवन में परेशानी लगती है, लेकिन लड़ने वालों के कदमों में ही जहां होता है।

### पुंछ में दस किलो आइइडी व हथियार बरामद

**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त किया। यहां से सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में आइइडी और हथियार बरामद हुए। बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को समय रहते नष्ट कर दिया।

### एडब्ल्यूएस भारत में करेगी 12.7 अरब डॉलर का निवेश

**मुंबई/नयी दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) भारत में क्लाउड संबंधित बुनियादी ढांचा पर 2030 तक 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी। कंपनी यह निवेश क्लाउड सेवाओं में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कर रही है। अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 2030 तक वह 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी।

## वाणिज्य की खबरें

### मुनाफावसूली के चक्कर में गिरा शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार वीकली एक्सपायरी के दिन गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई, लेकिन मुनाफावसूली के दबाव की वजह से बाजार में दिनभर बिकवाली होती रही। इस वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ और निफ्टी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज बाजार में आयी गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 128.90 अंक की कमजोरी के साथ 61,431.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 51.80 अंक की कमजोरी के साथ 18,129.95 अंक पर बंद हुआ।

### जाति जनगणना पर पटना हाइकोर्ट के अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट ने यथावत रखा

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे पर पटना हाइकोर्ट के अंतरिम रोक के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पटना हाइकोर्ट 3 जुलाई को सुनवाई करने वाली है, इसलिए अभी इस याचिका पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं है। कोर्ट ने बिहार सरकार से कहा कि अगर हाइकोर्ट सुनवाई नहीं करती है, तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। 17 मई को जस्टिस संजय करोल ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि वह इस रोक को हटाये या हाइकोर्ट को जल्द सुनवाई का निर्देश दे। पटना हाइकोर्ट ने 4 मई को सर्वे को प्रथम दृष्टया असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगायी है।

### हैंडबैग के साथ महाकाल के गर्भगृह में दिखीं गोविंदा की पत्नी, सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना



**बॉलीवुड** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इस समय एक अलग वजह से सुर्खियों में हैं। हाल ही में सुनीता ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में दर्शन किये थे। एक वीडियो में महाकाल मंदिर के गर्भगृह में दर्शन के दौरान सुनीता के हाथ में एक हैंडबैग को लेकर उनकी आलोचना हो रही है। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गये हैं। दरअसल, सुनीता आहूजा हाल ही में महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए गयी थीं। दर्शन करने की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी थीं। इनमें से एक फोटो में सुनीता अपना पर्स लिये नजर आ रही हैं। इसी वजह से विवाद छिड़ गया है। लोगों का कहना है कि सुनीता ने मंदिर प्रशासन के नियमों को तोड़ा है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हो रही है। महाकाल मंदिर के अंदर थैला या अन्य सामान ले जाना प्रतिबंधित है। लेकिन, मंदिर समिति के किसी भी सदस्य ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे मंदिर की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। सुनीता आहूजा की फोटो वायरल होने के बाद वीआइपी ट्रीटमेंट को लेकर मंदिर प्रशासन की भी आलोचना हो रही है। इस बीच, इस पूरे मामले में मंदिर प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच की जायेगी।

### इस साल कहीं कम तो कहीं ज्यादा हो सकती है बारिश

**नयी दिल्ली।** मौसम पूर्वानुमान एजेंसी साऊथ एशियन सीजनल क्लाइमेट आऊटलुक फोरम (एसएएससीओएफ) का कहना है कि भारत की 18.6 प्रतिशत आबादी को इस साल मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश और 12.7 प्रतिशत आबादी को सामान्य से अधिक बारिश का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर में सामान्य से कम बारिश होने की 52 प्रतिशत संभावना है। देश के मध्य भागों में सामान्य से कम वर्षा की 40 प्रतिशत संभावना है। एसएएससीओएफ ने कहा कि भारत के दक्षिणी और पूर्वी भागों में सामान्य से अधिक बारिश होने का 50 प्रतिशत अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पिछले महीने कहा था कि अल नीनो की स्थिति के बावजूद मानसून के मौसम में सामान्य बारिश होने का अनुमान है।

## मुंबई आतंकी हमलों का आरोपी तहव्वुर राणा अमेरिका से लाया जायेगा भारत

**वाशिंगटन (हि.स.)।** मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमलों के एक आरोपित तहव्वुर राणा को अमेरिका से जल्द ही भारत लाया जायेगा। एक अमेरिकी अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में 26 नवंबर 2008 को ताबड़तोड़ आतंकी हमले किये गये थे। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने गोलीबारी व बम धमाके किये थे, जिनमें छह अमेरिकी नागरिकों सहित 166 लोग मारे गये थे। इन हमलों में तीन सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। हमलों के लिए पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यापारी तहव्वुर राणा को भी जिम्मेदार माना गया था।



तहव्वुर अमेरिका में था, जहां 10 जून 2020 को भारत ने शिकायत दर्ज कराते हुए उसकी गिरफ्तारी और भारत प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारतीय अधिकारियों ने तहव्वुर राणा के मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने की बात कही थी। इन आरोपों के आधार पर मांग की गयी कि तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाये। राणा के भारत प्रत्यर्पण के अनुरोध को जो बाइडन प्रशासन से समर्थन और मंजूरी मिली थी। कैलिफोर्निया की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज जैकलिन चूलजियान ने राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी देते हुए 48 पन्नों का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने प्रत्यर्पण अनुरोध के समर्थन और विरोध से जुड़े सभी दस्तावेजों की समीक्षा की है और उन पर विचार किया है। इस तरह की समीक्षा और विचार के आधार पर और अदालत में चर्चा किये गये कारणों के निष्कर्ष पर राणा की प्रत्यर्पण योग्यता को प्रमाणित किया जाता है, जो अनुरोध का विषय है। अदालत की कार्यवाही के दौरान अमेरिकी सरकार के वकीलों ने तर्क दिया कि राणा को पता था कि उसके बचपन का दोस्त डेविड कोलमैन हेडली, लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा है। तहव्वुर राणा ने उसे उसकी गतिविधियों के लिए कवर प्रदान किया, जो आतंकी की मदद करना है।

## रूस के क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एंड्रीव ने अपनाया हिंदू धर्म

**वाराणसी (हि.स.)।** भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में आस्था रखने वाले रूस के नागरिक और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एंटोन एंड्रीव ने गुरुवार को तंत्र दीक्षा लेने के बाद हिंदू धर्म को अपना लिया। हिंदू धर्म में एंटोन एंड्रीव का नाम अब अनंतानंद नाथ हो गया है।


शिवाला स्थित वाग्योग चेतना पीठम में धार्मिक अनुष्ठान के बीच पं. आशापति शास्त्री के आचार्यत्व में पं. सत्यम शास्त्री और पं. विनीत शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एंटोन एंड्रीव को तंत्र दीक्षा दी। दीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने और सनातन धर्म स्वीकार करने के बाद अनंतानंद नाथ (एंटोन) ने पत्रकारों को बताया कि रूस-यूक्रेन के युद्ध से काफी व्यथित है। अपने देश में शांति के लिए मां तारा से प्रार्थना करेंगे। उन्होंने बताया कि वे परमात्मा की शरण में जाने के लिए दीक्षा ली है।



गुरु पं. आशापति के सानिध्य में कुंडलिनी साधना की संपूर्ण 10 कक्षाएं पूर्ण कीं। उन्होंने बताया कि रूस में उन्हें बनारस के वागीश शास्त्री के बारे में पता चला और कुंडलिनी जागृत करने की इच्छा हुई। कुछ कक्षाएं भी लीं, लेकिन पूरा नहीं कर पाये। कई व्यवधान के बाद वर्ष 2022 में गुरु वागीश शास्त्री का निधन हो गया था। 10 दिनों के ध्यान के दौरान मुझे जो अनुभूति हुई है, उसको शब्दों में बयां नहीं कर सकते। सनातन धर्म और काशी की मिट्टी की शक्ति है, जिसने मेरी दीक्षा को पूर्ण किया। हिंदू रीति-रिवाज से नामकरण के साथ ही एंटोन का गोत्र भी कश्यप कर दिया गया है।

















# भारतीय रेल में युवाओं के अवसर





नागेन्द्र सिंह

भारतीय रेलवे का दूर-दराज के इलाकों में सतत विस्तार और बड़े शहरों में मेट्रो परियोजनाओं का प्रसार स्पष्ट दर्शाता है कि आने वाले समय में रोजगार के नए अवसरों का सृजन इस विशिष्ट क्षेत्र में होगा। दिलचस्प बात यह है कि दसवीं से लेकर इंजीनियरिंग-मेडिकल डिग्रीधारकों तक के लिए विभिन्न प्रकार के पद रेलवे परिचालन से जुड़े विभिन्न विभागों में हैं। ये भर्तियां रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड्स, यूपी एससी, आदि द्वारा समय-समय पर संचलित होने वाली परीक्षाओं-साक्षात्कारों के माध्यम से की जाती हैं।

वर्तमान समय में भारतीय रेल पाकिस्तान, नेपाल और बाग्ला देश के अंतरराष्ट्रीय परिवहन से जुड़ी है। भविष्य में चीन, म्यानमार और वियतनाम से भी रेल सेवा जोड़े जाने की योजना पर काम चल रहा है। इसी प्रकार प्रमुख पदों में सहायक स्टेशन मास्टर, टिकट कलेक्टर, कर्मिशयल अप्रेंटिस, ट्रैफिक, क्लर्क, गार्ड, टाइपिस्ट राजभाषा सहायक के अलावा विभिन्न मैंनेजमेंट और टेक्नीकल कैडर का खासतौर से नाम लिया जा सकता है।

अक्सर युवा प्रोफेशनल कोर्सेज और मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब्स पाने की होड़ में रेलवे जैसे विभागों को करिअर निर्माण के लिहाज से नजरअंदाज कर बैठते हैं। रोजगार समाचार के लगभग प्रत्येक अंक में रेलवे की रिक्तियों को भरने से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित होते रहते हैं। ये विज्ञापन देश के 19 शहरों में स्थित 19 रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड्स द्वारा जारी किए जाते हैं। इनमें से प्रत्येक की अपनी अलग वेबसाइट्स हैं। इनकी विस्तृत सूची बॉक्स में दी गई है।

रेलवे द्वारा आयोजित की जाने वाली शीर्ष चयन परीक्षाओं में भारतीय रेलवे यातायात सेवा व भारतीय रेलवे लेखा परीक्षा, भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा, इंजीनियर्स सेवा आदि के लिए प्रत्याशियों का चयन किया जाता है। सामान्य तौर पर यूपीएसपी द्वारा इनका आयोजन किया जाता है। जबकि ग्रुप सी वर्ग के पदों के लिए भर्ती रेलवे भर्ती बोड्र्स के जरिए साल भर चलती रहती है। इसी प्रकार 12 वीं पास युवाओं के लिए स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस परीक्षा में शामिल होने का मौका मिल सकता है। सफल प्रत्याशियों को चार वर्षीय इंजीनियरिंग कोर्स के साथ रेलवे से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है। इस दौरान 4 हजार महीने की स्कॉलरशिप का भी प्रावधान है। सामान्य प्रकार के पदों, सहायक स्टेशन मास्टर, गाड्र्स, क्लर्क, टिकट कलेक्टर, ट्रैफिक अप्रेंटिस, स्टेनोग्राफर, कैटरिंग मैंनेजर आदि के लिए भर्ती के आधार लिखित चयन परीक्षा होती है। इनमें ऑजेक्टिव टाइप प्रश्न पूछे जाते हैं। तीन लाख पद रिक्त हैं। इनमें अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान, अंकगणित, क्वांटेटिव एवं टेक्ट ऑफ रीजनिंग से संबंधित प्रश्न होते हैं।

## साइको टेस्ट

रेलवे लोको पॉयलट रेलवे का सबसे महत्वपूर्ण पदों में एक है। इसके लिखित परीक्षा के साथ ही मनावैज्ञानिक परीक्षण का प्रावधान है। दसवीं पास आइटीआई उतीर्ण छात्रों के लिए लोको पॉयलट के रूप में एक बड़ा अवसर मिलता है। उन्हें वेतनभत्ता के साथ टीए भी मिलता है साथ ही ओभर टाइम का भी प्रावधान है। साइको टेस्ट मानसिक स्थिति की तीव्रता का अध्ययन करने वाला टेस्ट है। यह कठिन नहीं है लेकिन इसका अभ्यास आवश्यक है।

## सांस्कृतिक कोटा

यही नहीं रेलवे में बाकायदा सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कलाकारों को भी चयन प्रक्रिया एवं उनके अनुभवों के आधार पर नियुक्त किया जाता है। इनकी आयु सीमा 18 से 33 वर्ष हो सकती है और इनका कम से कम दसवीं पास होना जरूरी है। इनके चयन में मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत, नृत्य, नाटक आदि में प्रमाणपत्र के अलावा लिखित चयन परीक्षा का भी सहारा लिया जाता है।

## ग्रुप डी की बहाली

अगर ग्रुप डी के पदों की बात करें तो इनमें हेल्पर, खलासी, ट्रॉलीमैन, ट्रैकमैन इत्यादि का उल्लेख किया जा सकता है। इनमें आठवीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार लिखित परीक्षा, साक्षात्कार हो सकता है। आयु सीमा 18 से 33 वर्ष के बीच हो सकती है। इसके लिए एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमें गणित, सामान्य अध्ययन से सवाल पूछे जाते हैं।

रेलवे सिस्टम में मौजूदा लगभग 350 स्कूल कार्यरत हैं जिनमें लगभग साढ़े पांच हजार अध्यापक हैं। इनकी भर्तियां टीजीटी, पीजीटी, टीचर, प्राइमरी टीचर, फिजीकल एजुकेशन इंस्ट्रक्टर अथवा लाइब्रेरियन के रूप में लिखित परीक्षा के आधार पर की जाती है। अगर देखा जाए तो समाज के प्रत्येक वर्ग और कम से ज्यादा शिक्षित वर्ग के लोगों के लिए रेलवे में रोजगार की कमी नहीं है। इसकी चयन परीक्षा में सफल होने के लिए प्रेक्टिस और सैद्धांतिक ज्ञान का होना आवश्यक है।

1. आंकड़ों के मुताबिक रेलवे में लगभग 4.5 लाख वर्कशाप कर्मचारी एवं कलाकार हैं और लगभग 9.5 लाख अन्य श्रेणियों से हैं।
2. देश में मेट्रो परियोजनाओं के विस्तार की वृहत योजना है जिन पर आगामी 10 वर्षों में 1 लाख करोड़ से अधिक निवेश हो सकता है।
3. आईटीआई से पास युवाओं के लिए रेलवे में सहायक लोको पायलट, फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, वायरमैन, आर्मेचर एंड क्वाईल बाइंडर टर्नर इत्यादि पदों पर रोजगार की संभावना
4. डिप्लोमाधारक इंजीनियरों के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल आदि शाखाओं से संबंधित जूनियर इंजीनियर पदों पर नियुक्ति के विकल्प हैं।
5. कामर्स और अर्थशास्त्र के छात्र वाणिज्यिक क्लर्क के पद पर रेल विभाग में कार्य कर सकते हैं।
6. रेलवे सुरक्षा बल भी भारतीय रेल की सुरक्षा में लगा एक बेहतर बल है जिसमें कांस्टेबल से लेकर सिपाही तक के पदों पर नियुक्तियां होती रहती है।
7. देश के सभी महानगरों में आने वाले एक दशक में मेट्रो रेल की संचालन की योजना है साथ ही फ्रेट कॉरिडोर और रेलवे के ईस्ट वेस्ट और साउथ-नार्थ कॉरिडोर की योजना से भी लाखों युवाओं को रोजगार की संभावना बनी है।
8. वर्तमान समय में हर माह हजारों रेलवे कर्मी रिटायर्ड हो रहे हैं जिससे लगातार पद रिक्त हो रहा है। अनुमानतः दो लाख से ज्यादा पद रिक्त है जिसे आने वाले दिनों में भरे जाने की संभावना है।

**(लेखक करियर काउंसलिंग से जुड़ें हैं)**

## प्रतियोगी परीक्षा के लिए सामान्य अध्ययन के प्रश्न


- लूणी नदी किस राज्य में बहती है **उत्तर** – राजस्थान
- विश्व में अभ्रक का प्रमुख उत्पादक देश है ।उत्तर - भारत
- सांताक्रूज हवाई अड्डा कहाँ है ?उत्तर - मुम्बई
- भारत की प्रथम पूर्णत रंगीन फिल्म कौन थी ?उत्तर - झांसी की रानी
- प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?उत्तर - के. सी. नियोगी
- भारत में गरीबी रेखा से नीछे रहने वाले सर्वाधिक% किस राज्य में है ?उत्तर - उड़ीसा
- काली मिट्टी किस फसल के लिए सबसे ज्यादा उपयुक्त मणि जाती है ?उत्तर - कपास
- विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है ?उत्तर - 1 दिसम्बर
- कोका-कोला कम्पनी का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?उत्तर - एटलांटा
- लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र होनी चाहिए ।उत्तर - 25 वर्ष
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में कब मनाया जाता है ?उत्तर - 8 मार्च
- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है ?उत्तर - मांडला
- . भारत का परमाणु रिएक्टर का ध्रुव कहाँ स्थित है ?उत्तर - ट्राम्बे
- 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी' कहाँ स्थित है ?उत्तर - न्यूयार्क में
- 'रेड क्वायर' कहाँ स्थित है ? उत्तर - मास्को में



प्रमोद कुमार

- आस्वान बांध किस नदी बना है ? उत्तर - नील नदी पर
- 'पेंटागन' क्या है ? उत्तर - अमेरिका के रक्षा विभाग का कार्यालय
- नर्मदा नदी का उद्गम स्थान है । उत्तर - अमरकंटक
- किसी पिन कोड का प्रथम अंक कहलाता है । उत्तर - डाकघर से सम्बंधित पोस्टल जॉन की संख्या
- कौन सी जल-संयोगी यूरोप को अफ्रीका से अलग करती है ?उत्तर - जिब्राल्टर
- भारत में न्हावासेवा बन्दरगाह स्थित है ।उत्तर - मुम्बई के पास
- कौन सा बन्दरगाह पश्चिमी तट पर है ?उत्तर - पाराद्वीप
- शिवा जी को औरंगजेब का बन्दी किस राजदूत ने बनाया ?उत्तर - राजा जयसिंह
- राजस्थान की किस रानी ने बादशाह हुमायूँ के पास राखी भेजकर बहादुर शाह के विरुद्ध सहायता की याचना की थी?उत्तर - रानी कर्णावती
- सरदार सरोवर परियोजना किस नदी पर स्थित है ? उत्तर - नर्मदा नदी पर
- राजस्थान में रेल वेगन का कारखाना कहाँ स्थित है ?उत्तर - भरतपुर में
- स्वतन्त्रता से पूर्व भारत में कुल देसी रियासते थीं ।उत्तर - 562
- ब्रिटिश संसद ने भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम कब पारित किया था ?उत्तर - जुलाई 1947
- भारत विभाजन परिषद के अध्यक्ष लार्ड माउंटबेटेन ने भारत विभाजन की घोषणा कब की थी ?उत्तर - 3 जून 1947 को
- द्विराष्ट्र की बात सर्वप्रथम किसने किसने की थी ?उत्तर - मो ईकबाल ने
- 'फरवार्ड ब्लॉक' की स्थापना किसने की थी? उत्तर - सुभाष चन्द्र बोस ने
- गांधी जी के विरोध के बाद भी किसको कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया ? उत्तर - सुभाष चन्द्र बोस को
- 13, अप्रैल 1919 को अमृतसर में हुआ जलियाला वाला बाग हत्याकांड किसकी गिरफ्तारी के विरोध में हुआ ?उत्तर - सत्यपाल एवं सैफुद्दीन किचलू

## विवेक मन्त्र



एक राजा का चरित्र प्रजा के लिए अनुकरणीय होता है। इसलिए राजा सदैव चरित्रवान होना चाहिए। जिस प्रदेश का राजा चरित्रहीन होगा उस प्रदेश के विकास से ज्यादा विनाश की आशंका होती है। राष्ट्र सदैव राजा से बड़ा होता है और चरित्र पद से ज्यादा महत्वपूर्ण और बड़ा होता है। पद पुनः प्राप्त हो सकता है चरित्र नहीं। **-चाणक्य**

## एडमिशन एलर्ट



**सवाल :** मैंनेजमेंट के कॉलेज में एडमिशन के पहले किन विंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। आनंद रांची

जवाब : सामान्य तौर पर प्रबंधन के कॉलेज की मान्यता टेकि नकलक काउंसिल से हो, संस्थान के फैक्लटी स्थायी तौर पर नियुक्त हो,प्लेसमेंट रिकार्ड बेहतर हो साथ ही पुराने छात्रों के जॉब रिकार्ड बेहतर होना चाहिए। इसके साथ इंफ्रास्टकचर और कॉलेज किस राज्य में है इस पर भी ध्यान देना चाहिए। कईपत्र-पत्रिकाओं में भी मैंनेजमेंट कॉलेज की रेटिंग प्रकाशित होती है उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

**सवाल-** डिस्टेंस मोड के कोर्स से सरकारी जॉब्स में परेशानी होती है। आदित्य बोकारो, प्रीति रामगढ़

**जवाब :** किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से जिसे डिस्टेंस मोड के कोर्स कराने की लिए मान्यता मिली हो उस संस्थान की डिग्री ली जा सकती है। इग्नू, इलाहाबाद डिम्ड यूनिवर्सिटी सहित कई यूनिवर्सिटी के इंफोरमेशन सेंटर रांची में है जहां से

## करियर जोन



**सवाल :** एसएससी, रेलवे, बैंकिंग सहित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए क्या करें। क्या शत प्रतिशत अंक लाना ही प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के लिए अनिवार्य है।
रचना सिन्हा रांची

**जवाबः** गणित की परीक्षा की तैयारी बोर्ड के सैंपल पेपर और पिछले 5-6 साल के प्रश्न-पत्रों के आधार पर करें।

एनसीईआरटी बुक के सभी सवालों का लिखकर अभ्यास करें। सारा पेपर एनसीईआरटी के कॉन्सेप्ट पर आधारित होता है, इसलिए सभी चैप्टर से संबंधित फार्म्युला बैंक बनाएं। इसे समय-समय पर दोहराते रहें।

इंटिग्रेशन में अलग-अलग टाइप्स जैसे सब्सिट्यूशन, इंटिग्रेशन बाइपाट्र्स, प्रोपर्टीज ऑफ इंटिग्रेशन, पार्शल फ्रैक्शन, स्पेशल इंटिग्रेशन को पहचानें और फिर सवाल हल करें। लीनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम, मैक्सिमा मिनिमा एरिया अंडर अ कर्व जैसे टॉपिक्स में से ऐप्लिकेशन बेस्ड सवाल आते हैं। ऐसे में लीनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम्स में ग्राफ पेंसिल से साफ-साफ बनाएं और शेडेड रीजन को डार्क करें।

प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए दिए गए 15 मिनट में पूरे प्रश्न-पत्र को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों को हल करने का लेखाजोखा तैयार कर लें, जो सवाल अच्छे से आते हों, उन्हें पहले करें और मुश्किल सवाल बाद में।

प्रजेंटेशन प्रभावपूर्ण होनी चाहिए। जहां जरूरी हो, वहां फार्म्युला आदि जरूर लिखें। परीक्षा में समय नियोजन महत्त्वपूर्ण है, इसलिए अंतिम 15 मिनट में सभी सवालों को फिर से जांच ले। वगैर अभ्यास के गणित पर कमांड संभव नहीं है।

## ई-मेल

**career.kmantra@gmail.com** पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।


## मोटिवेशन क्या आप व्यवस्थित हैं?



**एडी बाधवा**
**सीएमए सह वित्त विशेषज्ञ**

क्या आप व्यवस्थित व्यक्तित्व के स्वामी हैं? जीवन में कई लोगों से हम मिलते हैं तो बहुत व्यवस्थित होते हैं। उनकी वेशभूषा, मेकअप, घर का सामान आदि बहुत व्यवस्थित तरीके से रखा रहता है। यह देखकर अच्छा भी लगता है। इसके विपरीत कई लोग बहुत ही अव्यवस्थित होते हैं। जैसे- तैसे कपड़े पहने जहां - तहां सामान को रख देना अपने दैनिक उपयोग व प्रयोग की वस्तुओं को गंदा रखना आदि उनकी आदत होती है। क्या आप व्यवस्थित हैं? आइए अपने को निम्न बिंदुओं पर जांच करें। समाचार पत्र पढ़ने के बाद उसे आप कैसे रखते हैं । ठीक से सहेज कर या मुड़ा हुआ कहीं भी। अगर आप भी अधिकांश लोगों की तरह समाचार पत्र को जैसे-तैसे मुड़ कर इधर उधर रख देते हैं तो आप अव्यवस्थित व्यक्ति समझे जाएंगे। क्या आपको कार्यालय या कार्यस्थल पर जाने के पूर्व अपनी गाड़ी की चाबी, बटुआ कार्यालय की चाबी, मौजे, रूमाल या जरूरी कागजात यथा स्थान मिल जाते हैं या प्रतिदिन आपको उनको ढूंढते रहना पड़ता है जिसके कारण आप कार्यस्थल देर से पहुंचते हैं। इन सभी बिंदुओं पर आप जांच करें। अगर आप अपना सामान अगर सही जगह पर रखा और मिल जाए तो आप व्यवस्थित हैं अन्यथा आप भी अव्यवस्थित चरित्र के स्वामी हैं। ऐसे में आप का कामकाज प्रभावित होता ही है साथ ही आप आलोचना के शिकार भी होते हैं। क्या आपको घर में प्रयोग के बाद टूथ ब्रश, टूथपेस्ट, टीवी का रिमोट तौलिया आदि हर दिन उपयोगी के सामान जगह पर तुरंत मिल जाती है? आप शहर से बाहर यात्रा पर जा रहे हैं और आपको पता चलता है कि आपका फोन चार्जर सेविंग किट, आपकी दवाई, घड़ी, मेकअप का सामान, किताब, मौजा, कंघी साबुन ले लिया है तो व्यवस्थित है। आपको बच्चों भाई बहन मां बाप या अन्य मित्रों या नजदीक परिजनों का जन्मदिन विवाह की सालगिरह सहित महत्वपूर्ण दिन याद है तब आपका जीवन सही रास्ते पर है अन्यथा सुधार करें।

# परीक्षा में इन बिंदुओं पर ध्यान दें



बोर्ड एग्जाम्स मार्च महीने से शुरू होने हैं। ज्यादातर स्टूडेंटस इस समय रीविजन में व्यस्त हैं। कोई सवालों की प्रैक्टिस में लगा है तो कोई फॉर्म्युलों को दोहराने में। रिविजन बेहतर रहे और एग्जाम में नंबर बटोरने में सफल हो, इसके लिए एक बात और जरूरी है। वह यह कि रीविजन के समय उन बातों पर जरूर नजर रखी जाए जो गलतियां बोर्ड एग्जाम में अक्सर या बार-बार हो जाती हैं।

**■ प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़े।**

सबसे ज्यादा गलती जो स्टूडेंट्स करते हैं वह है क्वेश्चन पेपर ध्यान से न पढऩा। कई बार किसी खंड से तीन में से दो ही सवाल करने होते हैं और पेपर ध्यान से न पढे.जाने के कारण अनावश्यक रूप से तीनों सवालों का प्रेशर स्टूडेंट दिमाग में रख लेते हैं। इससे बचें। प्रश्न पेपर पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय यूं ही नहीं दिया जाता

**■ टाइम मैनेजमेंट**

बोर्ड परीक्षाओं में टाइम मैनेजमेंट बहुत मायने रखता है। कौन सा सवाल कितने अंक का है और आपको उसमें कितना लिखना है, इसी आधार पर प्रश्नों के लिए समय बांटना चाहिए। कोशिश रहनी चाहिए कि किसी भी सवाल पर जरूरत से ज्यादा समय न खर्च करें वरना पेपर पूरा सॉल्व कर पाना ही चुनौती हो जाएगा।

**■ जहां तक संभव हो, उत्तर क्रम में दें**

सामान्यता यह देखा जाता है कि स्टूडेंट्स क्वेश्चंस के आंसर बिना किसी प्लानिंग या ऑर्डर के देने लगते हैं। ऐसे में पेपर लिखने में ही आपकी अफरातफरी झलक जाती है जिसका एग्जामिनर पर निगेटिव इम्पैक्ट पड़ता है। यह प्रैक्टिस बदलिए।

**■ न्यूमेरिकल डेटा को ध्यान से उतारें**

यह एक ऐसी गलती है जिसे अमूमन हर स्टूडेंट कर सकता है। न्यूमेरिकल प्रश्न उतारते समय सवालों से न्यूमेरिकल वैल्यू कॉपी तक आते-आते बदल जाती है। 4 को 9 पढ़ लिया तो कहीं 6 को 8। सवाल सॉल्व करने का पूरा तरीका आते हुए भी आंसर गलत हो जाता है।

कोशिश करें कि उत्तर अपने शब्दों में लिखें। इसमें आप कोई ऐसे शब्द न यूज करें जो बहुत प्रचलन में न हों।

राइटिंग स्टाइल पर भी करें फोकस

सवाल का जवाब तो आपको आता है लेकिन उसे उतनी ही अच्छी तरह प्रेजेंट करना भी जरूरी होता है।

हैंड राइटिंग अच्छी होनी चाहिए।

सफाई से लिखें जो भी लिखे।

प्रश्न के उत्तर को हेडिंग, सब हेडिंग के साथ लिखें।

बुलेट पॉइंट्स ज़रूर दें।

एक डायग्राम जरुर बनाएं जहाँ आवश्यकता हो।

टेबल भी बनाये जहां जरूरत हो

इस तरह से लिखने पर चेकर कभी आपके मार्क्स नहीं काट सकेगा और अगर आप सवाल के एक्यूरेट उत्तर को नहीं भी जानते हैं और आप वह प्रश्न छोड़ना नहीं चाहते हैं तब उन्हें इसी तरह से हल करने की कोशिश करें।

# दुनिया में गणित के क्षेत्र में शीर्ष पुरस्कार





बृजमोहन ओझा

एबेल पुरस्कार गणित में दिए जाने वाले सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों में एक है। एबेल पुरस्कार की शुरुआत नार्वे के प्रसिद्ध गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के सम्मान में 23 अगस्त 2001 को हुई थी। एबेल पुरस्कार हर वर्ष नार्वे के राजा के द्वार दिया जाता है। नॉर्वेजियन अकैडमी आफ साइंस एंड लेटर्स द्वारा नार्वे की राजधानी ओस्लो में प्रदान किया जाता है। इस सदी में शुरू एबेल पुरस्कार न सिर्फ नाम में बल्कि पुरस्कार राशि में भी नोबेल पुरस्कार से बहुत मिलता-जुलता है। एबेल पुरस्कार की राशि 60लाख(6 मिलियन) नॉर्वेजियन क्रोन है अर्थात 7लाख 76 हजार अमेरिकी डॉलर के समतुल्य भारतीय रुपया में 5 करोड़ 34 लाख 23 हजार 720 है। एबेल पुरस्कार को गणित का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। इसकी महत्ता खास मामलों में नोबेल पुरस्कार से कहीं ज्यादा है। नोबेल पुरस्कार वैज्ञानिकों के लिए बिग साइंस के लिए दिया जाता है। बिग साइंस आशय बृहद आकार की वैज्ञानिक परियोजना से है राष्ट्रीय सरकारों द्वारा या कई सरकार द्वारा मिलाकर वित्त पोषित होती है। इसका चलन द्वितीय विश्व युद्ध के समय औद्योगिक देशों में देखने को मिला बिग साइंस अरबों डॉलर से चलने वाला वैज्ञानिक परियोजना है जैसे लार्ड हेडेन कॉलिडर। जिसका बजट 5-10 बिलियन अमेरिकी डॉलर है लेकिन एबेल पुरस्कार अपनी क्षमता से गणित में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मिलता है। एबेल पुरस्कार विजताओं की सूची उनके नाम और उपलब्धि सहित वर्ष 2003 - 2019

2019 केरन उहलेन बेक ज्योमैट्रिक एनालिसिस एवं गेजल थियोरी

2018 रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स रिप्रेसेंटेशन थ्योरी से नंबर थ्योरी को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट के लिए।

**2017 यवेस मेयर तरंगिकाओं** (छोटे लहरों) के गणितीय सिद्धांत के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए। 2016 एंड्रयू विल्स अर्द्ध-स्थायी दीर्घवृत्तीय वक्र के लिए मॉड्युलरिटी अनुमान के माध्यम से फर्मट के अंतिम प्रमेय के शानदार प्रमाण के द्वारा संख्या सिद्धांत में एक नए युग की शुरूआत करने के लिए। 2015 जॉन एफ नैश, जूनियर लुई निरेनबर्ग ज्यामितीय विश्लेषण के लिए गैररेखीय आंशिक अंतर समीकरणों के सिद्धांत और उनके अनुप्रयोगों में अभूतपूर्व और मौलिक योगदान देने के लिए। 2014 याकॉव सीनाई गतिशील प्रणालियों, एर्गोडिक सिद्धांत और गणितीय भौतिकी के क्षेत्र में मौलिक योगदान देने के लिए।

2013 पियरे डेलिग्ने बीजीय रेखागणित और संख्या सिद्धांत पर उसके परिवर्तनकारी प्रभाव, प्रतिनिधित्व सिद्धांत और संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए। 2012 एंड्रे जेम़ेरेडी असंतत गणित और सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान में योगदान के लिए और योज्य/संकलन संख्या सिद्धांत और एर्गोडिक सिद्धांत पर इन योगदानों के गहरा और स्थायी प्रभाव की पहचान करने के लिए। 2011 जॉन मिलनॉर टोपोलॉजी, ज्यामिति और बीजगणित में उल्लेखनीय खोजों के लिए। 2010 जॉन टेट संख्याओं के सिद्धांत पर अपने विस्तृत और स्थायी प्रभाव के लिए।

**2009 मिखाइल ग्रोमोव** ज्यामिति में क्रांतिकारी योगदान देने के लिए। 2008 जॉन जी थॉम्पसन, जैक्स टिट्स बीजगणित में गहन उपलब्धियों के लिए और विशेष रूप से आधुनिक समूह सिद्धांत को आकार देने के लिए। 2007 एस. आर. श्रीनिवास वर्धन प्रायिकता सिद्धांत में योगदान देने के लिए और विशेष रूप से बड़े विचलन के एक एकीकृत सिद्धांत बनाने के लिए।

2006 लैनर्ट कार्लसन हार्मोनिक विश्लेषण और चिकनी गतिशील प्रणालियों के सिद्धांत के लिए उनके गहन और महत्वपूर्ण योगदान के लिए।

**2005 पीटर लैक आंशिक** विभेदक समीकरणों के सिद्धांत तथा उनके कार्यान्वयन के लिए और इन समीकरणों की गणना हेतु महत्वपूर्ण योगदान के लिए। 2004 माइकल अतियाह और इसाडोर सिंगर सूचकांक प्रमेय की खोज और प्रमाण के लिए, टोपोलॉजी, ज्यामिति और उसके विश्लेषण को एक साथ लाने के लिए तथा गणित और सैद्धांतिक भौतिकी के बीच समन्वय किया।